हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



खेल

**पहली गेंद पर सबसे ज्यादा बार सिक्स, एक साथ तोड़ा कोहली-यशस्वी समेत 4 खिलाड़ी...**



देश

**तमिलनाडु में शराब की 717 दुकानों पर लगेगा ताला, सीएम विजय ने दिया आदेश**

मूल्य ₹ 2.00
कृष्ण पक्ष, उत्तर भाद्रपद, विक्रम संवत् 2083
• औरंगाबाद • बुधवार • 13 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 160 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,41,150 | ₹ 2,90,000 |

## आज का इतिहास

**1952 :** भारत की संसद के ऊपरी सदन, राज्य सभा ने अपना पहला बैठक 13 मई, 1952 को आयोजित किया। राज्यसभा देश की राजधानी दिल्ली में संसद भवन में राज्य सभा चैंबर में बैठती है।

**1998 :** भारत ने पोखरण में दो परमाणु परीक्षण किए।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार के 6 जिलों में 14 मई को 15 मिनट के लिए छाएगा अंधेरा

**पटना (नि.सं.)** । 14 मई की शाम पटना समेत बिहार के बेगूसराय, पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज में कई इलाकों में सायरन की आवाज गूंजेगी और लोगों से अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों की लाइट बंद रखने को कहा जाएगा। बिहार के इन जिलों में यह पूरा अभ्यास सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के तहत किया जाएगा। इसे लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### हिमंता बिस्वा सरमा दूसरी बार बने असम के सीएम

**गुवाहाटी (असम)(ए.)** । हिमंता बिस्वा सरमा लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री बने हैं। असम के गवर्नर लक्ष्मण आचार्य ने गुवाहाटी के खानापारा वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। हिमंता के अलावा 4 विधायकों भाजपा के रामेश्वर तेली, अजंता नेओम, एजीपी के अतुल बोरा, बीपीएफ के चरण बोरो ने मंत्री पद की शपथ ली है। इनमें दो बीजेपी और 2 सहयोगी दलों से हैं। शपथ कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत बीजेपी-एनडीए शासित राज्यों के सीएम और कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। हिमंता का पूरा परिवार भी कार्यक्रम में मौजूद रहा। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि लगातार तीसरी बार बीजेपी-एनडीए की सरकार बनने जा रही है। यह हमारे लिए एक बड़ा दिन है। असम की जनता और एनडीए के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है। इस ऐतिहासिक अवसर का गवाह बनने के लिए पूरे राज्य से लोग यहां आए हैं।

तीन मई को आयोजित हुई थी परीक्षा, जिसमें देशभर के लगभग 22.79 लाख विद्यार्थियों ने लिया था भाग

# नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द

## पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई, 6 से 8 दिनों में नई तिथि की घोषणा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोपों के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द कर दी। यह परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी, जिसमें देशभर के लगभग 22.79 लाख विद्यार्थियों ने भाग लिया था। एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने कहा कि परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जिम्मेदारी एजेंसी की है और विद्यार्थियों के हित में पुनः परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अगले 6 से 8 दिनों के भीतर नई परीक्षा तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी है। सीबीआई ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एनटीए के अनुसार भारत सरकार की मंजूरी मिलने के बाद परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया। वहीं धर्मेंद्र प्रधान से दिल्ली में मीडिया द्वारा इस मामले में सवाल पूछे गए, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### राजस्थान से खुला मामला, कई राज्यों तक पहुंचे तार

पेपर लीक मामले का खुलासा सबसे पहले सीकर से हुआ। जांच में इस नेटवर्क के तार केरल, राजस्थान और नासिक तक जुड़े होने की बात सामने आ रही है। नासिक पुलिस ने इस मामले में एक युवक को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार आरोपी वर्तमान में बीएएमएस की पढ़ाई कर रहा है और एक मेडिकल काउंसलिंग एजेंसी भी संचालित करता है। राजस्थान पुलिस की टीम भी जांच के सिलसिले में नासिक पहुंचने वाली है। जांच एजेंसियों को 7 मई की रात एक व्हिसलब्लोअर के माध्यम से सूचना मिली थी कि परीक्षा से पहले कुछ विद्यार्थियों को व्हाट्सऐप पर ऐसे प्रश्न भेजे गए थे, जो वास्तविक परीक्षा प्रश्नों से मेल खा रहे थे।

### प्रश्न बैंक के जरिए हुआ पेपर लीक

जांच एजेंसियों के अनुसार नीट का प्रश्नपत्र कथित "प्रश्न बैंक" के जरिए लीक किया गया। इसमें भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के 300 से अधिक प्रश्न शामिल थे। सभी प्रश्न हाथ से लिखे गए थे और उनकी लिखावट भी एक जैसी बताई जा रही है। जांच में सामने आया कि इस कथित प्रश्न बैंक के करीब 150 प्रश्न हूबहू परीक्षा में पूछे गए।

## बिहार में 50 से 60 लाख में सेटिंग का खुलासा

इस पूरे मामले में बिहार से बड़े सॉल्वर गैंग का खुलासा हुआ है, जहां मेडिकल कॉलेज का एक एमबीबीएस छात्र पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। अब तक इस मामले में सात लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 3 मई की रात पावापुरी थाना क्षेत्र में पुलिस वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान स्कॉर्पियो-एन और ब्रेजा जैसी दो लग्जरी गाड़ियों को रोका गया। तलाशी के दौरान कई संदिग्ध दस्तावेज, पहचान पत्र और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री बरामद हुई। मौके से तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। मुख्य आरोपी अवधेश कुमार के मोबाइल फोन की जांच में कई अहम चैट, बैंक लेन-देन और संपर्क सूत्र मिले। इसके बाद पुलिस ने मुजफ्फरपुर, जमुई और **औरंगाबाद समेत कई जिलों में छापेमारी की।** जांच एजेंसियों का मानना है कि यह नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हो सकता है और इसमें तकनीकी विशेषज्ञों से लेकर एजेंटों तक की संलिप्तता रही है। गिरफ्तार आरोपियों में हर्षराज भी शामिल है, जो एक चिकित्सक का बेटा बताया जा रहा है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर निवासी मनोज कुमार, गौरव कुमार और सुभाष कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है।



### बिहार में सक्रिय था हाईटेक सॉल्वर गैंग

बिहार के नालंदा जिले में पुलिस ने परीक्षा से पहले सक्रिय एक बड़े सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़ किया। जांच में सामने आया कि गिरोह मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पास कराने के नाम पर अभ्यर्थियों से 50 से 60 लाख रुपये तक की डील करता था। पुलिस के अनुसार, विम्स मेडिकल कॉलेज का एमबीबीएस छात्र अवधेश कुमार इस नेटवर्क का मुख्य संचालक था। गिरोह में उज्ज्वल राज उर्फ राजा बाबू, अवधेश कुमार और अमन कुमार सिंह की अहम भूमिका बताई जा रही है।

पीएम ई-बस सेवा के तहत 400 इलेक्ट्रिक बसों का होगा परिचालन

# बिहार को मिलेगी 200 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात

- अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों में यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बसों में जीपीएस ट्रैकिंग, सीसीटीवी कैमरा, पैनिक बटन, डिजिटल सूचना प्रणाली, आरामदायक सीटें होंगी।



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पीएम ई-बस सेवा फेज-II के अंतर्गत राज्य में 200 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा इस संबंध में ग्रीनसेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को लेटर ऑफ अवार्ड जारी किया गया है। एजेंसी का चयन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया है। परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में जून माह के प्रथम सप्ताह तक 200 इलेक्ट्रिक बसें आ रही है। इसके उपरांत जून माह के अंतिम सप्ताह तक इन बसों का परिचालन प्रारंभ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत बिहार में कुल 400 इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन किया जायेगा, जिससे राज्य की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नई गति एवं मजबूती मिलेगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने बताया कि पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जायेगा। ग्रीनसेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 09 मीटर श्रेणी की 200 ई-बसों की आपूर्ति, संचालन एवं रखरखाव किया जायेगा। योजना के तहत बसों का संचालन ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) मॉडल पर किया जायेगा। इन बसों के साथ आवश्यक इलेक्ट्रिक एवं सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर का भी विकास किया जायेगा, ताकि यात्रियों को निर्बाध एवं आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके।

इन अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों में यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बसों में जीपीएस ट्रैकिंग, सीसीटीवी कैमरा, पैनिक बटन, डिजिटल सूचना प्रणाली, आरामदायक सीटें एवं दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। इसके साथ ही ई-बसों के परिचालन से प्रदूषण में कमी आयेगी तथा स्वच्छ एवं हरित परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए चार्जिंग स्टेशन, बस डिपो एवं अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। इस योजना के लागू होने से आम नागरिकों को सुलभ, सुरक्षित एवं किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही निजी वाहनों पर निर्भरता कम होने से सड़क पर भीड़ एवं प्रदूषण दोनों में कमी आयेगी। राज्य सरकार का उद्देश्य बिहार में आधुनिक एवं पर्यावरण हितैषी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करना है, ताकि लोगों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान किया जा सके।

### ई-बसों के परिचालन से प्रदूषण में आयेगी कमी

इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन से राज्य में प्रदूषण के स्तर में उल्लेखनीय कमी आयेगी तथा स्वच्छ, हरित एवं टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। डीजल आधारित वाहनों की तुलना में ई-बसें पर्यावरण के लिए अधिक अनुकूल होती हैं, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी और शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता बेहतर होगी। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ऊर्जा संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 मई को बिहार समेत देशभर में मेडिकल स्टोर बंद

**निज संवाददाता | पटना**



ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री और नई दवा नीति के विरोध में बिहार समेत देशभर के केमिस्ट संगठनों ने 20 मई को एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। इस दौरान थोक और खुदरा दोनों प्रकार की दवा दुकानें बंद रहेंगी। हड़ताल के कारण मरीजों और आम लोगों को दवाइयां खरीदने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन तथा पटना केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने भी इस हड़ताल का समर्थन किया है। दवा कारोबारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण पारंपरिक मेडिकल स्टोर का कारोबार लगातार प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि नई नीतियों से छोटे दवा दुकानदारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

संगठनों की मांग है कि सरकार ऑनलाइन दवा बिक्री को नियंत्रित करने के लिए सख्त नियम लागू करे और छोटे कारोबारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करे। प्रदेश अध्यक्ष पीके सिंह और महासचिव राजेश आर्या ने बताया कि 19 मई की देर रात से ही दवा दुकानदार हड़ताल पर चले जाएंगे और 20 मई को पूरे दिन मेडिकल स्टोर बंद रखे जाएंगे। वहीं अर्जुन कुमार यादव ने सभी दवा विक्रेताओं से आंदोलन में एकजुट रहने की अपील की है। दवा कारोबारियों ने बताया कि 16 मई से 19 मई तक दुकानदार काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद 20 मई को दुकानें बंद रखकर सरकार और प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखी जाएंगी। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। केमिस्ट संगठनों ने आम लोगों से अपील की है कि वे आवश्यक दवाइयां पहले से खरीदकर रख लें, ताकि हड़ताल के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# निजी स्कूलों को सार्वजनिक करनी होगी फीस संरचना : सीएम

- निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर सख्त हुई बिहार सरकार, सीएम सम्राट चौधरी ने जारी किए नए निर्देश

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली और अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर राज्य सरकार अब सख्त कार्रवाई के मूड में दिखाई दे रही है। सम्राट चौधरी ने पूरे राज्य में शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए बड़े निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया कि निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली, अनावश्यक शुल्क और अभिभावकों के शोषण को अब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### किताब और यूनिफॉर्म खरीदने की बाध्यता खत्म



सरकार ने निजी स्कूलों द्वारा तय दुकानों से किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के दबाव पर भी रोक लगाने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार अब अभिभावक अपनी सुविधा और बजट के अनुसार किसी भी दुकान से किताबें और यूनिफॉर्म खरीद सकेंगे। स्कूल इस संबंध में किसी प्रकार का दबाव नहीं बना सकेंगे। राज्य सरकार ने उन शिकायतों को भी गंभीरता से लिया है, जिनमें फीस जमा नहीं होने पर छात्रों को परीक्षा देने, रिजल्ट लेने या अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने से रोके जाने की बात सामने आती रही है। नए निर्देशों के अनुसार यदि किसी छात्र की फीस बकाया है, तब भी उसे परीक्षा देने, रिजल्ट प्राप्त करने या शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होने से नहीं रोका जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी निजी विद्यालयों को अब अपनी पूरी फीस संरचना सार्वजनिक करनी होगी, ताकि अभिभावकों को हर प्रकार के शुल्क की स्पष्ट जानकारी मिल सके। स्कूलों को यह जानकारी अपने नोटिस बोर्ड, वेबसाइट और अन्य सार्वजनिक माध्यमों पर प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि फीस में मनमानी बढ़ोतरी और अनावश्यक शुल्क वसूली पर रोक लगाई जाएगी। अब स्कूल एडमिशन फीस, डेवलपमेंट फीस, स्मार्ट क्लास फीस और अन्य मदों में अतिरिक्त राशि वसूलने पर निगरानी रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि सरकार के निर्देशों का पालन नहीं करने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। इसके लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश से पहले त्यागराजन एस.एम. ने भी 10 अप्रैल को निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली को लेकर सख्त निर्देश जारी किए थे। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि कोई भी निजी स्कूल बिना अनुमति फीस में बढ़ोतरी न करे।

# कई जिलों में बारिश, जमुई में वज्रपात से चार की मौत, चार घायल

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार के कई जिलों में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। गया, जहानाबाद, बांका समेत कई जिलों में तेज बारिश हुई, जबकि खगड़िया और कटिहार सहित कई क्षेत्रों में दिनभर बादल छाए रहे। इधर जमुई में आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्ची समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग झुलस गए। घटना के बाद प्रभावित इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। भारतीय मौसम विभाग ने मंगलवार को बिहार के सभी जिलों में बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने बांका और जमुई जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं दरभंगा, बेगूसराय, समस्तीपुर, सहरसा और खगड़िया में आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले सात दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। कई जिलों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली गिरने को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। विभाग ने बताया कि बिहार में अब तक सामान्य से 193 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान कैमूर 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य का सबसे गर्म जिला रहा।

राज्य के किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम, बिहार में फार्मर रजिस्ट्री के दूसरे चरण की शुरुआत

# सभी किसानों की बनेगी फार्मर आईडी : विजय कुमार सिन्हा



### फार्मर आईडी किसान का पहचान पत्र

श्री सिन्हा ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री केवल एक नंबर नहीं, बल्कि किसान का पहचान पत्र है। इसके माध्यम से खाद, बीज, ऋण, फसल सहायता और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी अड़चन के सीधे किसानों के खाते तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि एग्री स्टैक बिचौलियों की भूमिका खत्म कर सरकार और किसान के बीच सीधा और मजबूत सेतु बना रहा है। साथ ही यह किसानों को उनकी जमीन और फसल उत्पादन से जुड़ी वास्तविक पहचान दिलाने में मदद करेगा।

### राज्य में 47 लाख से अधिक किसानों की बनी फार्मर आईडी

कृषि मंत्री ने बताया कि बिहार में कुल 4 करोड़ 54 लाख जमाबंदी कायम है। अब तक कृषि विभाग के पोर्टल पर 88 लाख 40 हजार किसानों का ई-केवाईसी पूरा किया जा चुका है, जिनमें से 47 लाख 85 हजार किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है। उन्होंने बताया कि अभी 40 लाख 54 हजार किसानों की फार्मर आईडी तैयार किया जाना बाकी है और सरकार का संकल्प है कि राज्य के सभी किसानों को इस डिजिटल डेटाबेस से जोड़ा जाएगा।

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ने राज्य के किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए फार्मर रजिस्ट्री के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है। कृषि भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना जिले के फुलवारीशरीफ प्रखंड के किसानों की फार्मर आईडी बनाकर अभियान का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि यह बिहार के कृषि क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण है। उन्होंने कहा कि एग्री स्टैक और फार्मर रजिस्ट्री केवल एक डिजिटल प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों को पारदर्शी और सशक्त व्यवस्था से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य तकनीक के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मंत्री ने कहा कि "जब तकनीक और किसान का मेल होगा, तभी ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बनेगी।" मंत्री ने कहा कि पहले चरण में 55 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य हासिल किया गया है, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 23 लाख 79 हजार लाभार्थियों की भी फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। श्री सिन्हा ने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों के कारण बिहार को भारत सरकार से 269 करोड़ 88 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने कृषि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के बीच बेहतर समन्वय की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूर्व में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में रहते हुए लंबित म्यूटेशन और परिमार्जन के मामलों को पोर्टल के माध्यम से तेज गति से निपटाया गया, जिसका लाभ अब फार्मर रजिस्ट्री अभियान में मिल रहा है।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) | MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने एनबीडब्ल्यू वारंटी गोपाल राजवंशी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**रजौली।** रजौली थाने की पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए काफी समय से फरार चल रहे एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को दबोच लिया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि कोर्ट से निर्गत वारंट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान करीगांव निवासी अंगद राजवंशी के पुत्र गोपाल राजवंशी के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ माननीय न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त के पैतृक आवास पर छापेमारी की गई और उसे हिरासत में ले लिया, जिसके बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए पुलिस सुरक्षा के बीच उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### रजौली पुलिस ने चितरकोली के जंगलों में अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त, भारी मात्रा में महुआ शराब बरामद

**रजौली।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने की दिशा में रजौली थाने कि पुलिस ने कार्रवाई की है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चितरकोली जंगल के बगदेवा क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध महुआ शराब के निर्माण और बिक्री के काले कारोबार का भंडाफोड़ किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना की बगदेवा जंगल में शराब का निर्माण किया जा रहा है।सूचना के सत्यापन हेतु उपेन्द्र कुमार व सशस्त्र बल के जवानों मुकेश कुमार और गोविन्द कुमार पासवान आदि के साथ टीम गठित की गई। घटनाक्रम के अनुसार सोमवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जब जंगल में कुएं के समीप स्थित एक अवैध भट्ठी पर दबिश दी, तो वहां भगदड़ मच गई और धंधेबाज जगदेव रविदास जंगल और पहाड़ों की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा, हालांकि स्थानीय स्तर पर उसकी पहचान पुख्ता कर ली गई है। मौके पर तलाशी के दौरान पुलिस ने जलती हुई भट्ठी को नष्ट करते हुए झाड़ियों में छिपाकर रखा गया करीब 12 लीटर तैयार देशी महुआ शराब बरामद किया, जिसे विधिवत जब्त कर नमूना संग्रह के पश्चात मौके पर ही नष्टीकरण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस पूरी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए वीडियोग्राफी भी कराई और अब फरार आरोपी के विरुद्ध मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी शुरू कर दी है।

### चौकीदार जितेंद्र पासवान हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत धमौल थाना में पदस्थापित चौकीदार तुर्कबन निवासी जितेंद्र पासवान हत्याकांड मामले में पुलिस ने अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तुर्कबन गांव निवासी रामशीष यादव का पुत्र निरंजन कुमार तथा धमौल मुखिया रामरूप यादव का पुत्र शशिभूषण कुमार शामिल हैं। मामले की जानकारी देते हुए धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि इस कांड में 6 नामजद एवं 8-10 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। ज्ञात हो कि बीते 10 मई की शाम चौकीदार जितेंद्र पासवान पर उस समय जानलेवा हमला किया गया था, जब वे थाना से ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे थे। रास्ते में अपराधियों ने उन पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई थी। वहीं, मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

### सड़क हादसे में 11 वर्षीय बच्ची की मौत, बाइक सवार घायल

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम हुए सड़क हादसे में 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान रुस्तमपुर गांव निवासी उदय मंडल की पुत्री सलोनी कुमारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार सलोनी कुमारी घर से शौच के लिए बधार की ओर जा रही थी। इसी दौरान कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ से रुस्तमपुर संपर्क सड़क पर तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि बाइक चालक भी जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्ची को इलाज के लिए कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया,जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। वहीं घायल बाइक चालक भोरमबाग गांव निवासी राजो मांझी के पुत्र रविंद्र मांझी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर किया गया है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बाइक को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रजौली में तेज आंधी-पानी और वज्रपात से लाखों का नुकसान

## हरदिया के एक घर में हुआ वज्रपात, छत टूटा, बाल-बाल बचे लोग और पशु



घर के समीप खड़े पीड़ित परिजन

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की सुबह तेज आंधी-पानी और वज्रपात से लाखों रुपयों का नुकसान हुआ है। हरदिया पंचायत के वार्ड संख्या 9 स्थित पुरानी हरदिया में सुबह के लगभग 6 बजे के आसपास एक मकान के ऊपर वज्रपात हुआ,जिससे मकान का छत क्षतिग्रस्त होकर टुकड़ों में बंट गया। इस दौरान मकान में रह रहे लगभग 6 लोग के अलावे लगभग एक दर्जन बकरियां बाल-बाल बच गए। जिस घर पर वज्रपात हुआ था,उसके आसपास भी कई घर हैं,जो अभी डरे सहमे हैं। पीड़ित पुरानी हरदिया निवासी जगदीश सिंह के पुत्र मनोज सिंह ने बताया कि उनके पैतृक आवास में उनके भाई सुरेंद्र सिंह के अलावे गुड़िया देवी,नीरज सिंह,सूरज कुमार,लक्ष्मी कुमारी व धीरज कुमार रहा करते थे। मंगलवार को सुबह जब बारिश बंद हुई,तो लोग जैसे ही बाहर निकले थे कि फिर से बारिश के साथ वज्रपात हुई,घर के बच्चे डर के मारे कोने में जा छुपे,जिससे उनलोगों की जान बच गई। सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि घर में सभी लोग होते,तो कई लोगों के साथ अप्रिय घटनाएं घटित हो सकती थी। बारिश के बाद बकरियों को भी बाहर निकालकर बांध दिया गया था। वज्रपात होने से घर की छत में रहे दर्जनों करकट टूटकर जमीन पर गिर गए,इससे मकान छत्तविहीन हो गया है। वज्रपात के कारण जमीन में गड्ढे भी हो गए हैं। पीड़ित ने अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर मुआवजे की गुहार लगाई है। इस संबंध में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि वज्रपात में हुई मकान क्षतिग्रस्त को लेकर आपदा प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार के मुआवजे का प्रावधान नहीं है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लोगों से बारिश और मेघगर्जन के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है।

◆ लगभग एक दर्जन बकरियां बाल-बाल बच गए

# रजौली के निमाटांड विद्यालय में प्रतिभा सम्मान और स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन

**प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने बिखेरी अपनी कला की चमक, चिकित्सा दल ने परखा बच्चों का स्वास्थ्य**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राएं

**रजौली।** नवादा जिले के रजौली प्रखंड अंतर्गत रजौली पूर्वी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाटांड में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर एक बहुआयामी प्रतियोगिता और स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 5 तक के लगभग 100 बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता का मुख्य केंद्र बच्चों का परिधान, केश सज्जा, विद्यालय के प्रति उनकी सहभागिता, अधिकतम उपस्थिति और हस्तकला कौशल रहा। स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस स्पर्धा में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

प्रतियोगिता के परिणामों में बालक वर्ग से अमित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की, जबकि सत्यम कुमार द्वितीय, मनीष कुमार तृतीय और अंकुश कुमार चतुर्थ स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में निहारिका कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दीपिका कुमारी को दूसरा, सपना कुमारी को तीसरा और तन्नू कुमारी को चौथा स्थान मिला। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद, अनोज कुमार और मंजू कुमारी ने विजेता छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और पूरे विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहा।

शिक्षा के साथ स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल रजौली से आए चिकित्सा दल ने एक विशेष हेल्थ चेकअप कैंप का संचालन किया। डॉक्टर मोहम्मद शमीम अंसारी, डॉक्टर अमित कुमार और एएनएम कुमारी संगीता ने विद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का सूक्ष्म परीक्षण किया। चिकित्सा टीम ने न केवल बच्चों की जांच की, बल्कि अभिभावकों और छात्रों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और जीवनशैली से जुड़ी सलाह भी दी। चिकित्सा दल ने विद्यालय के शैक्षणिक परिवेश और गतिविधियों की सराहना करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के बाल संसद के सदस्यों ने प्रधानाध्यापक से हर महीने ऐसी पाठ्य सहगामी गतिविधियां आयोजित करने का विशेष अनुरोध किया। बच्चों के इस सकारात्मक उत्साह को देखते हुए प्रधानाध्यापक ने सहर्ष उनके प्रस्ताव को स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि विद्यालय में हर माह इस तरह के रचनात्मक क्रियाकलाप आयोजित किए जाएंगे।

## नरहट के बिहारी बिगहा में वज्रपात से महिला की मौत, गांव में पसरा मातम



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा):** मंगलवार की शाम आई हल्की आंधी और बारिश के दौरान हुए वज्रपात की घटना में नरहट प्रखंड के बिहारी बिगहा गांव की एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बिहारी बिगहा गांव निवासी मुन्नी यादव की 45 वर्षीय पत्नी गिरजा देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार गिरजा देवी गांव के रेलवे लाइन की ओर अपनी भैंस लाने गई थीं। इसी दौरान अचानक तेज वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए नरहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मृतका अपने पीछे छह पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गई हैं। घटना की जानकारी के बाद उपमुखिया अमिताभ कुमार शोकाकुल परिवार से मिलकर सान्त्वना दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में सोमवार की रात्रि हाथियों के झुंड ने कई जगहों पर जमकर उत्पात मचाया,जिसमें एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई तथा कई घरों को नुकसान पहुंचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिन्दीचक फुसबंग्ला,टोला आजादनगर निवासी राजाराम पासवान (55 वर्ष),पिता स्व० लखन पासवान की मौत पागल हाथी द्वारा कुचल दिए जाने से हो गई। बताया जाता है कि देर रात जंगल से निकले हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर गया। इसी दौरान हाथी ने राजाराम पासवान को अपनी चपेट में ले लिया और बुरी तरह कुचल दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हाथियों द्वारा सोमवार की रात्रि अचानक किये गए हमले से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बन गया। वहीं घटना से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को भलुआही बाजार के समीप कौआकोल–रोह मुख्य पथ को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा,हाथियों से सुरक्षा तथा स्थायी समाधान की मांग प्रशासन से की। सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाकर जाम हटवाने का प्रयास किया। बाद में कौआकोल रेंजर सौरभ सांडिल्य ने जाम स्थल पर पहुचंकर लोगों को समझाया बुझाया एवं बीस हजार रुपये नगद आर्थिक सहायता राशि देकर वन विभाग द्वारा हर सम्भव सहायता देने का भरोसा दिलाया। तब जाकर आक्रोशित ग्रामीण मानें और लगभग दो घण्टे बाद सड़क जाम हटा। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया।

# औचक निरीक्षण में 10 में से बंद मिले दो आंगनबाड़ी केंद्र

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ कुछ केंद्रों पर सेविका, तो कुछ पर सहायिका नदारद

◆ सेविका-सहायिका से स्पष्टीकरण तलब,सीडीपीओ ने कहा-लापरवाही पर होगी कार्रवाई



बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र के साथ महिला पर्यवेक्षक

**रजौली।** नगर पंचायत रजौली स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में मंगलवार को हुई औचक जांच में बड़ी लापरवाही सामने आई है। सीडीपीओ सीता कुजूर के निर्देश पर महिला पर्यवेक्षक रीता कुमारी ने सुबह 8 से 9 बजे के बीच विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान महसई टोला के दो आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह बंद मिले। कई जगहों पर सेविका और सहायिका भी नदारद थीं। निरीक्षण टीम ने कुल दस आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की। रजौली नगर पंचायत अंतर्गत महसई टोला-1 कोड संख्या-131 में सेविका पुष्पा कुमारी और सहायिका सुबह 8 बजे गायब मिलीं। केंद्र बंद पाया गया। वहीं महसई टोला-2 कोड संख्या-132 में सेविका रेनू कुमारी और सहायिका सोना देवी नदारद थीं। यह केंद्र भी पूरी तरह बंद मिला। इसके अलावा महसई टोला-3 और 4 के केंद्रों की भी जांच की गई। सीडीपीओ सीता कुजूर ने बताया कि अनियमितता और मनमानी बरतने पर संबंधित सेविका और सहायिका से स्पष्टीकरण मांगा गया है। दो दिनों के भीतर जवाब नहीं देने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सेविका, सहायिका और पोषण सखी के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोषी कर्मियों का एक दिन का मानदेय काटा जाएगा और स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सेविकाओं को विशेष निर्देश दिए। बच्चों को समय-समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, केंद्रों में साफ-सफाई रखने और बच्चों की देखभाल व शिक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। सीडीपीओ ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्य संचालन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना और बच्चों, गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। बाल विकास परियोजना कार्यालय ने सभी सेविकाओं को समय पर केंद्र संचालन और सेवाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं।

# रजौली में बाल संरक्षण को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित, जनप्रतिनिधियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




प्रखंड सभागार में बीडीओ, बीपीआरओ, एसआई व सीडीपीओ

**रजौली।** रजौली प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ संजीव झा के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर जनप्रतिनिधियों को जागरूक करना था। इस दौरान सीडीपीओ सीता कुजूर, बीपीआरओ हरिमोहन कुमार, बीएओ रौशन कुमार एवं एसआई कन्हैया लाल मौजूद रहे। साथ ही भारतीय जन उत्थान परिषद के अल्पन कुमार व इंद्रजीत कुमार ने भी भाग लिया। बैठक में बाल श्रम, बाल विवाह, बच्चों की तस्करी और शिक्षा से वंचित बच्चों जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ संजीव झा ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने पंचायतों में बाल संरक्षण को लेकर सतत निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें।सीडीपीओ सीता कुजूर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण और देखभाल पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में सभी को बाल संरक्षण अधिनियम और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को समन्वय बनाकर काम करना होगा। बैठक में धमनी पंचायत के मुखिया विनोद कुमार, हरदिया पंचायत के मुखिया पिंटू साव, चितरकोली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि और कर्मी उपस्थित रहे।

# बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**03 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण**




**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत 03 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया।

प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में कृष्णा कुमार द्वारा विद्युत विपत्र में अंकित पते में आवश्यक सुधार करने के संबंध में, बिन्दा प्रसाद निराला द्वारा प्राथमिक विद्यालय सहगाजीपुर (नरहट) से विद्यालय विकास की राशि का गबन करने तथा विद्यालय की बैंक पासबुक एवं विद्यालय की कैश बुक गायब कर देने के संबंध में, नंदन कुमार द्वारा भूमि की विवरणी ऑनलाइन प्रविष्टि करते हुए ऑनलाइन जमाबंदी कायम करने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

## जीविका की पूर्व सीएम पर 15.32 लाख रुपये गबन का आरोप, चार वर्षों से फरार



थाना परिसर में आवेदन के साथ जीविका दीदी व एरिया कॉर्डिनेटर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ धरोहर जीविका महिला विकास समिति में सरकारी राशि हड़पने का मामला उजागर, रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज

**रजौली।** रजौली प्रखंड अंतर्गत बहादुर पंचायत के ग़ैरिबा गांव स्थित धरोहर जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड में 15 लाख 32 हजार 780 रुपये की सरकारी राशि गबन का मामला सामने आया है। आरोप जीविका की पूर्व सीएम पूजा कुमारी पर है, जो 2022 से ही फरार बताई जा रही है। इस संबंध में धरोहर जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड अंधरवारी की अध्यक्ष रेखा देवी, फुलवा देवी और एरिया कॉर्डिनेटर पिंटू कुमार ने रजौली थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में ग़ैरिबा गांव की पूर्व सीएम पूजा कुमारी की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि संध्या जीविका महिला ग्राम संगठन, गरीबा के अंतर्गत संचालित समूहों की सरकारी राशि का गलत तरीके से गबन किया गया। आवेदनकर्ताओं के अनुसार वर्ष 2015 से 2022 तक संगठन के बैंक खाते का संचालन किया गया। इस दौरान सरकारी योजनाओं की राशि के दुरुपयोग की आशंका जताई गई है। महिलाओं का आरोप है कि समूह की राशि का इस्तेमाल निजी लाभ और अन्य कार्यों में किया गया। आवेदन में कहा गया है कि मामले की जानकारी पूर्व में संबंधित विभाग और अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने बैंक खाता, पासबुक, निकासी विवरण और अन्य संबंधित दस्तावेजों की जांच कर सरकारी राशि के दुरुपयोग का खुलासा करने को कहा है। आवेदन पर रेखा देवी, उषा देवी समेत कई महिलाओं के हस्ताक्षर हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगी। गांव से फरार जीविका की पूर्व सीएम पूजा कुमारी ग़ैरिबा गांव निवासी ललन प्रसाद की बेटी है,जो मायके में रहकर सीएम पद पर कार्यरत थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिनदहाड़े बाइक की चोरी, पीड़ित ने शोरूम के बाहर बाइक खड़ी की थी, वापस लौटे तो नहीं मिली गाड़ी

**गया।** गया शहर में दिनदहाड़े बाइक चोरी हो गई। घटना केएल गुप्ता शोरूम के पास हुई, जहां एक हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक चुरा ली गई। चोरी की पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के रामशिला मोड़ निवासी मुकेश प्रसाद सोमवार शाम अपनी बाइक (BR02CA 6206) शोरूम के बाहर खड़ी कर किसी काम से अंदर गए थे। जब वे वापस लौटे, तो उनकी बाइक गायब मिली। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर एक युवक बाइक चोरी करते हुए दिखाई दिया। फुटेज में चोर बड़ी आसानी से मौके पर पहुंचा और कुछ ही मिनटों में बाइक लेकर फरार हो गया। घटना के बाद बाइक मालिक मुकेश प्रसाद ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और बाइक बरामद करने और चोर को गिरफ्तार करने की मांग की। सिविल लाइन थाना अध्यक्ष ने बताया कि बाइक चोरी का आवेदन मिला है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। फुटेज में दिख रहे युवक की पहचान की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। चोरी गई बाइक को भी बरामद करने का प्रयास जारी है।

### 'डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स मीट-2026' का होगा आयोजन, राज्यस्तरीय मुकाबले के लिए चुने जाएंगे खिलाड़ी



**गयाजी।** गयाजी में 20 और 21 मई को 'डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स मीट-2026' का आयोजन किया जाएगा। जिला एथलेटिक्स संघ बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता में जिले के स्कूलों, क्लबों और विभिन्न खेल संस्थानों से जुड़े खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। खास बात यह है कि इस मीट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा। संघ के इस फैसले से खिलाड़ियों में उत्साह बढ़ा है। लंबे समय से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने की मांग उठ रही थी। अब एथलेटिक्स संघ ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रतियोगिता की रूपरेखा तय कर दी है। जिला सचिव जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गया के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान दिलाना और उन्हें बड़े स्तर तक पहुंचाना है। प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। इसमें अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20, अंडर-23 के साथ मेन्स और विमेन्स वर्ग को शामिल किया गया है। यानी छोटे खिलाड़ियों से लेकर युवा और सीनियर खिलाड़ी तक अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकेंगे। दो दिवसीय इस खेल आयोजन में ट्रैक और फील्ड दोनों तरह की प्रतियोगिताएं होंगी। खिलाड़ियों के लिए 60 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 3000 मीटर दौड़ रखी गई है। लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक और भाला फेंक जैसी स्पर्धाएं भी होंगी। इससे खिलाड़ियों को अपनी पसंद के खेल में खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। संघ ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। 18 मई 2026 तक खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। प्रति खिलाड़ी 200 रुपये शुल्क तय किया गया है। ऑनलाइन शुल्क जमा करने के बाद पंजीकरण फॉर्म की सॉफ्ट कॉपी मोबाइल नंबर 7870974337 पर भेजनी होगी। जिला एथलेटिक्स संघ ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, खेल शिक्षकों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों से अपील की है कि वे समय पर पंजीकरण कराएं।

### डीटीओ ऑफिस के पास मिला कारपेंटर का शव, भाई ने लगाया पीट-पीटकर हत्या का आरोप



**नालंदा।** नालंदा में डीटीओ ऑफिस के पीछे सोमवार देर रात एक युवक का शव मिला है। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने की आशंका जताई है। मृतक की पहचान सोहसराय के मंसूरनगर निवासी चंदू मिस्त्री के पुत्र राजीव कुमार (20) के रूप में हुई है। वर्तमान में अपने ननिहाल देवीसराय में रहकर कारपेंटर का काम कर रहा था। भाई राजा कुमार आरोप लगाते हुए कहा कि पीट-पीटकर हत्या की गई है। कान से खून बह रहा था और शरीर पर चोट के निशान थे। कुछ दोस्तों के साथ घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र की है। इसी बीच मामले में एक नया मोड़ तब आया जब सोनी देवी नामक एक युवती ने खुद को मृतक की पत्नी बताते हुए कई सनसनीखेज खुलासे किए। सोनी देवी का कहना है कि वर्ष 2021 में राजगीर के एक मंदिर में उन दोनों ने प्रेम विवाह किया था, जिसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। घटना के दिन दोनों ने देवीसराय मोड़ के पास मुलाकात की थी और साथ में गोलगप्पे भी खाई थी। युवती का दावा है कि देर शाम करीब सवा छह बजे जब उसने राजीव को फोन किया, तो उसने घबराहट होने की बात कही और मिलने बुलाया। काफी खोजबीन के बाद रात करीब 10 बजे राजीव का एक दोस्त मिला, जिसने बताया कि वह खेत की तरफ गया है। जब वहां पहुंची तो राजीव बेसुध पड़ा था और उसके कान से खून निकल रहा था। उसने मदद के लिए आसपास के घरों के दरवाजे खटखटा है लेकिन किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। इसके बाद वह दौड़कर मुख्य सड़क पर आई, जहां से गुजर रही पुलिस को उसने जानकारी दी। इधर, पुलिस का इस मामले पर अलग ही पक्ष सामने आ रहा है। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि घटनास्थल से नशीले इंजेक्शन और प्रतिबंधित दवाओं के रैपर बरामद किए गए हैं। शुरुआती जांच और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस इसे नशे के ओवरडोज के कारण हुई मौत का मामला मान रही है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि प्रथम दृष्टया यह ड्रग्स के अत्यधिक सेवन का मामला प्रतीत होता है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। सभी बिंदुओं पर गहनता से छानबीन कर रही है। परिजनों की ओर से आवेदन दिए जाने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मगध रेंज के नए आईजी विकास वैभव ने संभाला पदभार बोले- एफआईआर दर्ज न करने वालों पर होगी कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता







**गया।** आइपीएस अफसर विकास वैभव ने मंगलवार को मगध रेंज के आईजी के रूप में पदभार ग्रहण किया। गयाजी में उनकी वापसी पर प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सर्किट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वे मगध प्रमंडल रेंज कार्यालय पहुंचे और विधिवत अपना कार्यभार संभाला। आईजी कार्यालय पहुंचने पर राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता और बुके देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समर्थक, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। विकास वैभव की नियुक्ति को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। वे पहले भी गया और मगध क्षेत्र में अपनी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं।

**विकास वैभव बोले- अपराध नियंत्रण, आम जनता में विश्वास बहाल करना पहला उद्देश्य:** पदभार ग्रहण करने के बाद आईजी विकास वैभव ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता अपराध नियंत्रण और आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बहाल करना है। उन्होंने इसे अपना सौभाग्य बताया कि उन्हें एक बार फिर गया की सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप, अपराध पर नियंत्रण और जनता का विश्वास बढ़ाने की दिशा में पूरी मजबूती से काम किया जाएगा। आईजी ने पुलिसिंग में निष्पक्षता को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**'अगर पीड़ित की शिकायत थाने में नहीं सुनी, तो ये गंभीर मामला':** थाना में आवेदन न लेने और एफआईआर दर्ज न करने के सवाल पर उन्होंने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि यदि किसी पीड़ित की शिकायत नहीं सुनी जाती है, तो इसे गंभीर मामला माना जाएगा। आईजी विकास वैभव ने 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति थाना में एफआईआर दर्ज कराने आता है, तो प्राथमिकी हर हाल में दर्ज होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उन्हें ऐसी शिकायत मिलती है कि आवेदन नहीं लिया गया या पीड़ित को परेशान किया गया, तो संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस विभाग में फैले भ्रष्टाचार, अवैध वसूली पर सख्त दिखे:** विकास वैभव ने पुलिस विभाग में फैले भ्रष्टाचार और अवैध वसूली पर भी कड़ा संदेश दिया। उन्होंने साफ कहा कि अगर पुलिसकर्मियों द्वारा किसी प्रकार की अवैध वसूली की शिकायत सामने आती है तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इतना ही नहीं, यदि किसी थाना प्रभारी की संलिप्तता भी सामने आती है तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। मीडिया ने जब बेगूसराय कोर्ट के उस आदेश को लेकर सवाल पूछा, जिसमें उनके नाम का उल्लेख करते हुए जांच की बात कही गई थी, तब आईजी विकास वैभव ने कहा कि न्यायालय के आदेश का वे पूरा सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक आदेश उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन यदि न्यायालय उन्हें जांच की जिम्मेदारी सौंपता है तो वे पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपना दायित्व निभाएंगे।

**मगध क्षेत्र से पुराने जुड़ाव को लेकर भी चर्चा की:** शेखपुरा के पूर्व डीएम के घर से कार चोरी के मामले को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि गया और मगध क्षेत्र से उनका पुराना जुड़ाव रहा है। वर्ष 2005 में जब मगध क्षेत्र नक्सल प्रभावित इलाकों में गिना जाता था, उस समय भी उनकी पोस्टिंग गया में रही थी। उस दौरान उन्हें क्षेत्र के कई थानों में जाने और यहां की परिस्थितियों को करीब से समझने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक गया और मगध क्षेत्र में काम करने के कारण यहां के लोगों, सामाजिक परिस्थितियों और पुलिस व्यवस्था से वे भली-भांति परिचित हैं। यही कारण है कि वे यहां की चुनौतियों और जरूरतों को बेहतर तरीके से समझते हैं। आईजी विकास वैभव ने मगध क्षेत्र की जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि लोग निर्भीक होकर अपनी समस्याएं पुलिस के सामने रखें। पुलिस हर संभव सहायता करेगी और अगर कहीं पुलिस की ओर से लापरवाही या अन्याय की शिकायत मिलेगी तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## महिला आरक्षण लागू कराने को कांग्रेस का पोस्टकार्ड व हस्ताक्षर अभियान शुरू

### ओबीसी महिलाओं को भी मिले उचित हिस्सेदारी-शिल्पी अरोड़ा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वजीरगंज।** दखिनगांव टोला सिंदुआरी के सामुदायिक भवन में मंगलवार को कांग्रेस ने महिला आरक्षण लागू कराने के लिए पोस्टकार्ड एवं हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता शिल्पी अरोड़ा ने कहा कि 2023 में संसद से महिला आरक्षण बिल पारित हो चुका है, लेकिन जनगणना के नाम पर केंद्र सरकार इसे लागू नहीं कर रही। उन्होंने मांग की कि आरक्षण में ओबीसी महिलाओं की उचित भागीदारी सुनिश्चित हो।

शिल्पी अरोड़ा ने कहा कि कांग्रेस अब गांव-घर तक अभियान ले जाएगी। 10 लाख 30 हजार बूथों से महिलाएं पोस्टकार्ड के जरिए प्रधानमंत्री तक अपनी मांग भेजेंगी। साथ ही हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार सामाजिक न्याय की धरती रही है। गया से महिलाएं अपने हक की आवाज बुलंद करेंगी। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अब गाड़ियां न चलाने व सोना न खरीदने की सलाह देकर पेट्रोल के दाम बढ़ाने की तैयारी है। महिलाओं के फैसलों पर सरकार का नियंत्रण नहीं होना चाहिए। मौके पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. पिंकी कुमारी, रेनको श्राफ, किमसरो देवी, बिन्दीया देवी समेत दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही |

## नींबू के लिए 12 साल के बच्चे की पीट-पीटकर हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा।** नालंदा के सकरावां गांव में मंगलवार को नींबू लेने के विवाद में 12 साल के बच्चे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद तत्काल घटना की सूचना स्थानीय अस्थावां थाना की पुलिस को दी गई। जब तक पुलिस गांव में पहुंचती, मृतक के परिजन लाश को लेकर आरोपी के घर की ओर जाने लगे। आरोपी के घर पहुंचने से पहले पुलिस गांव में पहुंची और आक्रोशित परिजन और गांव के लोगों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान आक्रोशितों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए लाठियां चटकाई। हालात को देखते हुए सकरावां गांव में 12 थानों की पुलिस को बुलाना पड़ा। फिलहाल, हालात काबू में हैं। मृत बच्चे की लाश और उसके परिजन समेत गांव के कुछ अन्य लोगों को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में रखा है। सदर डीएसपी नुरुल हक मौके पर कैंप कर रहे हैं।

मृत बच्चे की पहचान राजकुमार पासवान के बेटे शुभम कुमार उर्फ झगड़ू के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना से ठीक पहले झगड़ू गांव के अन्य बच्चों के साथ कंचा खेल रहा था। पास में ही नींबू का एक पेड़ था। तेज हवा चलने से पेड़ से एक नींबू गिरा, जिसे बच्चे ने उठा लिया। इससे नाराज नींबू के पेड़ के मालिक गोरख मियां ने बच्चे पर लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपी की ओर से किए गए हमले में बच्चा लहूलुहान हो गया। उसके सिर से खून बहने लगा। जानकारी के बाद बच्चे के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे लेकर बिहारशरीफ अस्पताल के लिए निकले, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत की खबर के बाद गांव के लोग उसकी लाश लेकर वापस आए और आरोपी के घर जाने की कोशिश करने लगे।

**गांव की महिला बोली- जब तक बदला नहीं लेते, शांत नहीं रहेंगे:** राबड़ी देवी ने बताया कि गिरे हुए नींबू के उठाने को लेकर बच्चे की हत्या कर दी गई। अगर आरोपी को शिकायत थी तो उसका पैसा ले लेता, लेकिन बच्चे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बच्चे के अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। राबड़ी देवी ने बताया कि पुलिस ने हम लोगों की पिटाई की। गांव की महिलाओं पर लाठियां बरसाई है। महिला ने बताया कि जब तक बच्चे की हत्या का बदला नहीं ले लिया जाता, तब तक हम लोग शांत नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि आरोपी गोरख मियां ने बच्चे की इस तरह से पिटाई की कि उसका सिर फट गया था, लगातार खून निकल रहा था।

ग्रामीण गौरव ने बताया कि दोपहर के समय जब सब सो रहे थे, तभी शुभम कुमार उर्फ झगड़ू पास में घर के पास नींबू खाने गया था। वहां उस पर हमला किया गया। मेरे छोटे भाई ने भागकर घर पर जानकारी दी कि शुभम की गोरख मियां पिटाई कर रहा है। जब चाची और अन्य परिजन उसे लेकर अस्पताल के लिए निकले, तो मसीदपुर पार करते ही रास्ते में बच्चे ने दम तोड़ दिया। घटना के समय घर के पुरुष सदस्य मौजूद नहीं थे। बाद में करीब 10 पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घर का दरवाजा खोलने के लिए दबाव बनाया और इस दौरान अचानक लाठीचार्ज कर दिया, जिससे मेरी भाभी के हाथ में चोट आई है। वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नालंदा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पासवान मुकुल ने इस मामले में शामिल आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक बच्चे का क्या दोष था? उसे जानबूझकर निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मिले। दोषियों की गिरफ्तारी में देरी हुई या मामले को दबाने की कोशिश की गई, तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी।

## 1 जून से होगी अग्निवीर भर्ती परीक्षा, दक्षिण बिहार के 11 जिलों से 38 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी।** भारतीय सेना भर्ती कार्यालय, गयाजी ने अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026 के लिए कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (CEE) की तिथियों की घोषणा कर दी है। दक्षिण बिहार के 11 जिलों से कुल 38,040 अभ्यर्थियों ने इस भर्ती प्रक्रिया में पंजीकरण कराया है। परीक्षा 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। भर्ती कार्यालय के अनुसार, अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक संचालित की गई थी। इसमें कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, गया, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय और जमुई जिले के युवाओं ने आवेदन किया।

**जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा एडमिट कार्ड:** कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (CEE) के एडमिट कार्ड जल्द ही भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट Join Indian Army पर जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा तिथि, केंद्र और अन्य आवश्यक सूचनाओं के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें। परीक्षा के संबंध में भर्ती कार्यालय ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। सभी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड की प्रिंटेड प्रति और एक वैध फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। इनके बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। भर्ती कार्यालय ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने का आग्रह किया है, ताकि सुरक्षा जांच और अन्य औपचारिकताओं में कोई परेशानी न हो। एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

## पटना लाठीचार्ज के खिलाफ मगध विश्वविद्यालय में उबाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**छात्रों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला फूंका, राजधानी में छात्रों पर कार्रवाई का किया विरोध**

**गयाजी।** पटना में चार दिन पहले TRE-4 अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ मंगलवार को मगध विश्वविद्यालय में छात्रों ने विरोध जताया। मगध विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर विभिन्न छात्र संगठनों ने संयुक्त रूप से जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने बिहार सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया और शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन में शामिल छात्रों का कहना था कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी, रिजल्ट में देरी और प्रतियोगी छात्रों पर पुलिसिया कार्रवाई अब आम बात हो गई है। छात्रों ने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है और अपनी विफलताओं को दबाने के लिए आवाज उठाने वालों पर लाठी बरसा रही है। छात्र नेताओं ने कहा कि बिहार की परीक्षा प्रणाली लगातार अविश्वास के संकट में है। एक भी परीक्षा पारदर्शी तरीके से कराने में सरकार सफल नहीं दिख रही। शिक्षा व्यवस्था भ्रष्टाचारियों और दलालों के हवाले हो चुकी है। इसका खामियाजा लाखों छात्र भुगत रहे हैं।

**छात्र संगठन के संयोजक बोले- स्टूडेंट्स हक और भविष्य की लड़ाई लड़ रहे:** इंकलाब छात्र संगठन के संयोजक दीपक कुमार दांगी ने कहा कि छात्र अपने हक और भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी आवाज सुनने के बजाय दमन कर रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र विरोधी करार देते हुए कहा कि छात्रों के सम्मान पर हमला किसी कीमत पर स्वीकार नहीं होगा। संगठन के संरक्षक कमलेश यादव ने साफ चेतावनी दी कि अगर सरकार छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश करेगी तो छात्र-युवा सड़क से लेकर सदन तक बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे। NSUI मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनू ने कहा कि बिहार का छात्र पहले ही बेरोजगारी, पेपर लीक और बदहाल परीक्षा व्यवस्था से परेशान है। सरकार को लाठीचार्ज कराने के बजाय शिक्षा व्यवस्था सुधारनी चाहिए।

**AISA के सदस्य ने कहा- छात्र दमन से डरने वाले नहीं हैं:** AISA के सक्रिय सदस्य विकास यादव ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्र दमन से डरने वाले नहीं हैं। सरकार अपनी नाकामी छुपाने की कोशिश कर रही है, लेकिन छात्र एकजुट होकर जवाब देंगे। प्रदर्शन में राजेश यादव, अशोक यादव, विक्रम कुमार, अमित कुमार, अभिषेक राठौर, रवि कुमार, टीपू सुल्तान, सुजीत समेत सैकड़ों छात्र मौजूद रहे। छात्र संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की बिना शर्त रिहाई, दमनात्मक रवैये पर रोक और शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन आने वाले दिनों में और उग्र होगा।

## पेट्रोल-डीजल बचाने, सोन न खरीदने की अपील पीएम की विफलता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**♦ कांग्रेस नेता बोले- प्रधानमंत्री चुनावों में आर्थिक स्थिति छिपाते रहे, जनता को उपदेश देना नाकामी का प्रमाण**

**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देशवासियों से अगले एक साल तक सोना न खरीदने, विदेश यात्रा न करने, पेट्रोल-डीजल की बचत करने की अपील केंद्र सरकार की विफलता का प्रमाण है। गयाजी में मंगलवार को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू ने ये बातें कही। प्रोफेसर विजय कुमार ने कहा कि पिछले दो महीनों से कांग्रेस पार्टी संसद से लेकर सड़क तक महंगाई, एलपीजी गैस, पेट्रोल-डीजल और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठा रही थी। उन्होंने बताया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं ने जनता की परेशानियों को प्रमुखता से उठाया, लेकिन केंद्र सरकार ने विपक्ष के आरोपों को उस समय खारिज कर दिया था।

**कांग्रेस नेता बोले- चुनावों के दौरान वास्तविक स्थिति छिपाती रही केंद्र सरकार:** कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान केंद्र सरकार वास्तविक आर्थिक स्थिति को छिपाने में लगी रही। चुनाव के खत्म होते ही प्रधानमंत्री की ओर से जनता से बचत और कटौती की अपील यह दर्शाती है कि देश आर्थिक दबाव और संसाधनों की कमी की स्थिति से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि अब सरकार जनता को यह बताने लगी है कि क्या खरीदना चाहिए और क्या नहीं, कितना पेट्रोल खर्च करना चाहिए और कहां यात्रा करनी चाहिए, जो एक चिंताजनक स्थिति है।

**'पीएम मोदी के 12 साल के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था कमजोर हुई है':** प्रोफेसर मिट्ठू ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था कमजोर हुई है और आम लोगों पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ा है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि सरकार अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए हर बार जनता पर ही बोझ डाल देती है, जबकि इसकी जवाबदेही केंद्र सरकार की होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने विदेश नीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के बीच वर्षों पुरानी मित्रता रही है, लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार अमेरिका के दबाव में निर्णय लेती हुई प्रतीत हो रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 22 लीटर देसी शराब को पुलिस ने किया बरामद

**बिक्रमगंज** : सूर्यपुरा थाना की पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बलिहार महादलित बस्ती में छापेमारी कर 22 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया । हालांकि पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज मौके से फरार हो गया । मामले में पुलिस ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कर कारोबारी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी तेज कर दी है । थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बलिहार महादलित बस्ती में कार्रवाई की । छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में शराब बनाने के लिए तैयार करीब 2 हजार लीटर महुआ पास भी बरामद किया गया । पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में मौके पर ही पूरे महुआ पास को विनष्ट कर दिया गया । थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें संलिप्त लोगों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है ।

### कटिहार में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य धार्मिक आयोजन होगा

**कटिहार**। कटिहार नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 03 छिटाबाड़ी हनुमान मंदिर में आगामी 15 मई दिन शुक्रवार से 18 मई सोमवार तक शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 15 मई को कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 16 मई को जल और दुग्ध अधिवास का आयोजन होगा। 17 मई को बेलपत्र, पुष्प, धूप एवं दीप अधिवास संपन्न कराया जाएगा। इसके बाद 18 मई को विधिवत मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा एवं अन्य फल-फूल अधिवास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही 18 मई को छिटाबाड़ी स्थित शांति पैलेस में एक दिवसीय शिव गुरु महोत्सव का भी आयोजन होगा, जो दोपहर 11 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### महापौर ने जनता दरबार में सुनीं 46 फरियादियों की समस्याएं

**कटिहार**। नगर निगम कटिहार में महापौर ऊषा देवी अग्रवाल की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। नगर निगम स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में कुल 46 फरियादियों ने अपनी समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं। महापौर ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देने का निर्देश दिया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सड़क एवं नाला निर्माण, बिजली पोल और स्ट्रीट लाइट, रास्ता एवं अतिक्रमण विवाद, नालों की साफ-सफाई तथा सड़क अतिक्रमण से जुड़े मामलों की शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। महापौर ने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा शहर की साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान महापौर ने पिछले जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की और संबंधित मामलों की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान की पहल पर संतोष व्यक्त किया।

### ब्लैकआउट मॉकड्रिल, शाम 7 बजे से 15 मिनट तक बंद रहेंगी सभी लाइटें

**कटिहार**। नागरिक सुरक्षा इकाई, कटिहार द्वारा आगामी 14 मई 2026 को संध्या 07:00 बजे से 07:15 बजे तक हवाई हमला एवं ब्लैकआउट का मॉकड्रिल आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी-सह-उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा, कटिहार प्रद्युम्न सिंह यादव द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आम नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है। जारी सूचना के अनुसार, मॉकड्रिल के दौरान पूरे क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति बनाई जाएगी। इस दौरान लोगों से अपने घरों, दुकानों एवं गोदामों की सभी लाइटें तथा बिजली से चलने वाले उपकरण जैसे जेनरेटर, इन्वर्टर, बैट्री, वाहनों की हेडलाइट, टॉर्च आदि बंद रखने को कहा गया है। साथ ही घरों की खिड़कियों एवं रोशनदानों को पर्दे से ढकने का निर्देश दिया गया है ताकि किसी प्रकार की रोशनी बाहर न जाए। प्रशासन ने लोगों से खुले में मोबाइल की फ्लैशलाइट, टॉर्च, दिया-लालटेन या अन्य प्रकाश उपकरणों का उपयोग नहीं करने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह केवल एक सुरक्षा अभ्यास है, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट से बचें। मॉकड्रिल के दौरान सायरन बजाकर लोगों को संकेत दिया जाएगा। रुक-रुक कर बजने वाला सायरन संभावित हवाई खतरे का संकेत होगा, जबकि लगातार दो मिनट तक बजने वाला सायरन खतरा समाप्त होने का संकेत देगा। प्रशासन ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में जिला कंट्रोल रूम क फोन नंबर 06452-239026, 06452-239025, 06452-242400 तथा नागरिक सुरक्षा कंट्रोल रूम नंबर 06452-230501 पर संपर्क किया जा सकता है। नागरिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा प्रशिक्षित स्वयंसेवक एवं वार्डेन इस दौरान आम लोगों को सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण एवं सहायता उपलब्ध कराएंगे।

### मुखिया ने पुलिस अधीक्षक से बस्तौल चौक स्थित पुलिस नाका में एसआई की प्रतिनियुक्ति करने की किया मांग

**कटिहार**। पुलिस अधीक्षक कटिहार के कार्यालय में बस्तौल पंचायत के मुखिया मो. मुजाहिद आलम ने लिखित आवेदन देकर बस्तौल चौक स्थित पुलिस नाका में एक एस आई की प्रति नियुक्ति करने की मांग की है।वही मो मुजाहिद आलम ने कटिहार पुलिस अधीक्षक को बस्तौल चौक में उत्पन समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक दिन जाम की समस्या के कारण छोटी-बड़ी घटना होती रहती है।उक्त चौक बड़ा बाजार होने कारण प्रत्येक दिन भीड़-भाड़ होने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगा रहता है।तथा दवाई दुकानों के अलावा कई अन्य दुकानों में नशीली पदार्थ की बिक्री होती है। उन्होंने कई घटनाओं का जिक्र करते हुए पुलिस अधीक्षक को बताया कि पश्चिम बंगाल से कटिहार जा रही विदेशी शराब से भरा टेंम्पू को जब रोककर तलाशी ली जा रही थी तो पुलिस गार्ड के सामने से ग्रामीणों ने टेंम्पू से शराब लूट लिया। सिर्फ गार्ड के भरोसे बस्तौल चौक असुरक्षित नहीं है। इसलिए बस्तौल चौक में एक एसआई की प्रति नियुक्ति अनिवार्य है।

### विभूति सिंह के निधन पर शोक जताने पहुंचे सांसद पप्पू यादव



**कटिहार**। कटिहार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष (अर्बन) संजय कुमार सिंह के बड़े भाई एवं समाजसेवी विभूति सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करने पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव उनके आवास पहुंचे। इस दौरान सांसद पप्पू यादव ने दिवंगत विभूति सिंह के शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। सांसद पप्पू यादव ने कहा कि विभूति सिंह सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय रहते थे और लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। उनके निधन से कटिहार में सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों की भीड़ मौजूद रही।

# बिहारशरीफ के दौरे पर पहुंचे पथ निर्माण मंत्री कहा- नई तकनीक से सड़कों की सूरत बदलेंगे

**अधिकारियों से एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। बिहार सरकार के नवनियुक्त पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने मंगलवार को कहा कि सड़कों की गुणवत्ता और निर्माण की गति में सुधार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि विभाग का प्रभार लेने के साथ ही उन्होंने समीक्षा बैठकें शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा कि मैंने एनएच (NH), आरसीडी (RCD) और पुल निर्माण निगम के अधिकारियों को एक सप्ताह का समय दिया है ताकि वे सड़कों की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट सौंपें। मंत्री ने कहा कि हम ट्रेडिशनल (पारंपरिक) तरीकों से हटकर गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु की तर्ज पर नई तकनीक अपनाने पर विचार कर रहे हैं, जिससे कम समय में ज्यादा और टिकाऊ सड़कें बनाई जा सकें। मंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने बिहारशरीफ का दौरा किया। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख मनोज जी की माताजी के श्राद्ध कर्म में सम्मिलित होने उनके मेहर पर स्थित आवास



पहुंचे थे। इससे पूर्व, बिहारशरीफ सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया, जहां उन्होंने मीडिया और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

**विपक्ष पर निशाना और विकास का दावा**: जिले में सड़कों की बदहाली और भ्रष्टाचार से जुड़े सवालों पर मंत्री ने कहा कि कमियां दूर की जाएंगी, लेकिन विकास को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव के राज में सड़कें कहीं दिखाई नहीं देती थीं, जबकि आज पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सड़कों का जाल बिछा है। पहले राजधानी पहुंचने में 10 घंटे लगते थे, आज लोग 4-5 घंटे में पहुंच रहे हैं। हमारा लक्ष्य इसे घटाकर 3.5 घंटे करने का है। नूरसराय आरओबी और अन्य स्थानीय सड़कों की खराब स्थिति पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी की समीक्षा की जाएगी और जल्द ही बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

**मंत्री बनाए जाने को लेकर शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार**: मंत्री ने अपनी नई जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और प्रदेश संगठन के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो भरोसा उन पर जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पिस्टल के नोक पर दिनदहाड़े मोटरसाइकिल 20000 स्प्लेंडर गाड़ी छीनकर चोर फरार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट / रोहतास** । काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरूर बाजार से महज आधा किलो मीटर दूरी पर कलेक्शन करके जा रहे बिक्रमगंज थाना के सलेमपुर निवासी श्री गोपाल सिंह के पुत्र राकेश रंजन का स्प्लेंडर मोटरसाइकिल 20000 नगद रुपया मोबाइल अपराधियों ने पिस्तौल दिखा करके छीन लिया पीड़ित राकेश रंजन ने बताया कि तीन के संख्या में मोटरसाइकिल पर सवार होकर के तीन अपराधी आए और हमारा गाड़ी रोक करके गोली मारने की धमकी देते हुए हमारा मोटरसाइकिल रुपया और मोबाइल छन करके अपराधी के तरफ भाग निकले कुरूद बाजार पर आकर के रंजन कुमार ने पुलिस को सूचना प्रकार के 112 एवं काराकाट के थाना प्रभारी विवेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर आकर के घटना का मुहाना किया तथा कुरूद बाजार पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया । थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि मामले की जांच पड़ताल जारी है और अपराधी लाख शातिर होगा बहुत जल्द मामले का उजागर करते हुए अपराधी को अपने गगिरफ्त में लिया जाएगा ।

# शेखपुरा के युवक की नालंदा में मौत, ठेकेदार और मकान मालिक पर लापरवाही का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा के पावापुरी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान शेखपुर के युवक की मौत हो गई। करंट लगने के बाद परिजन इलाज के लिए पहुंचे थे। मृतक की पहचान परमेश्वर पासवान के पुत्र सोनू कुमार(26) के तौर पर हुई है। घटना उस वक्त हुई जब सोनू बरबीघा बाजार के गंज मोहल्ले में मकान की ढलाई करने गया था। छत के ऊपर से 33,000 वोल्ट की हाईटेंशन तार गुजर रही थी। काम शुरू होने से पहले मकान मालिक और ठेकेदार दीपक कुमार ने आश्वासन दिया था कि लाइन कटवा दी गई है, लेकिन जैसे ही सोनू काम के लिए छत पर चढ़ा, वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। सीधे मिक्सर मशीन पर जा गिरा।



**लापरवाही का लगाया आरोप**: मृतक के साले मुकेश कुमार ने आरोप लगाया कि करंट लगने के तुरंत बाद ठेकेदार और मकान मालिक जिम्मेदारी निभाने के बजाय मौके से फरार हो गए। घायल को अस्पताल तक ले जाने की जहमत नहीं उठाई। आनन-फानन में परिजन सोनू को लेकर बरबीघा अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे गंभीर स्थिति में पावापुरी रेफर कर दिया गया। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। मौके पर ही मौत हो गई थी, लेकिन उम्मीद के सहारे इधर से उधर भटकते रहे।

**घर में मचा कोहराम**: इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग करते

**♦ करंट लगने के बाद इलाज के लिए पहुंचे थे**

हुए ठेकेदार और मकान मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है। उनका कहना है कि यह महज एक दुर्घटना नहीं बल्कि घोर लापरवाही का नतीजा है, जिसने एक परिवार का सहारा छीन लिया है।

**जांच में जुटी पुलिस**: पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों से लिखित आवेदन प्राप्त होते ही जीरो एफआईआर दर्ज कर ली जाएगी। संबंधित थाने को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मामला भेज दिया जाएगा।

# नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। कटिहार नगर निगम कार्यालय कक्ष में महापौर उषा देवी अग्रवाल की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, नगर निगम कर्मियों की समस्याओं के समाधान तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



बैठक के दौरान नगर निगम कर्मचारियों के वेतन से संबंधित लंबित मामलों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। समिति ने कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर सहमति जताई। महापौर ने कहा कि नगर निगम परिवार के हितों की रक्षा करना प्राथमिकता है और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा।

इसके अलावा शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को देखते हुए अस्थायी टोटो एवं ऑटो स्टैंड को सुव्यवस्थित करने पर विशेष चर्चा की गई। समिति ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में यह भी कहा गया कि टोटो और ऑटो के लिए निर्धारित स्थान तय कर शहर में यातायात को सुचारु बनाया जाएगा, ताकि आम लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। बैठक में पूर्व में हुई सशक्त स्थायी समिति की बैठक के निर्णयों की भी समीक्षा की गई। जिन योजनाओं एवं प्रस्तावों पर कार्य प्रगति पर है, उनकी स्थिति की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही शहर की साफ-सफाई, जलनिकासी, सड़क व्यवस्था और अन्य जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

महापौर ने कहा कि कटिहार नगर निगम शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। नगर निगम द्वारा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विकास योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि शहर के लोगों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकें। उपस्थितः-माननीय उपमहापौर,नगर आयुक्त,स्वछता पदाधिकारी, वार्ड पार्षद मनीष घोष,कुमारेंद्र प्रताप सिंह,दिनेश पांडे,संतोष देवी, एवं निगम कर्मी मौजूद थे।


## श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव का पावन अनुष्ठान श्रद्धा,भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ संपन्न



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास** । प्रखंड क्षेत्र के मोथा बावन बिगहा पोखरा स्थित भगवान भास्कर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव का पावन अनुष्ठान श्रद्धा,भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हो गया । महायज्ञ का आयोजन श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में हुआ,जहां पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा । महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद यज्ञ स्थल पर पहुंचे कथावाचकों एवं संत-महात्माओं को आयोजन समिति की ओर से भावभीनी विदाई दी गई । समिति अध्यक्ष दिनेश सिंह ने आयोजन समिति के सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से संतों को अंगवस्त्र,सम्मान व दान-दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया । संतों की विदाई के दौरान यज्ञ स्थल का माहौल भावुक हो उठा । श्रद्धालुओं की आंखों में भक्ति और संतों के प्रति सम्मान साफ झलक रहा था । समिति अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं,बल्कि समाज में संस्कार,एकता और सनातन संस्कृति को मजबूत करने का माध्यम है । उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया । उक्त अवसर पर श्री स्वामी जी महाराज के शिष्य प्रेमानंद स्वामी जी महाराज उर्फ पप्पू उपाध्याय, आयोजन समिति के सदस्य तथा आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## रोशना पुलिस ने दो सौ ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। जिले के प्राणपुर प्रखंड के रोशना थाना क्षेत्र अंतर्गत लाभा महानंदा चेक पोस्ट के समीप गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को बाइक सहित गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान हनीफ शेख, ग्राम भगवानपुर, थाना वैश्वपुर, जिला मालदा के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान आरोपी के पास से दो सौ ग्राम स्मैक बरामद किया गया। कार्रवाई के दौरान मजिस्ट्रेट के रूप में अंचल अधिकारी शिखा कुमारी मौजूद थीं। रोशना थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक स्मैक तस्कर कटिहार की ओर जा रहे हैं। सूचना उपरांत रोशना पुलिस ने लाभ महानंदा चेक पोस्ट पर सघन जांच कर एक स्मैक तस्कर हनीफ शेख जिला मालदा को गिरफ्तार करते हुए उक्त स्मैक तथा बाइक की जब्ती सूची बना कर आवश्यक कल हिरासत कटिहार भेजा जायेगा।रोशना थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी ने कहा कि स्मैक को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सख्त है।बिहार- बंगाल राज्य के सीमावर्ती इलाके में इसको लेकर लगातार छापेमारी किया जा रहा है ।

# 5 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से सुदृढ़ीकरण कार्य का पूर्व उप मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। पूर्व उप मुख्यमंत्री सह विधायक तारकिशोर प्रसाद ने कटिहार प्रखण्ड अंतर्गत कटिहार पंचायत के छीटाबाड़ी-सोनाली रोड से पीएमजीएसवाई रोड भाया सरबासा,नया टोला,लोहार टोला दीग्घी टोला तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी पथ के लगभग 5 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर व शिलापटअनावरण कर किया।

इस अवसर पर पूर्व उप मुख्यमंत्री के संग प्रखंड प्रमुख सोनी सिंह के प्रतिनिधि राधा रमन सिंह,पंचायत के मुखिया मनोज हंसदा,भाजपा के पूर्व महामंत्री वीरेंद्र यादव, मंत्री धर्मनाथ तिवारी,



भाजपा नेता अमित गुप्ता उर्फ बबलू नन्नी तांती,भुवन मंडल गणेश शाह अनिल चौहान के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके कार्यकाल में कटिहार विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में पथो का जाल बिछाकर प्रत्येक गांव को मुख्य सड़क से जोड़ा गया है। अब नए पथ निर्माण कराने मांग नहीं बल्कि की पूर्व से बने पथों के समय के साथ जर्जर होने और आवागमन में कठिनाई की बात सामने आ रही है। आवागमन में हो रही कठिनाई को स्वस्थ समय दूर करने के लिए आज छीटाबाड़ी- सोनेली रोड सेपीएमजीएस रोड भाया सराहा, नया टोला, लोहार टोला, दीग्घी टोला, तक के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कटिहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जो भी पथ क्षतिग्रस्त हैं उसका शीघ्र कायाकल्प कराया जाएगा। जिससे लोगों को यातायात में कोई कठिनाई नहीं हो।

## संक्षिप्त समाचार

### विक्रमशिला सेतु क्षतिग्रस्त होने के बाद से सरकारी बस स्टैंड पर पसरा सन्नाटा

**भागलपुर**। बिहार में भागलपुर जिले में अवस्थित विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने का असर अब भागलपुर के सरकारी बस स्टैंड पर भी साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। कभी यात्रियों की भीड़ से गुलजार रहने वाला बस स्टैंड इन दिनों सुनसान नजर आ रहा है। भागलपुर सरकारी बस स्टैंड से विक्रमशिला सेतु होकर पूर्णिया, बेगूसराय और सिलीगुड़ी समेत कई जगहों के लिए बसों का परिचालन होता था। लेकिन सेतु क्षतिग्रस्त होने के बाद इन रूटों पर बस सेवा ठप हो गई है। बसों का परिचालन बंद होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड के आसपास के दुकानदारों की रोजी-रोटी पर भी बड़ा असर पड़ा है। दुकानदारों का कहना है कि यात्रियों की आवाजाही बंद होने से कारोबार पूरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थानीय दुकानदारों ने कहा कि मौजूदा हालात कोरोना काल से भी ज्यादा खराब हो चुके हैं। पहले जहां दिनभर लोगों की भीड़ रहती थी, वहीं अब दुकान खोलने के बाद भी ग्राहक नहीं पहुंच रहे हैं। उधर यात्री भी वैकल्पिक रास्तों और साधनों के सहारे अपने गंतव्य तक पहुंचने को मजबूर हैं।

### बैठक में डीएम ने तैयार किया जिले के भविष्य का रोडमैप

**भागलपुर**। भागलपुर के समीक्षा भवन में जिले के सर्वांगीण विकास को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने की। बैठक में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के संतुलित विकास, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आम लोगों की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य प्लानिंग एरिया का विस्तार कर नए इलाकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। बैठक में बढ़ती आबादी और ट्रैफिक को देखते हुए नए बायपास, चौड़ी सड़कें और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की रणनीति तैयार की गई। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। पौधारोपण अभियान, जल निकायों के संरक्षण और वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक तकनीकों को अपनाने की बात कही गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, मुखिया, प्रमुख और नगर आयुक्त ने भी हिस्सा लिया और अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रखा डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखा जाए बल्कि समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाए। प्रशासन का लक्ष्य भागलपुर को स्वच्छ, हरित और विकसित जिले के रूप में स्थापित करना है।

### स्केटिंग करते हुए 53 दिन में पहुंचे केदारनाथ, डीएम ने किया सम्मानित

**भागलपुर**। भागलपुर के युवाओं ने आस्था और जुनून की अनोखी मिसाल पेश की है। भागलपुर के सन्नी कुमार और मोकामा के दो युवकों ने सुल्तानगंज के पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा घाट से गंगाजल लेकर स्केटिंग करते हुए 53 दिनों में केदारनाथ धाम की यात्रा पूरी की। तीनों युवकों ने अपनी पीठ पर गंगाजल लेकर कठिन रास्तों को पार किया और बाबा केदारनाथ धाम पहुंचकर जलार्पण किया। इस अनोखी यात्रा की चर्चा अब पूरे क्षेत्र में हो रही है। यात्रा पूरी करने के बाद स्केटिंग कोच अमन कुमार तीनों युवकों को लेकर भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी से मिलने पहुंचे। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी युवकों और उनके कोच को बधाई देते हुए उनके साहस, आस्था और समर्पण की सराहना की। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि यह भागलपुर और बिहार के लिए गर्व की बात है कि युवाओं ने स्केटिंग करते हुए लंबी दूरी तय कर बाबा केदारनाथ धाम में जलार्पण किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की यह यात्रा दूसरों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। वहीं इस उपलब्धि के बाद युवकों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

### कहलगांव के बेटे की शहादत से गांव में शोक

**भागलपुर**। जिले के कहलगांव प्रखंड अंतर्गत सियां पंचायत के बैरैनी गांव के रहने वाले असम राइफल्स के जवान शिव शंकर कुमार का जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। जवान की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि 25 वर्षीय शिव शंकर कुमार अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे और तीन वर्ष पूर्व असम राइफल्स के मेडिकल विभाग में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वे जम्मू-कश्मीर के दुर्गम क्षेत्रों में तैनात थे। परिजन के अनुसार ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इलाज के दौरान ऑक्सीजन की कमी से उनकी मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि शिव शंकर बचपन से ही मेधावी और मिलनसार स्वभाव के थे। देश सेवा का जज्बा लेकर उन्होंने सेना जॉइन की थी। शहीद जवान का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। घटना के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### 180 लीटर विदेशी शराब के साथ स्कॉर्पियो सवार तस्कर गिरफ्तार

**अररिया**। मद्य निषेध विभाग की टीम ने आरएस थाना क्षेत्र के हरियाबाड़ा टोल प्लाजा के पास मंगलवार दोपहर को बड़ी कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो में लदे 180 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक निरंजन कुमार झा को मिली गुप्त सूचना पर सब इंस्पेक्टर पूजा कुमारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने अररिया फारबिसगंज मुख्य मार्ग एनएच 27 हरियाबाड़ा टोल प्लाजा के पास यह कार्रवाई की।सूचना पर गठित विशेष टीम ने जब स्कॉर्पियो गाड़ी को रुकने का इशारा किया तो चालक ने गाड़ी घुमाने की कोशिश की, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने वाहन में शराब होने की बात कबूल की। गिरफ्तार चालक समस्तीपुर जिला अंतर्गत सरायरंजन थाना क्षेत्र के भगवतपुर वार्ड संख्या 02 निवासी व पप्पू कुमार, पिता सुरेंद्र राय है। वाहन की तलाशी में डिक्की व पिछले सीट के नीचे छिपाकर रखी गई 240 बोतलें, कुल 180 लीटर शराब बरामद हुईं। उत्पाद अधीक्षक निरंजन कुमार झा ने बताया कि बिहार मद्य निषेध व उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### समस्तीपुर-दरभंगा रेलखंड पर इंटरलॉकिंग कार्य

**भागलपुर**। पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल अंतर्गत रामभद्रपुर, हायाघाट और थलवारा स्टेशनों पर 9 से 14 मई तक प्री-नॉन इंटरलॉकिंग, नॉन इंटरलॉकिंग और सीआरएस निरीक्षण किया जा रहा है। इस कारण कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं, जबकि कुछ ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट (गंतव्य से पहले रोकना) और शॉर्ट-ओरिजिनेट (निर्धारित स्टेशन के आगे से चलाना) किया गया है। रेल अधिकारियों के अनुसार, 13 मई को गाड़ी संख्या 07006 रक्सौल-चारलपल्ली स्पेशल समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर -सुगौली-रक्सौल मार्ग से चलेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 07051/07052 तिरुपति-रक्सौल स्पेशल और 13043/13044 हावड़ा-रक्सौल एक्सप्रेस को समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर -सीतामढ़ी मार्ग पर डायवर्ट किया गया है। इसके अतिरिक्त, 13185 सियालदह-जयनगर, 13031 हावड़ा-जयनगर और 15553 भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस अलग-अलग तिथियों में बरौनी जंक्शन तक ही चलेंगी। इन ट्रेनों की वापसी सेवा भी बरौनी से ही शुरू होगी। वहीं, 18105 राउरकेला-जयनगर और 17007 चारलपल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस समस्तीपुर स्टेशन पर ही समाप्त होंगी। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा प्रारंभ करने से पहले अपनी ट्रेन की वर्तमान स्थिति की जांच अवश्य कर लें।

# दूल्हा ने कहा, डीएम साहब शादी करा दीजिए, नाव छूट गई है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर आवाजाही बंद होने पर लोगों की परेशानी बढ़ रही है। हालांकि प्रशासन ने गंगा में सुबह 5 से शाम 5 बजे तक नौका परिचालन की अनुमति दी है। नाव से दूल्हा जयराम कुमार शनिवार शाम शादी के लिए गंगा पार जा रहा था, लेकिन थोड़ी देरी के कारण नदी पार नहीं कर सका। नाव परिचालन बंद होने के बाद दूल्हा और उसके परिजन ने जिला प्रशासन से मदद मांगने लगे। दूल्हा जयराम ने भावुक होकर कहा, 'डीएम साहब शादी करा दीजिए। पहुंचने में बस 10 मिनट देरी हो गई है। शादी पर 10 लाख रुपए खर्च किए हैं। बड़ी चिंता हो रही है।'

**150 किमी की दूरी तय करनी पड़ीः** बताया जा रहा कि भतोड़ियो से बारात बरारी घाट पहुंची थी। जिस ऑटो पर बाराती सवार थे, उसका पेट्रोल रास्ते में खत्म हो गया था। चालक पेट्रोल भराने लगा। जब बाराती बरारी घाट पहुंचे तब शाम की अंतिम नाव छूट गई। भतोड़िया के जयराम 150 किमी का सफर पूरा कर गेड़ाबाड़ी ससुराल पहुंचा। शादी के बाद दुल्हन को लेकर महादेवपुर घाट से नाव से बरारी घाट पहुंचा। जयराम की बारात रविवार शाम बरारी घाट से लौट गई थी।

**शादी की शुभ मुहूर्त की चिंताः** दूल्हे के जीजा मुकेश कुमार ने बताया कि समय पर नदी पार नहीं होने पर शादी का शुभ मुहूर्त निकल सकता है। विक्रमशिला सेतु बंद रहने से अब सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रम भी प्रभावित होने लगे हैं। लोगों ने प्रशासन से शादी-विवाह और जरूरी कार्यों के लिए विशेष व्यवस्था करने की मांग की है।

**नवगछिया, सीमांचल की ओर जाने के लिए नाव ही सहाराः** दरअसल, विक्रमशिला पुल के एक हिस्सा के गिरने के बाद सड़क मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। भागलपुर की ओर से नवगछिया, सीमांचल की ओर जाने वाले अधिकतर लोगों के लिए नाव ही एकमात्र सहारा है या फिर सड़क मार्ग से मुंगेर-खगड़िया होते हुए नवगछिया जाना पड़ रहा है। नाव से यात्रा के लिए जिला प्रशासन ने सुबह 5 बजे से शाम 5:30 बजे तक ही नाव संचालन की अनुमति दी है, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि यहां ठहरने वाले यात्रियों के लिए खाने, रहने, शौचालय सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## शातिर बाइक चोर अररिया जिले में गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया**। अररिया नगर थाना पुलिस ने जिले में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं पर शिकंजा कसते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पूर्णिया जिले के जलालगढ़ चौहान टोला निवासी रोहित चौहान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रोहित चौहान की तस्वीरें जिले के सात अलग-अलग स्थानों पर बाइक चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से कैद हुई हैं। नगर थाना पुलिस ने इन सीसीटीवी फुटेज और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ा।

**साथियों के बारे में भी महत्वपूर्ण खुलासे हो सकतेः** फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में रोहित द्वारा चोरी की गई अन्य बाइकों और उसके साथियों के बारे में भी महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। नगर थाना अध्यक्ष मनीष कुमार रजक ने बताया कि रोहित चौहान एक कुख्यात बाइक चोर है। वह पहले भी दो से तीन बार जेल जा चुका है और उसके विरुद्ध कई चोरी के मामले पहले से दर्ज हैं। वह मुख्य रूप से आवासीय इलाकों और बाजार क्षेत्रों से बाइक चुराने में माहिर था।

**गिरफ्तारी से स्थानीय बाइक मालिकों में राहतः** रोहित की गिरफ्तारी से स्थानीय बाइक मालिकों में राहत की लहर है। कई पीड़ितों ने पुलिस से अपनी चोरी हुई बाइक की तलाश करने की अपील की है। पुलिस ने सभी बाइक मालिकों को सलाह दी है कि वे अपनी बाइक्स को पार्क करते समय सतर्क रहें, अच्छी लॉकिंग व्यवस्था का उपयोग करें और जहां संभव हो सीसीटीवी की निगरानी वाले क्षेत्रों में ही वाहन खड़े करें।

## रेलवे स्टेशन के शंटिंग नेक के समीप नई स्टेबलिंग लाइन विकसित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मालदा मंडल ने रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और परिचालन दक्षता में सुधार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह जानकारी मालदा मंडल के पीआरओ ने मंगलवार को दी और बताया कि इस संबंध में भागलपुर रेलवे स्टेशन पर शंटिंग नेक के पास एक नई स्टेबलिंग लाइन विकसित की गई है, ताकि ट्रेनों को संभालने की क्षमता बढ़ाई जा सके और स्टेशन क्षेत्र में परिचालन गतिविधियों को अधिक सुचारू बनाया जा सके। मंगलवार को एक 'लाइट इंजन ट्रायल' के माध्यम से इसकी परिचालन तत्परता का सफल परीक्षण किया गया। यह नव-विकसित बुनियादी ढांचा कोचिंग रेकों की बेहतर स्टेबलिंग और प्रबंधन में सहायता करेगा, परिचालन संबंधी भीड़भाड़ को कम करेगा और भागलपुर स्टेशन पर ट्रेन संचालन की समग्र दक्षता में सुधार लाएगा। इस बुनियादी ढांचे के विकास कार्य को मालदा मंडल के इंजीनियरिंग, परिचालन, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा अन्य विभिन्न विभागों के बीच घनिष्ठ समन्वय और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। यह उपलब्धि आधुनिकीकरण, परिचालन सुधार और यात्री सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रति मंडल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डीआरएम मालदा ने सभी विभागों के समर्पित प्रयासों, आपसी समन्वय और कार्य के समय पर निष्पादन की सराहना की। इन प्रयासों ने मंडल के परिचालन संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के लिए मिट्टी परीक्षण शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बांका**। बांका के कटोरिया प्रखंड में अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना की प्रक्रिया तेज हो गई है। मनियां पंचायत के मोदी टोला के पास प्रस्तावित इस परियोजना के लिए कंपनी ने मिट्टी परीक्षण का कार्य शुरू कर दिया है। यह क्षेत्रवासियों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित औद्योगिक विकास की उम्मीद जगा रहा है। राज्य सरकार ने बीते वर्ष अल्ट्राटेक कंपनी को लगभग 200 एकड़ भूमि हस्तांतरित की थी। इसके बाद कंपनी ने प्रारंभिक सर्वेक्षण कार्य पूरा किया। पिछले तीन दिनों से संबंधित भूखंड पर मिट्टी जांच की प्रक्रिया जारी है। कंपनी के कर्मचारी विभिन्न स्थानों पर 20 से 30 फीट तक बोरिंग कर मिट्टी के नमूने एकत्र कर रहे हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

**नमूनों की गुणवत्ता की होगी जांचः** स्थानीय निवासियों के अनुसार, मिट्टी परीक्षण का यह कार्य कई दिनों तक चलेगा। विभिन्न स्थानों से लिए गए नमूनों की गुणवत्ता और निर्माण के लिए उपयुक्तता की जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही फैक्ट्री निर्माण से संबंधित अग्रिम कार्य शुरू किए जाएंगे। हालांकि, मौके पर मौजूद कंपनी के कर्मचारियों ने तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी देने में असमर्थता व्यक्त की। क्षेत्र में उद्योग स्थापना की प्रक्रिया शुरू होने से स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। लोगों का मानना है कि सीमेंट फैक्ट्री के खुलने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके अतिरिक्त, सड़क, बिजली, परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी तेजी से विकास होगा। **राष्ट्रीय स्तर पर बनेगी कटोरिया की पहचानः** ग्रामीणों का कहना है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2026–27–06, दिनांकः 11.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2026–27–06, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के आसनसोल और मधुपुर में पीएसआई डिपो के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, पीएसआई कार्यों से संबंधित रखरखाव और त्रुटि निवारण गतिविधियों को दो (02) वर्षों की अवधि के लिए आउटसोर्स करना (खाना–प्रधानखुंटा खंड को छोड़कर)। **निविदा मूल्यः** रु. 4,39,16,305.01, **बयाना राशिः** रु. 8,78,300/–, **कार्य की समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 24 (चौबीस) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तिथि से 60 दिन। **खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 09.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-72/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## मद्य निषेध विभाग की टीम ने 126 लीटर बियर के साथ दो को किया गिरफ्तार, सफारी स्टॉर्म गाड़ी जब्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया**। मद्य निषेध विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह अररिया-पूर्णिया मुख्य मार्ग एनएच 27 में महलगांव थाना क्षेत्र के करियात कैंप के पास एक चार पहिया सफारी स्टॉर्म गाड़ी से 252 बोतल बियर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक निरंजन कुमार झा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मद्य निषेध विभाग की एसआई पूजा कुमारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की। कल 126 लीटर बियर को जब्त किया गया। मंगलवार को उत्पाद अधीक्षक निरंजन कुमार झा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सुबह-सुबह उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल से किशनगंज के रास्ते अररिया होते हुए पूर्णिया एक सफेद सफारी गाड़ी से तस्करी कर विदेशी शराब ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गय,जिसमें सब इंस्पेक्टर पूजा कुमारी, रंजीत कुमार के साथ मद्य निषेध विभाग के सिपाही और होमगार्ड के जवानों को शामिल किया गया। मंगलवार की सुबह सवा पांच बजे के करीब अररिया से सफेद रंग को सफारी गाड़ी आते हुए दिखने पर जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो गाड़ी चालक गाड़ी लेकर फरार होने की कोशिश की,लेकिन मद्य निषेध विभाग की टीम ने घेराबंदी करते हुए गाड़ी को पकड़ा और तलाशी लेने पर उनसे 252 बोतल बीयर कुल 126 लीटर बरामद किया गया।मामले में मद्य निषेध विभाग की टीम ने वैशाली जिला के गोरौल थाना क्षेत्र के मथना मलिक वार्ड संख्या 8 निवासी मो. सज्जाद और पूर्णिया जिला के कसबा थाना क्षेत्र के गढ़बनेली वार्ड संख्या दो निवासी अमन कुमार को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार दोनों तस्करों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222–एस/1/3/डब्ल्यू–II, दिनांक** 11.05.2026, मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैंः **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–20–26–27, कार्य का नामः** डीईएन/III/सियालदह के कार्यक्षेत्र में एसएसई (पी.वे)/कृष्णनगर के अधीन कृष्णनगर–आमघाटा खंड, कृष्णनगर यार्ड और कालीनारायणपुर यार्ड में ट्रैक रखरखाव कार्य एवं सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.1,09,30,360.45, **बयाना राशि:** रु.2,18,600/–, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–21–26–27, कार्य का नामः** डीईएन/3/सियालदह के कार्यक्षेत्र में एसएसई/पी.वे/भगवानगोला के अधीन आजिमगंज–मुर्शिदाबाद खंड, मुर्शिदाबाद यार्ड में ट्रैक रखरखाव कार्य एवं सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 82,40,911.58, **बयाना राशि :** रु.1,64,800/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 05.06.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 05.06.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-37/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## जिलाधिकारी ने मछुआरों के बीच बांटे आधुनिक किट और संसाधन

**भागलपुर**। अब मछली पालन सिर्फ परंपरागत रोजगार नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास का नया मॉडल बनता जा रहा है। जिले को मछली उत्पादन के क्षेत्र में मजबूत पहचान दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार काम कर रहा है। इसी कड़ी में भागलपुर के समीक्षा भवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने 121 लाभार्थियों के बीच आधुनिक किट और संसाधनों का वितरण किया। कार्यक्रम में मछुआरों को बड़ी हांडी, वेइंग मशीन, जाल, छोटे फ्रीजर और अन्य आवश्यक उपकरण दिए गए। डीएम ने कहा कि पहले मछुआरों को संरक्षण की कमी के कारण कम दामों में मछलियां बेचनी पड़ती थीं। लेकिन अब फ्रीजर मिलने से मछलियां सुरक्षित रहेंगी और उन्हें बेहतर बाजार मूल्य मिलेगा। इसके साथ ही अधिक उत्पादन करने वाले मछुआरों को ऑटो भी दिए गए हैं, ताकि वे सीधे बाजार तक मछलियां पहुंचा सकें। नदियों में काम करने वाले मछुआरों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट और नाव खरीदने के लिए सब्सिडी की व्यवस्था भी की गई है। डीएम ने बताया कि बिहपुर में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से आधुनिक हैचरी प्लांट विकसित किया गया है। जहां उच्च गुणवत्ता वाले मछली बीज तैयार किए जा रहे हैं। इससे अब भागलपुर को मछली बीज के लिए आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। डीएम ने कहा कि जिले में नए तालाबों का निर्माण कराया जा रहा है और मछुआरों को वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन की ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

### हाईवा से किशोर बाराती की मौत

**बांका**। बांका के अमरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से 15 वर्षीय किशोर बाराती की मौत हो गई। मृतक की पहचान रजौन थाना क्षेत्र के पिपराह डीह गांव निवासी मुकेश ठाकुर उर्फ गणपत ठाकुर के पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आयुष कुमार अपने चचेरे भाई चिंटू कुमार की बारात में शामिल होने सोमवार की देर रात अमरपुर थाना क्षेत्र के मकदुम्मा गांव गया था। वहां मकदुम्मा गांव निवासी राम ठाकुर के यहां शादी समारोह चल रहा था।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल–17–26, दिनांक 11.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** आसनसोल मंडलः आसनसोल मंडल के तहत सभी कॉलोनियों में एलटी, ओवरहेड लाइन का अंडरग्राउंड केबल में रूपांतरण एवं अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,73,73,825.15, **बयाना राशि:** रु. 3,47,500/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 05.06.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-74/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])–2026/04 दिनांक– 12.05.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]–2026 (त्रिवर्षीय अभियंत्रण डिप्लोमा, द्विवर्षीय पारा मेडिकल एवं द्विवर्षीय फार्मेसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्रों के स्नातक अभियंत्रण, स्नातक पारा मेडिकल एवं स्नातक फार्मेसी डिग्री पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु)**

**Bihar Combined Entrance Competitive Examination [Lateral Entry]–2026 (for lateral entry in second year of graduate level Engineering courses and Para-Medical, Pharmacy Courses) BCECE [LE]–2026**

**परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] [BCECE(LE)]-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी..ई.सी.ई.(एल.ई.)- 2026/01 एवं 2026/02 दिनांक-07.04.2026 तथा 2026/03 दिनांक-06.05.2026 के अनुसार BCECE(LE)-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन आमन्त्रण की अंतिम तिथि 11.05.2026 निर्धारित था। Registration की अवधि में मौसम की खराबी / नेटवर्क में आई दिक्कतों के कारण दुर-दराज के क्षेत्रों में Registration करने में आयी कठिनाईयों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पर विचारोपरान्त **छात्रहित में BCECE(LE)-2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Online Registration Closing Date | : **13.05.2026** (10.00 P.M.) |
| (ii) | Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate | : **13.05.2026** (11.59 P.M.) |
| (iii) | Online Editing of Application Form | : **14.05.2026** |
| (iv) | Uploading of Online Admit Card | : **23.05.2026** |
| (v) | Proposed Date of Examination | : **31.05.2026** |

(2) दिनांक 13.05.2026 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में **यदि किसी अभ्यर्थी के Registered** आवेदन के **डाटा में कोई त्रुटि हो गयी हो तो वे अपने भरे हुए Data** को (Email पता, Mobile No. एवं Identity type को छोड़ कर) **दिनांक 14.05.2026 को** "Online Application Portal of BCECE[LE]-2026" Link पर Click कर अपने **Registration No.** एवं **Password से login** करते हुए त्रुटि सुधार कर **सकते हैं।** इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

# संक्षिप्त समाचार

## आचार संहिता के कारण आशा का प्रदर्शन स्थगित

**आरा**। आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ राज्य कमिटी बिहार के आह्वान पर, सोमवार को भोजपुर में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन, आचार संहिता के कारण स्थगित कर दिया गया। हालांकि, संघ के प्रतिनिधियों ने पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से सिविल सर्जन को 23 सूत्री मांगों का मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में चिकित्सा संघ भोजपुर के जिलाध्यक्ष विनोद यादव, आशा संघ की जिला मंत्री शकुंतला कुमारी, नीरज यादव समेत अन्य आशा कर्मी शामिल थीं। प्रतिनिधियों ने कहा कि आशा एवं आशा फैसिलिटेटर लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं और सरकार से उनकी 23 मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा है।

## उपचुनावः मतदान केंद्रों के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगा

**बक्सर**। बिहार विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकार निर्वाचन क्षेत्र भोजपुर-सह-बक्सर उप निर्वाचन के तहत 12 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला दंडाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी साहिला ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत बक्सर जिले के सभी 11 मतदान केंद्रों एवं उनके मुख्य द्वार से 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार मतदान केंद्रों के बाहर 5 या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक रहेगी। किसी भी प्रकार का चुनाव प्रचार, सभा, जुलूस, धरना, प्रदर्शन एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

## सोना भारतीय परिवारों की आर्थिक सुरक्षा : विनोद वर्मा

**बक्सर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के उद्देश्य से देशवासियों से एक वर्ष तक सोना एवं आभूषण खरीदने से बचने की अपील के बाद देशभर के ज्वेलरी कारोबार और स्वर्णकार समाज की चिंता बढ़ गई है। व्यापारियों और कारीगरों का कहना है कि इस तरह की अपील का असर सीधे बाजार, रोजगार और पारंपरिक उद्योग से जुड़े लाखों परिवारों पर पड़ सकता है। उक्त बातें स्वर्णकार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि भारत में सोना केवल निवेश का माध्यम नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, पारिवारिक परंपराओं और आर्थिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ग्रामीण और मध्यम वर्गीय परिवारों में आज भी सोना संकट के समय सबसे भरोसेमंद बचत माना जाता है। वर्मा ने कहा कि देश का ज्वेलरी उद्योग केवल बड़े व्यापारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ करोड़ों स्वर्णकार, कारीगर, डिज़ाइनर, पॉलिश कार्यकर्ता, छोटे दुकानदार और हस्तशिल्प परिवार जुड़े हुए हैं। यदि बाजार में डर और अनिश्चितता का माहौल बनेगा, तो सबसे अधिक असर छोटे कारीगरों और दैनिक आय पर निर्भर परिवारों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत में शादी-विवाह और त्योहारों में सोने का विशेष महत्व है। ऐसे समय में इस प्रकार की अपील से आम परिवारों और व्यापारियों दोनों की भावनाएं प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि यदि बाजार प्रभावित होता है तो कारीगरों और छोटे व्यापारियों के लिए राहत नीति, बीमा योजना और विशेष सहायता पैकेज की व्यवस्था की जाए।

## गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को मानवता का ध्वजवाहक बताते हुए महाराणा प्रताप को अदम्य साहसी थे

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में सोमवार को महान योद्धा महाराणा प्रताप तथा विश्वविख्यात साहित्यकार रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. वज्रांग प्रताप केसरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलसचिव प्रो. डॉ. राम कृष्ण ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का स्वागत एवं मंच संचालन हिन्दी विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉ. नीरज कुमार ने किया। हिन्दी विभाग के प्राध्यापक प्रो. रणविजय कुमार सिंह ने महाराणा प्रताप और गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन-वृत्त एवं उनकी साहित्यिक और ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों महान विभूतियों का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्य अतिथि एच. डी. जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. नरेन्द्र कुमार ने विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में इतिहास, साहित्य और संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं। महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा तथा गुरुदेव टैगोर के व्यक्तित्व पर हुई चर्चा विभाग के प्राध्यापक नीलाम्बुज सिंह ने अपने विषय प्रवेश में महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा तथा गुरुदेव टैगोर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की। वहीं पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. नरेन्द्र नारायण सिंह "नीरज" ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को मानवता का ध्वजवाहक बताते हुए महाराणा प्रताप को अदम्य साहस, संगठन और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में डॉ. नवनीत कुमार राय, डॉ. शिखा सिंह सहित अन्य विभागों के शिक्षक डॉ. लक्ष्मी कुमारी, डॉ. वकारूत जमा तथा प्रो. गुरुदयाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुकेश कुमार राम ने किया।

## मई में सामान्य से कम रहेगा अधिकतम तापमान

**बक्सर**। मई माह की शुरुआत हो चुकी है। फिलहाल इस महीने में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहा है। जबकि मौसम बरसाती रंग में रहा है। इधर मई के लिए जारी मौसम पूर्वानुमान में इस बार मौसम का अलग ही ट्रेंड देखने को मिल रहा है। बारिश को लेकर भी संकेत सकारात्मक हैं। जारी मानचित्र के अनुसार, बिहार के कई क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। मई महीने में राज्य की औसत वर्षा 59.1 मिमी मानी जाती है, लेकिन इस बार इससे अधिक बारिश हो सकती है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में सामान्य या उससे कम वर्षा भी हो सकती है, लेकिन कुल मिलाकर स्थिति बेहतर रहने के आसार हैं। जहां एक ओर रात के तापमान में बढ़ोतरी के संकेत हैं, वहीं दिन के तापमान में सामान्य से कम रहने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही राज्य के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने के भी आसार हैं, जो गर्मी से राहत दिला सकते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, मई महीने में राज्य के अधिकांश भागों खासकर में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। पूर्वानुमान के अनसुार राज्य के अधिकतर हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। मई में जहां सामान्य अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, वहीं इस बार यह थोड़ा नीचे रह सकता है। इससे लू की तीव्रता में कमी आ सकती है और भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। आमतौर पर मई माह में बिहार का न्यूनतम तापमान 21 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, लेकिन इस बार इसमें बढ़ोतरी देखी जा सकती है। इसका मतलब है कि रातें अपेक्षाकृत अधिक गर्म महसूस होंगी और लोगों को उमस का सामना करना पड़ सकता है। वहीं दूसरी ओर, अधिकतम तापमान को लेकर राहत भरी खबर है। 20 मई के बाद बूंदाबांदी की संभावना मौसम विभाग के अनुसार 14 मई से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। फिलहाल तापमान 34-35 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह रहा है। वहीं 20 मई से तापमान में कमी होगी। आसमान में बादलों का आवागमन होगा। बूंदाबांदी होने की संभावना है। दिन के तापमान में कमी होने की संभावना है। डॉक्टरों ने ऐसे मौसम में पर्याप्त पानी पीने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

## स्वस्थ स्नैक्स और हाइड्रेटिंग पेय पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**कोईलवर**। 114 वाहिनी आरएएफ कोईलवर कैंप परिसर में आरसीडब्ल्यूए-114 आरएएफ की हेड रितु झा के मार्गदर्शन में यूनिट कर्मियों के परिवारों के लिए "स्वस्थ स्नैक्स एवं गर्मियों के लिए हाइड्रेटिंग पेय" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के बीच पौष्टिक खानपान, संतुलित आहार और गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखने के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के पौष्टिक स्नैक्स तथा पारंपरिक स्वास्थ्यवर्धक पेयों की जानकारी साझा की।

# एमएलसी उपचुनाव के लिए वोटिंग, आरा में हंगामा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर-बक्सर एमएलसी उपचुनाव के लिए वोटिंग जारी है। वोटिंग के दौरान आरा सदर प्रखंड कार्यालय स्थित मतदान केंद्र के बाहर जमकर हंगामा हुआ। राजद प्रत्याशी सोनू कुमार ने गेट पर तैनात मजिस्ट्रेट पर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने का आरोप लगाया। आरोप के बाद प्रत्याशी, उनके समर्थकों और मजिस्ट्रेट के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। इसी दौरान पहचान पत्र नहीं दिखाने को लेकर आरजेडी समर्थक ने ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट शशि भूषण तिवारी के साथ धक्का-मुक्की की। साथ ही शर्ट भी खींचा। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि मजिस्ट्रेट ने ड्यूटी के दौरान आई कार्ड नहीं पहन रखा था, जिसको लेकर विवाद और बढ़ गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रित किया।

**जेडीयू के बागी ने मुकाबले को त्रिकोणीय बनायाः** शाम 4 बजे तक वोट डाले जाएंगे। कुल 6086 वोटर्स 6 उनमीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। 3254 महिला और 2832 पुरुष वोटर हैं। इस बार महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका निर्णायक मानी जा रही है। चुनावी मैदान में एनडीए समर्थित जेडीयू प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद, महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी सोनू कुमार राय और जेडीयू से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे मनोज कुमार उपाध्याय के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है।

**वोटर्स से तेजस्वी की अपीलः** इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लालू प्रसाद यादव, निरंजन कुमार राय और एक अन्य कन्हैया प्रसाद भी मैदान में हैं। बागी प्रत्याशी के चुनाव लड़ने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है और दोनों बड़े गठबंधनों की रणनीति पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। राजद प्रत्याशी सोनू राय के समर्थन में वोट देने के लिए पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सभी मतदाओं से अपना समर्थन देने की अपील की है

# जीजा के भाई को गोली मारने मामले में प्राथमिकी दर्ज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में बहनोई के भाई को गोली मारने के मामले में FIR दर्ज कराई गई है। घायल सोनू ठाकुर ने ओझवलिया गांव निवासी साधु राय पर रंगदारी के तौर पर 40 हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया है। नामजद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पहले गर्लफ्रेंड से बात करने से मना करने पर गोली मारने की बात सामने आई थी। वहीं, इस संबंध में करनामेपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार का कहना है कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रारंभिक जांच में लेनदेन और प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही है। पुलिस दोनों एंगल से जांच कर रही है।

**धमकी देते हुए घर से निकला थाः** घायल सोनू ठाकुर(25) यूपी के नौरंगा गांव का रहने वाला है। पेशे से डेयरी संचालक है। बेरिया में अपना डेयरी चलाता है। वारदात के बाद सोनू ने बताया था कि रविवार की सुबह मैं घर के दरवाजे पर बैठा था। बड़े भाई उधारी ठाकुर का साला साधु राय भी वहीं थी। वो फोन पर गांव की एक लड़की से बात कर रहा था। मना करने पर पहले कहासुनी हुई। इसी बीच पत्नी घर से बाहर आई और साधु राय को बोली कि एक तो आप गलती कर रहे हो, इसके बाद भी गाली दे रहे हैं। जिसके बाद दोनों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। साधु राय धमकी देते हुए घर से निकल गया।

**परिजनों ने अस्पताल पहुंचायाः** सोनू ने आगे बताया कि मामला शांत होने के बाद दूध देने के लिए बक्सर के पड़री गांव जा रहा था। ओझवलिया मोड़ के साधु राय ने रोक लिया।

# त्रिमुहानी घाट पर धारा 163 लागू



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर में सोशल मीडिया पर 'गोवा बीच' के नाम से वायरल हो रहे ठोरा-गंगा संगम घाट पर लगातार हो रही घटनाओं के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की है। बीते तीन दिनों में रील बनाने और घूमने आए दो युवकों की गंगा में डूबने से मौत हो गई थी। इसके बाद बक्सर प्रशासन ने त्रिमुहानी घाट और आसपास के रेतीले टीलों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। गंगा नदी का जलस्तर कम होने के कारण चरित्रवन जेल रोड के पश्चिमी भाग में स्थित त्रिमुहानी घाट पर बड़े रेतीले टीले उभर आए थे। इस प्राकृतिक दृश्य को सोशल मीडिया पर 'गोवा बीच' बताकर वायरल किया गया। इसके परिणामस्वरूप, युवाओं, परिवारों और बच्चों की भारी भीड़ यहां जुटने लगी। लोग गंगा के बीच रेतीले टीलों तक पहुंचकर वीडियो और रील बना रहे थे।

**रील बनाते समय दो युवकों की डूबने से मौत हो गईः** प्रशासन के अनुसार, बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के लोग गंगा नदी के अंदर तक जा रहे थे, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया था।

# चुनावी रंजिश में उप प्रमुख पति की हत्या की आशंका

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**आरा**। भोजपुर में लापता पूर्व समिति सदस्य सह वर्तमान उप प्रमुख पति की लाश मिली है। परिजनों ने चुनावी रंजिश में हत्या कर शव फेंकने की आशंका जताई है। मुंह से झाग निकल रहा था। घटना नारायणपुर थाना क्षेत्र के चावरिया गांव स्थित बधार की है। मृतक संजीत कुमार सिंह उर्फ टंटन कुमार(40) गड़हनी के बगवां गांव के रहने वाले थे। जेडीयू के प्रखंड अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पत्नी पुष्पा देवी गड़हनी प्रखंड की वर्तमान उप प्रमुख हैं।

**जहर खिलाकर मारने का आरोपः** बड़े भाई शैलेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब 12 बजे खाना खाकर घर से निकले थे। वह एलआईसी एजेंट भी थे और पैसा कलेक्ट करने का भी काम करते थे। रात करीब नौ बजे भांजी से उनकी फोन पर बात हुई थी। कहा था कि खाना बना दो मैं गयारह बजे रात में शादी से वापस लौटूंगा। जब घर वापस नहीं लौटे तो मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। रात दो बजे तक उनके मोबाइल पर कॉल लगातार किया जा रहा था। सोमवार की सुबह गड़हनी थाना में लापता होने का आवेदन दिया। तब थानाध्यक्ष परिजन के साथ उन्हें खोजने नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली की तरफ निकले। एक जगह देखा कि लोगों की काफी भीड़ लगी थी। वहां जाने पर पता चला कि भाई की बाइक गिरी थी, चाबी भी पास में फेंका था। बॉडी कुछ दूरी पर पड़ी थी। आशंका है कि चुनावी रंजिश में जहर खिलाकर हत्या की गई है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राजः** मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा के निर्देश पर तीन सदस्य डॉक्टर की टीम का गठन कर शव का पोस्टमार्टम किया गया। विसरा रिजर्व रखा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। तीन सदस्य बोर्ड टीम में ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. सूर्यकांत निराला और डॉ. टी.एन. राज शामिल थे।

**जांच के लिए FSL को बुलायाः** वहीं, सूचना पाकर एमएलसी प्रत्याशी कन्हैया कुमार, आरजेडी जदयू सहित अन्य पार्टी के नेता भी सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजन से मिलकर उन्हें ढांढस बंधवाया। सदर एसडीपीओ-वन राजकुमार साह, पीरो एसडीपीओ कृष्ण कुमार सिंह, नारायणपुर थानाध्यक्ष संजीत शर्मा, गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत और पवना थानाध्यक्ष अनीष कुमार अतिरिक्त पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। जांच के लिए FSL टीम को भी बुलाया गया है।

# 11 केंद्रों पर विधान परिषद उपचुनाव मतदान शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। भोजपुर-सह-बक्सर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद उपचुनाव के लिए सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हो गया। सुबह 8 बजे से मतदान जारी है। सुबह 11 बजे तक 30 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था की है। यह उपचुनाव राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिले में राजनीतिक सरगर्मी तेज है, और विभिन्न दलों के समर्थक मतदान केंद्रों के आसपास सक्रिय देखे गए। हालांकि, प्रशासन ने मतदान केंद्रों के पास भीड़ या अनावश्यक गतिविधियों पर रोक लगाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

**निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2303 मतदाताः** इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2303 मतदाता हैं, जिनमें 1083 पुरुष और 1220 महिला मतदाता शामिल हैं। यह चुनाव स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र का होने के कारण आम जनता इसमें मतदान नहीं कर रही है। इसमें केवल पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, नगर निकायों के चेयरमैन, उप चेयरमैन और वार्ड पार्षद ही मतदाता हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, जनप्रतिनिधियों की भूमिका इस चुनाव में निर्णायक होगी और उनका रुझान ही जीत-हार तय करेगा।

**मतदान सुबह 8 बजे शुरू हुआः** जिले में कुल 11 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जो संबंधित प्रखंड कार्यालयों में स्थापित हैं। मतदान सुबह 8 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे तक चलेगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

**सभी आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दियाः** सुरक्षा के लिए पुलिस बल, दंडाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों को तैनात किया गया है। कई संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। डीएम और एसपी लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। उम्मीदवारों और समर्थकों की नजर मतदान प्रतिशत पर है, क्योंकि यह राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है।

# जिले की अव्या श्रीवास्तव बनीं बिहार अंडर-सात के गर्ल्स शतरंज चैंपियन




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। जिले की नन्हीं शतरंज खिलाड़ी अव्या श्रीवास्तव ने बिहार अंडर-7 गर्ल्स शतरंज चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया है। इससे पहले ऑल इंडिया फिड़े रेटिंग टूर्नामेंट के अंडर 7 गर्ल्स ग्रुप में पहले स्थान प्राप्त की थी। अब महाराष्ट्र में ऑल इंडिया टूर्नामेंट में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर भोजपुर शतरंज संघ की ओर से आनंद हॉस्पिटल में सम्मान समारोह हुआ, जहां उन्हें सम्मानित किया गया। ऑल बिहार शतरंज संघ द्वारा आयोजित बिहार राज्य अंडर-7 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज प्रतियोगिता, प्लेजेंट वैली स्कूल पटना में हुआ था। प्रतियोगिता के गर्ल्स वर्ग में आरा चेस अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अव्या श्रीवास्तव ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और भोजपुर जिले का नाम पूरे बिहार में रोशन किया। अव्या ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी पांचों राउंड में जीत दर्ज की। भोजपुर शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ. के. एन. सिन्हा ने अपने आवास स्थित रमना पकड़ी रोड के आनंद हॉस्पिटल सभागार में सम्मान समारोह किया।

# भाकपा-माले का राज्य सम्मेलन 16 से दरभंगा में, महागठबंधन नेताओं की होगी भागीदारी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भाकपा-माले का 12वां बिहार राज्य सम्मेलन 16 से 18 मई तक दरभंगा में होगा। सम्मेलन के खुले सत्र में इंडिया गठबंधन और महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के राज्यस्तरीय नेताओं की व्यापक भागीदारी होने की संभावना है। पार्टी की ओर से सहयोगी दलों के नेताओं को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया है। आरा के क्रांति पार्क में सम्मेलन का पोस्टर जारी करते हुए नगर कमिटी सदस्य रणधीर राणा, सत्यदेव, राजू प्रसाद और सुमित कुमार ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब देश और बिहार की राजनीतिक परिस्थितियां गंभीर दौर से गुजर रही हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को किनारे कर बिहार की सत्ता पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया है। परिणाम, विशेषकर पश्चिम बंगाल में भाजपा की अप्रत्याशित जीत और तमिलनाडु में डीएमके की हार ने विपक्ष के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। बिहार में बढ़ते बुलडोजर राज और लोकतांत्रिक संस्थानों पर हमलों के खिलाफ संघर्ष लगातार जारी है। रणधीर राणा ने कहा कि बिहार आज एक महत्वपूर्ण राजनीतिक मोड़ पर खड़ा है और लोकतंत्र की रक्षा की ऐतिहासिक जिम्मेदारी उसके सामने है।

# 45 लाख की शराब जब्त, डीसीएम ट्रक से 491 पेटियां बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर में उत्पाद विभाग ने मंगलवार को शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की। वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट (ऊपरी पुल) पर एक डीसीएम ट्रक से लगभग 45 लाख रुपये मूल्य की विदेशी शराब और बीयर बरामद की गई। इस दौरान ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने बताया कि यह कार्रवाई वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर नियमित जांच अभियान के दौरान हुई। चेक पोस्ट प्रभारी उत्पाद इंस्पेक्टर कुंदन कुमार के नेतृत्व में टीम वाहनों की सघन जांच कर रही थी। इसी क्रम में संदिग्ध डीसीएम ट्रक (रजिस्ट्रेशन नंबर एमएच 40 सीडी 6120) को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें शराब की बड़ी खेप छिपाई गई थी।

**खेप चंडीगढ़ से मुजफ्फरपुर ले जाई जा रही थीः** प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शराब की यह खेप चंडीगढ़ से मुजफ्फरपुर ले जाई जा रही थी। तस्करों ने शराब को ट्रक में इस तरह छिपाया था ताकि जांच के दौरान किसी को संदेह न हो। हालांकि, उत्पाद विभाग की सतर्कता से तस्करी की यह कोशिश नाकाम हो गई। उत्पाद विभाग के अनुसार, ट्रक से कुल 491 पेटियां बरामद की गईं। इनमें बुडवाइजर बीयर और क्लासिक ओल्ड हैबिट व्हिस्की के विभिन्न पैक शामिल हैं। जब्त की गई शराब में 3456 लीटर विदेशी शराब और 1188 लीटर बीयर थी, यानी कुल 4644 लीटर शराब और बीयर बरामद हुई।

**डीसीएम ट्रक को जब्त कर लियाः** मौके से गिरफ्तार चालक की पहचान नागपुर, महाराष्ट्र निवासी सोनू सिंह (45 वर्ष), पिता बलवीर सिंह के रूप में हुई है। उससे शराब तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। उत्पाद विभाग ने शराब और डीसीएम ट्रक को जब्त कर लिया है और बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और सीमावर्ती चेक पोस्टों पर जांच को और सख्त किया जाएगा, ताकि बिहार में अवैध शराब की आपूर्ति पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

# जहानाबाद में स्कूली बस और ट्रक की जोरदार टक्कर, कई बच्चे घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में मंगलवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मई हाल्ट के पास स्कूली बस और ट्रक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन स्कूली बच्चे समेत ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सभी घायलों को आनन-फानन में जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की बस मंगलवार सुबह जहानाबाद से बच्चों को लेकर गया की ओर जा रही थी। बस में करीब 30 बच्चे सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मई हाल्ट के पास एक बच्ची बस में चढ़ रही थी। इसी दौरान बस सड़क की गलत दिशा में खड़ी थी। तभी सामने से

## ट्रक चालक पीएमसीएच रेफर




तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक चालक अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि अजय कुमार घोसी थाना क्षेत्र के सरिसताबाद गांव का रहने वाला है। हादसे के बाद चालक ट्रक में ही फंस गया था, जिसे स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया।

दुर्घटना में बस पर चढ़ रही बच्ची मानसी कश्यप के सिर में गंभीर चोट लगी है। उसकी स्थिति को देखते हुए परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे पटना लेकर चले गए। वहीं बस में सवार हसीर कादरी और यूसुफ कादरी भी घायल हो गए। इसके अलावा कुछ अन्य बच्चों को हल्की चोटें आई हैं, जिनका इलाज जहानाबाद सदर अस्पताल में किया जा रहा है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। बच्चों के रोने और परिजनों के पहुंचने से माहौल काफी भावुक हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घायल बच्चों और ट्रक चालक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

घटना के बाद स्कूली बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। नगर थाना प्रभारी उमेश प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सड़क पर गलत दिशा में बस खड़ी होने की बात सामने आई है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच के बाद ही स्पष्ट जानकारी दी जाएगी। दुर्घटना के बाद कुछ देर तक एनएच-22 पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

## दानापुर स्टेशन के पास गांजा तस्कर गिरफ्तार, नेपाल से चेन्नई ले जाने की थी तैयारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**दानापुर।** पटना जिले के दानापुर में खगौल थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब दो किलो गांजा बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी नेपाल से गांजा लेकर चेन्नई जाने की तैयारी में था और ट्रेन पकड़ने के इंतजार में दानापुर स्टेशन के पास मौजूद था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अररिया जिले के घुरना बाजार निवासी मोहम्मद अशरफ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे दानापुर स्टेशन के दक्षिणी छोर स्थित घिरनी चौक के पास से दबोचा। गिरफ्तारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है। एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक नेपाल से गांजा लेकर दानापुर पहुंचा है। सूचना में यह भी बताया गया था कि वह चेन्नई जाने के लिए संघमित्रा एक्सप्रेस ट्रेन का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही खगौल थाना पुलिस सक्रिय हो गई और तत्काल छापेमारी की योजना बनाई गई।

पुलिस टीम ने घिरनी चौक के पास घेराबंदी कर संदिग्ध युवक की पहचान की। जांच के दौरान युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से करीब दो किलो गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और जब्त गांजा को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में गांजा तस्करी से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि गांजा की खेप नेपाल के किस इलाके से लाई गई थी और चेन्नई में इसे किस व्यक्ति या गिरोह तक पहुंचाया जाना था। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी समारोह में तोड़फोड़, पिता की मौत, पुलिस पर एक्शन नहीं लेने और दबाव बनाने का आरोप, जांच जारी

**हाजीपुर।** वैशाली के महनार थाना क्षेत्र के जावज गांव में 2 दिन पहले पिता ने बेटी का कन्यादान किया था। वहीं 2 दिन बाद पिता का शव घर से मिला है। मृतक कि पहचान वैशाली के महनार के जावज गांव के अशोक महतो (50) के रूप में हुआ है। बताया गया कि शादी समारोह में दबंगों ने तोड़फोड़ की थी और फिर पिता की संदिग्ध मौत हुई है। पिता दबंग का पैर हाथ पकड़ते रहे लेकिन दबंगों ने तोड़फोड़ करना नहीं रोका। आरोप है कि शादी समारोह में पहुंचे कुछ मनचलों और दबंगों ने पहले बारातियों के साथ मारपीट कि घटना को अंजाम दिया जिसके बाद बारात की गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई, कई वाहनों के शीशे तोड़ दिए गए, शादी के लिए बना खाना फेंक दिया गया। इसके साथ ही चूल्हा भी तोड़ दिया गया। परिजनों का आरोप है कि घटना के दौरान महनार पुलिस और 112 नंबर पर लगातार फोन किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची भी लेकिन परिजनों के अनुसार तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के बजाय पहले शादी कर लीजिए कहकर मामला को शांत कराने की कोशिश हुई। यहीं से अब पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों और पीड़ित परिवार का कहना है कि अगर उसी रात मारपीट, तोड़फोड़, खाना फेंकने, चूल्हा तोड़ने और घायलों के बयान के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाती तो अगर आरोपियों को उसी समय हिरासत में लिया जाता तो शायद आज एक बेटी के सिर से उसके पिता का साया नहीं उठता।

### अंचल अमीन 50 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार, हाजीपुर में जमीन मापी-परिमार्जन के लिए मांगे थे 3 लाख




**हाजीपुर।** वैशाली में स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) ने लालगंज अंचल कार्यालय में तैनात अंचल अमीन सुजीत कुमार को 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अमीन पर जमीन के परिमार्जन और मापी के काम के बदले लाखों रुपए रिश्वत मांगने का आरोप है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट के अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दाराद ने बताया कि सराय थाना क्षेत्र के इनायतपुर प्रबोधी सराय निवासी आनंद कुमार और लालगंज थाना क्षेत्र के मुर्गीयाचक निवासी पप्पू कुमार ने पटना स्थित विशेष निगरानी इकाई में शिकायत दर्ज कराई थी। दोनों ने जमीन के परिमार्जन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसके निष्पादन के लिए अमीन सुजीत कुमार रिश्वत की मांग कर रहे थे। शिकायत के अनुसार, पप्पू कुमार की छह हिस्से वाली जमीन की मापी और परिमार्जन के लिए तीन लाख रुपए की मांग किए गए थे, जबकि आनंद कुमार से 60 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। लगातार दबाव बनाए जाने के बाद पीड़ितों ने निगरानी इकाई से संपर्क किया। विशेष निगरानी इकाई ने शिकायत मिलने के बाद मामले का गोपनीय सत्यापन कराया। जांच में पुष्टि हुई कि अंचल अमीन सुजीत कुमार वास्तव में रिश्वत की मांग कर रहे थे। सत्यापन रिपोर्ट सही पाए जाने के बाद एसवीयू थाना में कांड संख्या-18/2026, 11 मई 2026 दर्ज किया गया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा-7 (संशोधित 2018) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस उपाधीक्षक चंद्रभूषण के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। योजना के तहत पप्पू कुमार को रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपए लेकर आरोपी के पास भेजा गया। जैसे ही सुजीत कुमार ने रुपए स्वीकार किए, पहले से तैनात निगरानी टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### व्यक्ति से 1 लाख रुपये की ठगी, बदमाशों ने बातों में उलझाकर झोले से निकाले पैसे,साइकिल से घर लौट रहे थे

**हाजीपुर।** लालगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से एक लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने नुनु बाबू चौक के समीप एक व्यक्ति को बातों में उलझाकर उसके झोले से एक लाख रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, शाहपुर कासिम निवासी दुखा सिंह सोमवार को लालगंज स्थित स्टेट बैंक से एक लाख दस हजार रुपये निकालकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। वे जैसे ही कमर्स कॉलेज नहर के पास पहुंचे, वहां पहले से खड़े एक व्यक्ति ने उन्हें रुकने का इशारा किया। उस व्यक्ति ने अपनी बेटी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर दुखा सिंह से किसी डॉक्टर के बारे में पूछना शुरू कर दिया। इसी दौरान दो अन्य युवक बाइक से वहां पहुंचे और बातचीत में शामिल हो गए। बातों में उलझाकर बदमाशों ने दुखा सिंह का ध्यान भटका दिया। जब तक दुखा सिंह कुछ समझ पाते, उनके झोले से एक लाख रुपये निकाल लिए गए। बदमाशों ने झोले में केवल दस हजार रुपये छोड़कर बाकी पैसे लेकर बाजार की ओर फरार हो गए। घर पहुंचने पर जब दुखा सिंह ने अपना झोला देखा, तो उन्हें ठगी का पता चला। झोले में केवल दस हजार रुपये ही बचे थे। इसके बाद उन्होंने अपने पुत्र किशन के साथ घटनास्थल पहुंचकर लालगंज थाना को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। पुलिस मामले की जांच कर बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### पद्मश्री कृषि वैज्ञानिक डॉ. गोपालजी त्रिवेदी का निधन, पटना में ली अंतिम सांस

**मुजफ्फरपुर।** पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और पूर्व कुलपति डॉ. गोपालजी त्रिवेदी का मंगलवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने पटना के मेदांता अस्पताल में सुबह करीब 5:30 बजे अंतिम सांस ली। उनके पुत्र डॉ. रमन त्रिवेदी ने बताया कि रविवार को सांस संबंधी परेशानी होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद उनका निधन हो गया। गायघाट प्रखंड स्थित मतलुपुर गांव निवासी डॉ. त्रिवेदी कृषि क्षेत्र में अपने नवाचारों और किसानों की आय बढ़ाने वाले मॉडल के लिए देशभर में जाने जाते थे। विज्ञान और इंजीनियरिंग श्रेणी में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री सम्मान मिला था। डॉ. गोपालजी त्रिवेदी ने विशेष रूप से मुजफ्फरपुर की पहचान मानी जाने वाली लीची के पुराने बागों को बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए "पुनर्जीवन कैनोपी मैनेजमेंट" तकनीक विकसित की थी। वर्ष 2003 में शुरू की गई इस तकनीक के तहत 40-50 साल पुराने और अनुत्पादक लीची पेड़ों की वैज्ञानिक तरीके से कटाई-छंटाई कर उन्हें फिर से फलदार बनाया जाता था। पेड़ों की ऊंचाई कम कर नई शाखाओं के विकास को बढ़ावा दिया जाता था, जिससे पुराने बागों को हटाए बिना ही नए पेड़ों जैसी उपज मिलने लगी। प्रारंभिक प्रयोग में ही उनके बाग के 10 पेड़ों से सवा क्विंटल तक अतिरिक्त उत्पादन हुआ था। मुजफ्फरपुर में करीब 12 हजार हेक्टेयर में लीची की खेती होती है। ऐसे में उनकी तकनीक ने हजारों किसानों को पुराने बागों के संरक्षण और बेहतर उत्पादन का रास्ता दिखाया। डॉ. त्रिवेदी ने जलजमाव वाले क्षेत्रों में खेती को नई दिशा देने का भी काम किया। उन्होंने मखाना, सिंघाड़ा और मत्स्य आधारित समेकित खेती को बढ़ावा देकर परती और जलजमाव वाली जमीन को उपयोगी बनाया। उनके प्रयास से 22 किसानों ने 86 एकड़ भूमि को मत्स्य आधारित खेती मॉडल में विकसित किया। इस मॉडल में मछली पालन, पौधारोपण और अन्य फसलों की खेती एक साथ की जाती थी। इसे 'बाबा परियोजना' यानी बिहार एक्वाकल्चर बेस्ड एग्रीकल्चर परियोजना के नाम से पहचान मिली। इससे भूजल स्तर में सुधार के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए। राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (पूर्व में राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय) के पूर्व कुलपति भी रहे। कृषि विस्तार, तकनीकी आधारित खेती, किसानों की आय दोगुनी करने और सतत कृषि मॉडल पर उनका कार्य बेहद प्रभावशाली माना जाता है।

## यात्रियों की सुविधा के लिए रक्सौल-नरकटियागंज के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, पूर्व मध्य रेल ने जारी किया शेड्यूल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ और यात्रा सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेल ने रक्सौल और नरकटियागंज के बीच एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार गाड़ी संख्या 05543/05544 रक्सौल-नरकटियागंज स्पेशल ट्रेन का परिचालन विशेष रूप से यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया जाएगा। रेलवे के अनुसार यह स्पेशल ट्रेन 16 मई 2026 से संचालित की जाएगी। ट्रेन का परिचालन सप्ताह में दो दिन, प्रत्येक शनिवार और गुरुवार को किया जाएगा। इस सेवा के शुरू होने से सीमावर्ती क्षेत्रों के यात्रियों, व्यापारियों तथा दैनिक यात्रियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

**रक्सौल से नरकटियागंज के लिए ऐसे चलेगी स्पेशल ट्रेन:** गाड़ी संख्या 05543 रक्सौल-नरकटियागंज स्पेशल 16 मई 2026 से प्रत्येक शनिवार और गुरुवार को रक्सौल स्टेशन से दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रास्ते में सिकटा स्टेशन पर 2 बजकर 38 मिनट पर ठहरेगी और इसके बाद नरकटियागंज स्टेशन पर शाम 3 बजकर 35 मिनट पर पहुंचेगी।

**वापसी में नरकटियागंज से रक्सौल के लिए यह रहेगा समय:** वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 05544 नरकटियागंज-रक्सौल स्पेशल प्रत्येक शनिवार और गुरुवार को नरकटियागंज स्टेशन से शाम 7 बजकर 40 मिनट पर खुलेगी। ट्रेन सिकटा स्टेशन पर रात 8 बजकर 3 मिनट पर ठहराव करेगी और रात 8 बजकर 50 मिनट पर रक्सौल पहुंचेगी। पूर्व मध्य रेल के अधिकारियों ने बताया कि गर्मी के मौसम और विभिन्न कारणों से इस रूट पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

ऐसे में अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी और नियमित ट्रेनों में भीड़ का दबाव कम होगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान रेलवे नियमों का पालन करें तथा समय से स्टेशन पहुंचकर यात्रा करें। इस स्पेशल ट्रेन के परिचालन से रक्सौल, सिकटा और नरकटियागंज के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलने की उम्मीद है।

# मसौढ़ी में जनगणना कार्य पर उठे सवाल, मृत व्यक्ति को बनाया परिवार का मुखिया

## लोगों ने लगाया लापरवाही का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना जिले के मसौढ़ी नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे डिजिटल जनगणना कार्य में कथित अनियमितता और लापरवाही का मामला सामने आया है। नगर परिषद के वार्ड संख्या 31 स्थित मोहल्ला मालिकाना के लोगों ने आरोप लगाया है कि जनगणना कार्य में तैनात प्रगणक ने बिना घर-घर जाकर सही जानकारी जुटाए ही मनमाने तरीके से डेटा भर दिया। इतना ही नहीं, एक परिवार में 14 वर्ष पहले मृत हो चुके व्यक्ति को ही परिवार का मुखिया बना दिया गया। मामले के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है और जांच कर कार्रवाई की मांग की जा रही है। भारत सरकार द्वारा पहली बार डिजिटल माध्यम से जनगणना कराई जा रही है। इसके तहत सेल्फ एन्यूमरेशन अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि लोग स्वयं भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकें। साथ ही प्रगणकों को निर्देश दिया गया है कि वे घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से सावधानीपूर्वक सही और सटीक जानकारी एकत्र करें। लेकिन मसौढ़ी में सामने आए इस मामले ने जनगणना की पारदर्शिता और प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित प्रगणक गजेंद्र राज केवल एक बार मोहल्ले में पहुंचे थे। उस दौरान उन्होंने कुछ लोगों से कॉपी पर दो-तीन सामान्य सवाल पूछे और फिर चले गए। लोगों का कहना है कि न तो उन्होंने डिजिटल डिवाइस के माध्यम से पूरी जानकारी दर्ज की और न ही किसी परिवार से जनगणना से जुड़ी आईडी या अन्य आवश्यक जानकारी ली। आरोप है कि बाद में प्रगणक ने स्वयं ही सभी 33 प्रश्नों के उत्तर भरकर डेटा सुपरवाइजर को भेज दिया।

मामले का खुलासा मंगलवार 12 मई 2026 को तब हुआ जब मोहल्ले के कुछ लोगों ने सुपरवाइजर सलीम से संपर्क कर बताया कि उनके क्षेत्र में अभी तक डिजिटल माध्यम से जनगणना नहीं की गई है। इस पर सुपरवाइजर ने जानकारी दी कि संबंधित प्रगणक द्वारा 15 से 20 लोगों का डेटा पहले ही जमा किया जा चुका है। यह सुनकर लोग हैरान रह गए। शिकायत मिलने के बाद सुपरवाइजर ने प्रगणक को फटकार भी लगाई।

इसके बाद प्रगणक शिकायतकर्ता के पास पहुंचे और जनगणना से संबंधित डेटा और जानकारी मांगने लगे। इस पर शिकायतकर्ता ने सवाल उठाया कि जब उनसे कोई विस्तृत जानकारी ली ही नहीं गई, तो 33 प्रश्नों के उत्तर भरकर जनगणना पूरी कैसे कर दी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने स्वयं ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन कर लिया था और प्रगणक के आने का इंतजार कर रहे थे, ताकि आईडी साझा की जा सके। इसी दौरान उन्हें पता चला कि परिवार के जिस सदस्य की 14 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है, उसे परिवार का मुखिया दर्शा दिया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एक परिवार के साथ ऐसी गलती हुई है, तो यह जांच का विषय है कि इलाके में और कितने लोगों का डेटा गलत तरीके से भरा गया होगा। कई अन्य लोगों ने भी आरोप लगाया कि उनके घरों में भी डिजिटल डिवाइस के जरिए सही तरीके से जनगणना नहीं की गई। ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल में चला नशामुक्ति जागरूकता अभियान, बच्चों ने रैली निकालकर दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** समाज को धूम्रपान और तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल में "नशामुक्त भारत, स्वस्थ भविष्य" अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा पांचवीं और छठी के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने हाथों में स्लोगन और संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने की अपील की। "तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो", "नशा छोड़ो, स्वास्थ्य अपनाओ" और "स्वस्थ युवा, मजबूत भारत" जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

इसके साथ ही विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। बच्चों




ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से यह दर्शाने का प्रयास किया कि धूम्रपान और तंबाकू सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर और संदेशों को शिक्षकों एवं अभिभावकों ने काफी सराहा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशे की लत आज समाज के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है और इससे बचाव के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने विद्यार्थियों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सकारात्मक सोच और सामाजिक चेतना विकसित करते हैं।

उप-प्राचार्या उषा सिन्हा ने कहा कि विद्यालय केवल शैक्षणिक शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने की शपथ ली।

# NEET विवाद पर बोले बिपिन सिन्हा, "छात्रों का मनोबल टूटने नहीं देंगे"

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** NEET UG 2026 परीक्षा में पेपर लीक एवं अनियमितताओं को लेकर परीक्षा रद्द होने की चर्चाओं के बीच छात्रों और अभिभावकों में भारी चिंता एवं असमंजस का माहौल देखा जा रहा है। वर्षों की कठिन मेहनत और सपनों के साथ परीक्षा देने वाले लाखों छात्र मानसिक तनाव, दबाव और भविष्य की अनिश्चितता से जूझते दिखाई दे रहे हैं। कई छात्रों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बार-बार पेपर लीक जैसी घटनाओं से देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है।

इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए GOAL Institute के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिन्हा ने कहा कि NEET जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने जैसी घटनाएं छात्रों के मनोबल को गहराई से प्रभावित करती हैं।



उन्होंने कहा कि जब कोई छात्र वर्षों तक दिन-रात मेहनत करता है और फिर ऐसी परिस्थितियों का सामना करता है, तो उसका परीक्षा प्रणाली पर से विश्वास कमजोर होने लगता है। इससे छात्र गंभीर तनाव, चिंता एवं मानसिक दबाव के शिकार हो जाते हैं।

बिपिन सिन्हा ने कहा कि GOAL Institute हमेशा छात्रों के सपनों और उनके मानसिक संतुलन को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने अपने छात्रों के लिए विशेष "Re-NEET Success Support Program" तैयार किया है। इस सुव्यवस्थित एवं परिणामोन्मुख कार्यक्रम के तहत छात्रों को रणनीतिक तैयारी कराने के लिए नियमित फ्री टेस्ट, टीचर्स के साथ डाउट सेशन, ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज तथा पर्सनल होम पैरेंट काउंसलिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि छात्र अपनी कमजोरियों को पहचानकर उन्हें मजबूत बना सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि छात्र इस विशेष कार्यक्रम को अनुशासन और सही दिशा के साथ फॉलो करते हैं, तो वे री-NEET परीक्षा में पहले से बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने डॉक्टर बनने के सपने को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान छात्रों के आत्मविश्वास, मानसिक मजबूती और सफलता के लिए हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है।

संस्थान की ओर से शुरू की गई इस पहल को छात्रों के लिए केवल अकादमिक सहायता ही नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में उनका मनोबल बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# बांकीपुर बस स्टैंड को तोड़कर बनेगा 5 स्टार होटल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना का बांकीपुर बस स्टैंड अब इतिहास बनने जा रहा है। यात्रियों की भीड़ और बसों की आवाजाही से गुलजार रहने वाला यह परिसर अब एक नई कहानी लिखने जा रहा है। गांधी मैदान के कारगिल चौक के पास स्थित 67 साल पुराने इस बस डिपो को तोड़कर एक फाइव स्टार होटल का निर्माण किया जाएगा। एक महीने के अंदर इस परिसर को खाली करने की तैयारी है।

**बांकीपुर बस स्टैंड का इतिहास:** पटना का बांकीपुर बस स्टैंड बिहार के परिवहन इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह डिपो दशकों तक पटना की परिवहन व्यवस्था की रीढ़ रहा है। इसकी शुरुआत साल 1959 में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (BSRTC) की स्थापना के साथ हुई थी। यह डिपो दशकों तक पटना, आसपास के जिलों और विशेष रूप से लंबी दूरी की बसों के लिए प्रमुख केंद्र बना रहा। बस स्टैंड लगभग 3.5 एकड़ में फैला है।

**जेपी गंगा पथ के किनारे बनेगा नया बस स्टैंड:** ऐसी चर्चा है कि बांकीपुर बस स्टैंड शिफ्ट करने के लिए जेपी गंगा पथ किनारे 5 एकड़ में नया बस स्टैंड बनाया जाएगा। गंगा नदी के किनारे वाली सड़क के उत्तर में जगह चुना गया है। पिछले दिनों जमीन की नापी कर सीमांकन किया गया।



BSRTC ने नए बस स्टैंड के लिए भूमि के औपचारिक आवंटन की मांग करते हुए जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। जब तक आधिकारिक रूप से जमीन का आवंटन नहीं हो जाता तब तक बस संचालन का प्रबंधन कई स्थानों से किया जाएगा।

**सिटी बसों का परिचालन मल्टी मॉडल हब से किया जाएगा:** फिलहाल सिटी बसों का परिचालन मल्टी मॉडल हब और फुलवारीशरीफ स्थित डिपो से किया जाएगा। वहीं, बैरिया स्थित ISBT से अभी प्राइवेट बसों का परिचालन हो रहा है। वहां से भी कुछ जिलों की सरकारी बसों का परिचालन होना है। कुछ बसों को पहले से ही गंगा पथ के पास खड़ा किया जा रहा है और परिचालन समय के दौरान उन्हें कारगिल चौक पर लाया जा रहा है।

बांकीपुर बस स्टैंड की जमीन पर लग्जरी ताज होटल बनेगा। इसके लिए मार्च महीने में बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BSTDCL) और सारगा होटल प्राइवेट लिमिटेड के बीच MoU साइन हुआ था। यह समझौता सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत हुआ है। इस समझौते के मुताबिक द इंडियन होटल समूह द्वारा फाइव स्टार ताज होटल का निर्माण किया जाएगा। होटल निर्माण के लिए DPR तैयार हो गया है। 3D इमेज बनाई गई है। बस स्टैंड खाली होने का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद फाइनल पोजिशनिंग की जाएगी। किसी भी तरह के बदलाव होने पर फिर से स्ट्रक्चरिंग की जाएगी। एक बार जगह खाली होने के बाद, पटना नगर निगम से NOC के लिए अप्लाई किया जाएगा। फिर काम शुरू होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल से लोकायुक्त की शिष्टाचार भेंट



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को लोक भवन में राज्य के लोकायुक्त न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच राज्य के प्रशासनिक और विधिक विषयों को लेकर सामान्य चर्चा हुई। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

### बंगाल में नवनियुक्त मुख्य सचिव को मारवाड़ी समाज ने दी बधाई




**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद तथा संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मंगलवार को मनोज कुमार अग्रवाल को पश्चिम बंगाल का मुख्य सचिव (सीएस) नियुक्त किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। सम्मेलन के पदाधिकारियों ने कहा कि मनोज कुमार अग्रवाल की यह उपलब्धि मारवाड़ी समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग शिक्षा, प्रशासन, व्यापार, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा एवं कार्यकुशलता से देशभर में विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि मनोज कुमार अग्रवाल अपने प्रशासनिक अनुभव, कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से पश्चिम बंगाल के विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को नई दिशा देंगे। बधाई देने वालों में प्रदीप लोधा, अजय पोद्दार, विजय ओझा, पीयूष कनोडिया, भरत झावर, सुकान बगड़ी आदि मौजूद थे।

### सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियों को 20-20 साल की सजा



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चर्चित चाकुलिया अपहरण एवं सामूहिक दुष्कर्म मामले में एडीजे-1 कनकन पटाधार की अदालत ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए तीनों दोषियों महेश्वर महतो, सूजन टुडू और अजय मुर्मू को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के बाद पीड़िता के परिजनों ने राहत जताते हुए कहा कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर भरोसा था और आखिरकार दोषियों को उनके अपराध की सजा मिल गई। मामला 8 मई 2023 का है। पीड़िता अपनी सहेली के साथ चाकुलिया में लगे मेले से लौट रही थी। इसी दौरान वह एक निर्माणाधीन मकान के पास बैठी थी, तभी बाइक सवार तीनों आरोपित वहां पहुंचे। आरोपितों ने पीड़िता की सहेली को धमकाकर वहां से भगा दिया और युवती का जबरन अपहरण कर उसे नदी किनारे ले गए। वहां तीनों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और बाद में गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गए थे। घटना के अगले दिन चाकुलिया थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कई गवाहों और वैज्ञानिक साक्ष्यों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। कोर्ट ने पांच मई को ही तीनों को दोषी करार दिया था।

### पूर्वी सिंहभूम में दो किशोरों ने की खुदकुशी



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के ग्रामीण इलाके में दो अलग-अलग घटनाओं में दो किशोर ने खुदकुशी कर ली। दोनों घटनाओं के बाद परिवारों में मातम पसरा हुआ है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक घटना गोविंदपुर थाना क्षेत्र के लुआबासा गांव की है, जबकि दूसरी घटना बोड़ाम थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव से सामने आई है। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के लुआबासा गांव निवासी 17 वर्षीय चैतन्य सिंह ने सोमवार देर रात अपने घर में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। बताया गया कि चैतन्य गांव के एक शादी समारोह में शामिल होने गया था, जहां उसने दोस्तों के साथ काफी देर तक डांस और मस्ती भी की थी। रात में वह घर लौटा और कमरे में जाकर फंदे से झूल गया। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था, क्योंकि परिवार के अन्य सदस्य भी दूसरे गांव में शादी समारोह में गए हुए थे। देर रात करीब साढ़े बारह बजे जब परिजन लौटे तो चैतन्य को के फंदे से लटका देख चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची गोविंदपुर थाना पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि प्रेम प्रसंग में तनाव या किसी विवाद के कारण उसने यह कदम उठाया। परिजनों के अनुसार वह 10 मई की शाम मेला घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन ग्रामीणों ने जंगल में उसका शव देखा, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बोड़ाम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता सुनील बेसरा ने बताया कि वैद्यनाथ फुटबॉल का अच्छा खिलाड़ी था और उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों में खुदकुशी के कारणों की जांच कर रही है।

### तीर मारकर बुजुर्ग को घायल करने वाला आरोपित गिरफ्तार



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर एक बुजुर्ग पर तीर-धनुष से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बहामन टूटी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। पुलिस के अनुसार 9 मई 2026 को सूचना मिली थी कि झींकपानी थाना क्षेत्र के टंकी बांदा के पास चुइया बिरुली (60), पिता स्वर्गीय मूंगा बिरुली, निवासी बेतिया, थाना झींकपानी को भगवान बिरुली उर्फ दोपे (39), पिता स्वर्गीय लागो बिरुली, निवासी चिड़िया पहाड़ी ने पुराने रंजिश के कारण तीर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। स्थिति में सुधार होने पर पीड़ित का फर्दबयान दर्ज किया गया, जिसके आधार पर झींकपानी थाना (कांड संख्या 17/26) दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि पुराने विवाद के कारण उसने हत्या की नीयत से तीर-धनुष से हमला किया था। आरोपित के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तीर-धनुष बरामद कर जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपित को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में राजीव रंजन मिश्रा, दीपक कुमार मोहंती सहित झींकपानी थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

# नर्सिंग केवल पेशा नहीं, मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम : मुनमून चक्रवर्ती

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित फ्लेबोटोमी ट्रेनिंग सेंटर में संस्कृति सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नर्सों के समर्पण, सेवा भावना और मानवता के प्रति उनके योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने नर्सिंग पेशे की महत्ता पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत संबोधन के साथ हुई। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर खुशियां साझा की गईं। विद्यार्थियों ने नर्सों के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि मरीजों की देखभाल में नर्सें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में धैर्य, संवेदनशीलता और सेवा भावना के साथ कार्य कर समाज को नई दिशा देने का काम किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की संस्थापक मुनमून चक्रवर्ती ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में नर्सों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा कर यह साबित किया कि वे समाज की सच्ची योद्धा हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से भी सेवा भावना और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. रंजन कृष्ण बोस ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में संवेदनशीलता, धैर्य और अनुशासन सबसे जरूरी गुण हैं। उन्होंने कहा कि एक अच्छे स्वास्थ्यकर्मी का दायित्व केवल मरीज का इलाज कराना नहीं, बल्कि उसे बेहतर मानसिक सहयोग देना भी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मानवता और सेवा के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने नर्सिंग पेशे से जुड़े अनुभव साझा किए और भविष्य में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल को याद करते हुए उनके योगदान पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का समापन नर्सों के सम्मान और मानव सेवा के प्रति समर्पण की भावना के साथ किया गया।

## रांची के बार-रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचे कर्मचारी

**एजेंसी। रांची**



रांची के लालपुर थाना क्षेत्र के करमटोली चौक स्थित लीवी बार एंड रेस्टोरेंट में मंगलवार के तड़के सुबह चार बजे आग लग गई। अगलगी में पूरा रेस्टोरेंट जलकर खाक हो गया। रेस्टोरेंट के मालिक ने बताया कि सुबह करीब चार बजे सूचना मिली कि रेस्टोरेंट में आग लग गई है। सूचना मिलने के बाद लालपुर पुलिस और अग्निशमन विभाग के दमकल मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करना पड़ा। इस दौरान दमकलकर्मियों ने मेन गेट तोड़कर आग बुझाना शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बाहर भी स्थिति खराब थी। आग की लपटें ट्रांसफार्मर तक पहुंच रही थीं, जिसके बाद पुलिस के सहयोग से बाहर की आग पर भी काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि लीवी बार एंड रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। बार मालिक ने फिलहाल किसी भी तरह के साजिश से इनकार किया है। इस आगलगी में भारी नुकसान हुआ है। रेस्टोरेंट का किचन, डांस फ्लोर और सारा फर्नीचर जलकर राख हो गया। कुछ कर्मचारी अंदर सोए हुए थे, जिन्होंने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। लालपुर थाना प्रभारी रूपेश सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अग्निशमन विभाग के दमकल कर्मियों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## सड़क हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की मौत, दो युवक गंभीर

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत भिलाई पहाड़ी स्थित अवध डेंटल कॉलेज के पास मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय प्रमोद कुंडू की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर के कारण हुआ। मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद कुंडू उलिडीह ओपी के पास स्थित संजीविनी नेत्रालय नर्सिंग होम में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे। मंगलवार को ड्यूटी खत्म करने के बाद वह अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अवध डेंटल कॉलेज के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर मुखियाडांगा निवासी विशाल और मोनू सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी तथा घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद प्रमोद कुंडू को मृत घोषित कर दिया, जबकि विशाल और मोनू का इलाज जारी है। हादसे की खबर मिलते ही प्रमोद के घर में मातम छा गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संत जेवियर्स विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) की ओर से चलाए जा रहे 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को संत जेवियर्स विद्यालय में लीगल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डीएलएसए सचिव रवि चौधरी ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बाल श्रम, बाल विवाह, मानव तस्करी और साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों से मजदूरी कराना दंडनीय अपराध है और इससे उनके शारीरिक तथा मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने की सलाह दी। रवि चौधरी ने बाल तस्करी को गंभीर सामाजिक अपराध बताते हुए कहा कि कई बार बड़े शहरों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बच्चों और युवाओं का शोषण किया जाता है। उन्होंने ऐसे मामलों की सूचना तुरंत डीएलएसए के टोल फ्री नंबर 15100, चाइल्डलाइन 1098 और पुलिस हेल्पलाइन 100 अथवा 112 पर देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर भी बच्चों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने, सड़क संकेतों को समझने और सुरक्षित यातायात के प्रति जिम्मेदार बनने की सलाह दी गई। डीएलएसए सचिव ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल नशा पीड़ितों और उनके परिवारों को कानूनी सहायता, परामर्श और पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। उन्होंने मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले कानूनी और सामाजिक दुष्परिणामों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। साइबर सुरक्षा विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रवि चौधरी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी , पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को अनजान लिंक और संदिग्ध ऑनलाइन संदेशों से सावधान रहने की सलाह दी तथा किसी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत अभिभावकों को जानकारी देने को कहा। साइबर अपराध की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई।

## बागबेड़ा में कवयित्री सम्मेलन आयोजित




**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर-1 स्थित शांति निकेतन मिडल एंड हाई स्कूल परिसर मंगलवार को साहित्य और संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। शकुंतला हिंदी साहित्य एवं सांस्कृतिक दर्पण मंच की ओर से आयोजित भव्य कवयित्री सम्मेलन में रांची और जमशेदपुर से पहुंचीं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। सम्मेलन की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई, जिसकी प्रस्तुति कवयित्री वीणा पाण्डेय भारती ने दी। मंच संचालन मंच की संस्थापक कवयित्री अंकिता सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में कवयित्री उपासना सिन्हा, माधवी उपाध्याय और वीणा पाण्डेय भारती ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं को शब्दों में पिरोया। कविताओं में नारी सशक्तिकरण, सामाजिक सरोकार, प्रकृति प्रेम और राष्ट्रभक्ति की झलक देखने को मिली, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट पूजा दत्ता और शिक्षाविद पारस नाथ मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान मुखिया मायावती टुडू, नीनू कूदादा, उप मुखिया सुरेश निषाद, संतोष ठाकुर, कुमुद यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक केपी सिंह तथा समाजसेवी मोतीता सिंह ने संयुक्त रूप से सभी कवयित्रियों को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी, शिक्षक और स्थानीय लोग शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान श्रोताओं में कविता और साहित्य के प्रति गहरा उत्साह देखने को मिला। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा कि ऐसे साहित्यिक आयोजन समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करते हैं और नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

**झारखण्ड सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग जिला खनन कार्यालय, गढ़वा।**
email:- dmo-garhwa@jharkhandmail.gov.in
**आवश्यक सूचना**

गढ़वा जिलान्तर्गत कैटेगरी–02 के कुल–08 बालूघाटों की ई–नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यवयसायीगण, सदस्य/प्रतिनिधि, चैंबर्स ऑफ कॉमर्स गढ़वा, को सूचित किया जाता है कि कैटेगरी–2 के चिन्हित कुल–18 बालूघाटों की ई–नीलामी अगामी 05 वर्षो के लिए किया जाना है, जिसमें नीलामी से पूर्व अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई है, जिसमें बालूघाटों की ई–नीलामी से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ–साथ आप सभी के सुझाव पर विशेष चर्चा करते हुए जिले के कुल–18 बालूघाटों की सफल ई–नीलामी आयोजित किया जाना है। उक्त के आलोक में दिनांक–16.05.2026 को (दिन–शनिवार) 11.00 बजे पूर्वाहन् में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि जिला खनन कार्यालय, गढ़वा में दिनांक–16.05.2026 को 11.00 बजे पूर्वाहन् में उपरोक्त आयोजित बैठक में ससमय भाग लेने की कृपा की जाय।

ह/0
जिला खनन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 379618 Mines and Geology(26-27)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**जिला योजना अनाबद्ध निधि**
**अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 02/2025-26/RWD/GARHWAदिनांक – 12.05.2026

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/ 06/2025-26 (3rd Call) | ग्राम अंचला में बस्ती से श्मशान घाट तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य। | 44.508 | चौवालीस लाख पचास हजार आठ सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18.05.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.05.2026 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–28.05.2026 पूर्वाहन 11:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
5. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 379598 (Rural Work Department) 26-27 (D)

**OFFICE OF THE MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
e-mail :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

**Tender Notice**
**e-Procurement Tander Notice**
**Tender Reference No.-UDHD/MMC/05/2026-27**
**Date :- 13/05/2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of Chhahmuhan Green Project, Under Medininagar Municipal Corporation |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 4,86,15,831/- |
| 3 | Time of Completion | 18 Month |
| 4 | Bid Security* (Rs.) | 4,86,158/- |
| 5 | Cost of Document (Rs) | 10,000/- |
| 6 | Date of Publication of Tender on Website | 13/05/2026 AT 10:00 AM |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | 13/05/2026 AT 10:00 AM |
| 8 | Pre-bid meeting | 22/05/2026 AT 03:00 PM |
| 9 | Last Date/Time of Submission of Bids | 03/06/2026 AT 02:00 PM |
| 10 | Date Of Bid Opening | 04/06/2026 AT 02:00 PM |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | e-Procurement Cell Municipal Commissioner –Cum-AdministratorMedininagar Municipal Corporation |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

Note- Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through http://jharkhand tenders.gov.in Any change can be seen on Website http:// jharkhand tenders.gov.in Any other information can be seen on http://jharkhand tenders.gov.in

sd/-
Municipal Commissioner
Medininagar Municipal Corporation

PR 379591
District(26-27).D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 01/वर्ष 2026–27**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 20.05.2026 को 11.00 बजे पूर्वाहन से 1.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 21.05.2026 को 11.00 बजे अपराहन से 01.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 21.05.2026 को 02:00 बजे पूर्वाहन नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of Mayor Room, Medininagar Municipal Corporation | 4,85,600/- | 9800 | 1000 | दो माह |
| 2 | Renovation of Deputy Mayor Room, Medininagar Municipal Corporation | 4,24,900/- | 8500 | 1000 | दो माह |

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 379557 District(26-27)D

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिपुरा में पिता-बेटी ने साथ पास की 12वीं परीक्षा, नौकरी गंवाने के बाद भी नहीं मानी हार

**अगरतला , एजेंसी।** त्रिपुरा के दुधु मिया ने इस साल अपनी बेटी के साथ 12वीं की परीक्षा



पास की है। वह मैट्रिक पास होकर सरकारी स्कूल में शिक्षक थे। लेकिन मार्च 2020 में उनकी नौकरी चली गई। तब उन्होंने अपनी बेटी की पढ़ाई जारी रखने के लिए छोटा व्यवसाय शुरू किया और अब खुद भी उसके साथ 12वीं की परीक्षा पास कर ली। दरअसल दुधु ने हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा पास की थी। इसके बाद वह सरकारी स्कूल में शिक्षक बन गए। लेकिन 2014 में स्कूल शिक्षकों के चयन प्रक्रिया से जुड़े एक विवाद के कारण वे जांच के दायरे में आ गए। बाद ने हाई कोर्ट के आदेश पर पूरे ग्रामीण त्रिपुरा में लगभग 10,000 भर्तियों की जांच के बाद दुधु को नौकरी गंवानी पड़ी। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था, लेकिन शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को खारिज कर दिया। बेटी की पढ़ाई बीच में न छूट जाए, इसलिए उन्होंने एक दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम किया और एक छोटा-मोटा व्यवसाय शुरू किया। जब उनकी बेटी 12वीं में पहुंची तो दुधु ने भी बेटी के कहने पर परीक्षा फॉर्म भर दिया। सिपाहीजाला ज़िले के जम्पुईजाला शहर में स्थित प्रमोद नगर हायर सेकेंडरी स्कूल में दोनों ने साथ परीक्षा दी। परिणाम घोषित होने पर दोनों सफल हुए। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, उनकी बेटी रुमा ने बताया कि पढ़ाई-लिखाई में मेरे पिता की हमेशा से ही गहरी रुचि रही है। हम एक साथ ही एक जैसे विषयों की पढ़ाई करते थे, और जब भी मुझे किसी मदद की ज़रूरत होती थी, तो वे शिक्षक की भूमिका निभाते थे। दुधु ने कहा कि अब वह ग्रेजुएशन की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### गेट पर डाला कूड़ा, हड़ताली कर्मचारियों ने बंद किया अफसरों का रास्ता

**फरीदाबाद, एजेंसी।** पिछले एक माह से हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को सुबह नगर निगम मुख्यालय के सामने गेट पर कूड़ा डाल दिया। जिससे मुख्यालय के आने जाने का रास्ता बंद हो गया। सर्वकर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बलबीर बाल गुहेर ने बताया कि निगम मुख्यालय के बाहर बैठे सफाई कर्मचारियों की मांगों को सरकार द्वारा लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। इसके साथ ही दमकल विभाग में शहीद हुए साथियों को लेकर भी सरकार की ओर से अभी तक फैसला नहीं लिया गया है। उनके बच्चों के पालन पोषण का संकट पैदा हो गया है। नगर निगम आयुक्त कर्मचारियों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का कोई भी प्रयास नहीं कर रहे हैं। हड़ताल की वजह से शहर में गंदगी का ढेर लग गया है। अधिकारियों को नींद से जगाने के लिए निगम मुख्यालय के सामने कूड़े का ढेर डाला गया है।

### कुत्ते की मौत पर भड़की महिला ने गार्ड को सरेराह पीटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक कथित डाग लवर महिला को कीर्ति नगर थाने के ठीक सामने एक निजी सुरक्षा गार्ड पर चप्पलों और थप्पड़ों की बौछार करते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान पुलिसकर्मी बीच-बचाव करने के बजाय मूकदर्शक बने रहे, जिसे लेकर आम जनता में भारी आक्रोश है। हमलावर महिला की पहचान जसमीत कौर के रूम में और निजी सुरक्षा गार्ड की पहचान विनोद। पुलिस इस मामले में किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलने की बात कह रही है। पुलिस के अनुसार, घटना की जड़ 7 मई की शाम को हुई एक वारदात है। आरोप है कि जे-ब्लाक, कीर्ति नगर में तैनात सुरक्षा गार्ड विनोद पासवान ने एक आवारा कुत्ते को भगाने के लिए उसपर हमला किया था।

# किसान ने 25 बोरे बेचे लेकिन कुछ नहीं मिला, उल्टा थमा दिया एक रुपये का बिल

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र में प्याज किसानों के आंसू निकाल रहा है। पैथान के एक किसान की प्याज बेचने की रसीद ने एक बार फिर महाराष्ट्र में गहराते कृषि संकट सामने ला दिया है। वारुडी गांव के 45 वर्षीय किसान प्रकाश गलाधर ने पैथान एपीएमसी में प्याज के 25 बोरे बेचे, लेकिन उन्हें कुल मिलाकर सिर्फ 1,262 रुपये ही मिले, जो कि 1 रुपया प्रति किलो के हिसाब से था। परिवहन, तौल, भंडारण और अन्य शुल्कों की कटौती के बाद उनके पास कुछ भी नहीं बचा बल्कि उनसे उलटा 1 रुपया और देने को कहा गया। गलाधर ने कहा, मैंने 3 मई को चार एकड़ जमीन पर उगाई गई प्याज बेचने की कोशिश की। बहुत कम दाम मिलने के बाद मैंने बाकी बची फसल भारी मन से फेंक दी। उनका 1 रुपये का बिल सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और यह उस प्याज संकट का एक कड़ा प्रतीक बन गया है जिसने इस इलाके को अपनी चपेट में ले रखा है। यहां कीमतों में गिरावट ने प्याज की खेती को कई किसानों के लिए आर्थिक रूप से घाटे का सौदा बना दिया है, जो पहले से ही कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। गलाधर ने कहा कि इन नुकसानों ने उनकी आर्थिक मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, मैंने कुछ साल पहले अपनी बेटी की शादी की थी और अभी भी मुझे अलग-अलग लोगों का पैसा चुकाना है। प्याज के संकट ने मुझे पूरी तरह से निराश कर दिया है। व्यापारी इस भारी गिरावट की वजह कुछ हद तक प्याज की गुणवत्ता में कमी और बाजार में उसकी जरूरत से ज्यादा सप्लाई को मानते हैं। पैथान एपीएमसी के ट्रेडर इब्राहिम बागवान ने कहा, डील करने से पहले हमने उन्हें बता दिया था कि उन्हें इससे कुछ भी फायदा नहीं होने वाला है। इसके बावजूद, गलाधर ने इस उम्मीद में अपने प्याज बेचने की जिद की कि बाद में उन्हें सरकार से कुछ मदद मिल जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अच्छी क्वालिटी के प्याज अभी 400-800 रुपये प्रति 100 किलो बिक रहे हैं। हालांकि, बाजार के अधिकारी एक बड़ी सिस्टम से जुड़ी समस्या को मानते हैं। छत्रपति संभाजीनगर एपीएमसी के चेयरमैन राधाकिशन पाथाडे ने कहा, प्याज की मांग और सप्लाई में बहुत बड़ा अंतर है और स्थानीय बाजारों में बहुत ज्यादा मात्रा में फसल आ रही है। इस समस्या को सुलझाने के लिए सरकार की मौजूदा खरीद और एक्सपोर्ट नीतियों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि औसत कीमतें गिरकर लगभग 400 रुपये प्रति 100 किलो हो गई हैं। पाथाडे ने कहा, किसानों को कम से कम 1,200 रुपये प्रति 100 किलो मिलने चाहिए लेकिन मांग और सप्लाई के बीच बिगड़ा हुआ अनुपात बहुत कम कीमतें दे रहा।






## सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

# गुरुग्राम में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 14 मई तक बढ़ी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** नगर निगम गुरुग्राम के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को 14 मई तक बढ़ा दिया गया। कर्मचारियों ने शहर में विरोध प्रदर्शन करते हुए कई स्थानों पर काम रुकवाया और कूड़े से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां सड़कों पर खाली करवाई। कर्मचारियों ने कूड़ा जेल चौक, नगर निगम के पुराने कार्यालय के सामने की सड़क तथा पुराने नागरिक अस्पताल की जमीन पर बनी पार्किंग के सामने सड़क पर फेंककर विरोध जताया। कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार पर वादा खिलाफी, तानाशाही और हठधर्मिता का आरोप लगाया।




सफाई कर्मचारियों ने अधिकारियों को जगाने के लिए शहर में थाली बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने आम जनता से समर्थन की अपील भी की। प्रदर्शन पुराना नगर निगम कार्यालय से शुरू होकर अग्रसेन चौक, सेशन हाउस, मोरनी चौक, पुराना जेल चौक, सिद्धेश्वर मंदिर, गुरुद्वारा रोड और अग्रवाल धर्मशाला चौक होते हुए वापस नगर निगम कार्यालय पहुंचा। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान बसंत कुमार ने की, जबकि संचालन एसकेएस ब्लाक सचिव महेश कुमार और कोषाध्यक्ष भारत कांगड़ा ने किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य सह सचिव सुशीला देवी और राज्य उपाध्यक्ष बसंत कुमार ने कहा कि गुरुग्राम के 3480 सफाई कर्मचारियों समेत अन्य पालिकाओं, परिषदों और नगर निगमों के छंटनीग्रस्त कर्मचारियों को विभागीय रोल पर बहाल किया जाए। उन्होंने मांग की कि हड़ताल के दौरान कर्मचारियों पर की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई, चार्जशीट और दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। साथ ही 2023 की हड़ताल अवधि का वेतन जारी किया जाए और 26 सफाई कर्मी नेताओं का सर्विस ब्रेक समाप्त किया जाए।

# तमिलनाडु में शराब की 717 दुकानों पर लगेगा ताला... सीएम विजय ने दिया आदेश

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु में सीएम पद संभालने के साथ ही विजय एक्शन मोड में आ गए हैं। अब उन्होंने राज्य में पूजा स्थलों, शिक्षण संस्थानों और बस स्टेशनों के पास स्थित शराब की दुकानों को बंद करने का आदेश दिया है। विजय ने तमिलनाडु राज्य विपणन निगम द्वारा चलाई जा रही शराब की दुकानों का सर्वे करने को कहा है, जिससे उन दुकानों की पहचान की जा सके, जो पूजा स्थलों, शिक्षण संस्थानों और बस स्टैंड के पास चल रही हैं। 4,765 खुदरा शराब की दुकानें संचालित एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, आम जनता के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने पूजा स्थलों, शिक्षण संस्थानों और बस स्टैंड के 500 मीटर के दायरे में स्थित 717 खुदरा शराब की दुकानों को दो हफ़्तों के भीतर बंद करने का आदेश जारी किया है। वर्तमान में, तमिलनाडु राज्य विपणन निगम द्वारा 4,765 खुदरा शराब की दुकानें चलाई जा रही हैं। इसमें आगे लिखा है, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने एक सर्वे करने और उन दुकानों की पहचान करने का निर्देश दिया जो पूजा स्थलों, शिक्षण संस्थानों और बस स्टैंड के 500 मीटर के दायरे में स्थित हैं। उपरोक्त आदेश के अनुसार, यह पहचान की गई कि इन तीन निर्दिष्ट श्रेणियों के अंतर्गत वर्तमान में 717 खुदरा शराब की दुकानें चल रही हैं। बता दें कि तमिलनाडु राज्य विपणन निगम द्वारा संचालित शराब की दुकानों ने राज्य सरकार को भारी राजस्व मिलता है। लेकिन कई बार राजनीतिक दल इन्हें बंद करने की मांग करते रहते हैं। अभी ईडी की रडार पर भी है।



# मंत्रिमंडल विस्तार तक वित्त और गृह मंत्रालय अपने पास रखेंगे सुवेंदु अधिकारी, बंगाल में हुआ विभागों का बंटवारा

**कोलकाता , एजेंसी।** बंगाल की बीजेपी सरकार ने उन पांच मंत्रियों को विभाग सौंपे, जिन्होंने मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के साथ शपथ ली थी।

जब तक मंत्रिमंडल का विस्तार पूरा नहीं हो जाता मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी उन विभागों की देखरेख करेंगे जिनका अभी तक किसी को आवंटन नहीं हुआ है। दिलीप घोष के पास पंचायत और ग्रामीण विकास, पशु संसाधन विकास और कृषि विपणन जैसे तीन विभाग रहेंगे। वहीं, अग्निमित्रा पॉल फिलहाल नगरपालिका मामलों, शहरी विकास और महिला और बाल विकास का प्रभार संभालेंगी।

बीजेपी कर रही राज्य में पकड़ मजबूत करने की कोशिश अभी के लिए राज्य में बीजेपी सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले राज्य पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। बंगाल की 110 नगर पालिकाओं और सात नगर निगमों के चुनाव यदि समय पर होते हैं तो दिसंबर में होने तय हैं और पंचायत चुनाव 2028 में होने तय हैं। क्या हो सकती है आगे की स्थिति? हालांकि, यह संभावना है कि घोष पंचायत विभाग अपने पास रखेंगे और बाकी विभाग बाद में छोड़ देंगे। पॉल से भी उम्मीद है कि वे केवल महिला एवं बाल विकास विभाग ही अपने पास रखेंगी। जब तक कैबिनेट विस्तार पूरा नहीं हो जाता तब तक सीएम सुवेंदु अधिकारी उन विभागों की देखरेख करेंगे जिन्हें अभी तक किसी मंत्री को सौंपा नहीं गया है। जिन विभागों का बंटवारा नहीं हुआ है, उनमें गृह (पुलिस), वित्त, उद्योग और वाणिज्य, शिक्षा और स्वास्थ्य शामिल हैं।



# अंडरपास शुरू होने में लगेंगे 3 महीने; मानसून में ट्रैफिक करेगा टॉर्चर

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सबसे व्यस्त ट्रैफिक प्वाइंट्स में शामिल गौर चौक पर बन रहा 700 मीटर लंबा अंडरपास अब मानसून से पहले शुरू नहीं हो पाएगा। ऐसे में लोगों को एक और मानसून ट्रैफिक जाम, डायवर्जन और समस्या के बीच गुजरना पड़ेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, प्रोजेक्ट को पूरा होने में अभी करीब तीन महीने और लगेंगे। पहले दावा किया गया था कि जून तक निर्माण कार्य पूरा कर अंडरपास को जनता के लिए खोल दिया जाएगा, लेकिन अब इसकी नई संभावित तारीख 15 अगस्त बताई जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रोजेक्ट का 70 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। कुल 26 सेक्शन में से 20 सेक्शन या पैनल तैयार किए जा चुके हैं, जबकि बाकी छह सेक्शन पर अभी निर्माण कार्य जारी है। इनमें से पांच सेक्शन गौर सिटी के पास और एक सेक्शन ग्रेटर नोएडा वेस्ट रोड की दूसरी ओर स्थित है। बाकी हिस्सों में खुदाई, रिटेनिंग वॉल का निर्माण, क्योरिंग और ढलान को समतल करने का काम अभी बाकी है। लेन पर डायवर्ट ट्रैफिक की वजह से रोजाना लंबा जाम लग रहा है। गौर चौक लंबे समय से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सबसे बड़े ट्रैफिक जाम वाले इलाकों में शामिल रहा है। यहां प्रतिदिन नोएडा, गाजियाबाद, सूरजपुर, क्रॉसिंग रिपब्लिक और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की ओर जाने वाले वाहनों का भारी दबाव रहता है। इलाके में पांच लाख से अधिक लोग रहते हैं, जिससे पीक आवर्स में स्थिति और खराब हो जाती है। बताया जा रहा है कि जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल फ्लाइट्स शुरू होने के बाद इस क्षेत्र में ट्रैफिक दबाव और बढ़ सकता है। करीब 92 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह छह लेन अंडरपास ग्रेटर नोएडा, गौर सिटी और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के बीच सीधा संपर्क प्रदान करेगा।



# गुरुग्राम में अवैध रूप से डेयरी का निर्माण कर बेची जा रही थी शराब

**गुरुग्राम, एजेंसी।** शहर में एक अपराधी द्वारा अवैध रूप से डेयरी का निर्माण कर उसमें अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी। पुलिस टीम ने जांच के बाद कार्रवाई करते हुए सोमवार दोपहर डेयरी को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई सोमवार दोपहर ओम विहार फेस एक में की गई। माफिया और आदतन अपराधियों के खिलाफ सटीक एवं सशक्त अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुख्ता सूचना के आधार पर ओम विहार फेज एक में अवैध रूप से किए गए अवैध निर्माण की पहचान कर मशीनरी की सहायता से पूरी तरह उसे ध्वस्त किया गया। इसमें नाथूपुर निवासी आरोपित विकास की पहचान की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपित अवैध शराब रखने, बेचने की गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ छह केस भी दर्ज हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी द्वारा लगभग 200 वर्ग गज जमीन पर अवैध रूप से दूध की डेयरी का निर्माण किया हुआ था तथा वहां से अवैध रूप से शराब बेचने की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता था। पालम विहार क्राइम ब्रांच की टीम ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर यह कार्रवाई की।



# एलएलबी छात्र और कारपेंटर निकले एटीएम कैश वैन लूटकांड के आरोपी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** पुलिस ने छह मई को क्रासिंग रिपब्लिक नाक्षेत्र के कृष्णानगर बागू में एटीएम कैश वैन लूट करने वाले दो दमाशों को दबोच लिया है। पकड़े गए बदमाशों से आठ लाख छह हजार नये बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक बदमाशों ने छह महीने रेकी रने और घटना से कुछ दिन पहले तीन बार ट्रायल करने के बाद लूट ो अंजाम दिया था। पकड़े गए आरोपित प्रताप विहार निवासी मोहम्मद फ और विजयनगर के माता कालोनी निवासी मोहम्मद रिजवान हैं। लेस का कहना है कि रिजवान एलएलबी का छात्र है। जबकि कैफ ारपेंटर है। बदमाश घटना वाले दिन कैश वैन को लूटकर डीएमई पर ड़कर बलेनो कार से मेरठ की तरफ फरार हो गए थे। उससे पूर्व रास्ते ही बदमाशों ने 27 लाख रुपए वैन के अंदर तिजोरी का ताला तोड़कर काल लिया था। पूरी लूट में कुल छह बदमाश शामिल थे।

डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के मुताबिक बदमाशों ने छह महीने क रेकी की और तीन बार कैश वैन का पीछा कर लूट करने का प्रयास ज्या, लेकिन लूट नहीं की। छह मई को कैफ अपने साथियों के साथ नएच-नौ स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर कैश वैन लूट के लिए घटना से घंटे पहले बिना नंबर की बलेनो कार में सवार होकर आ गया था।




## गिरफ्तारी के बाद बताया घोषित किया था ईनाम

बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद डीसीपी ने बताया कि बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। हालांकि ईनाम की जानकारी पुलिस के अलावा किसी अन्य को नहीं थी। ऐसे में पुलिस को बदमाशों के विषय में ईनाम के लालच में सूचना कौन देता इसका जवाब पुलिस के पास नहीं है। छह मई को दोपहर करीब एक बजे लूट के बाद सूचना पूरे जनपद में प्रसारित हो गई थी इसके बावजूद बिना नंबर की बलेनो कार में बदमाश साढ़े चार घंटे जनपद की सीमा में सड़कों पर घूमते रहे, लेकिन पुलिस चेकिंग करने के बावजूद गिरफ्तार नहीं कर पाई। लूटकांड में पुलिस ने भले ही दो बदमाश गिरफ्तार कर लिए, लेकिन लूट का पर्दाफाश आनन-फानन में किया गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिंडन एयरफार्स स्टेशन आए थे। बागपत में भी वह कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी वजह से पुलिस ने सोमवार को ही लूट का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस फरार अन्य बदमाशों के नाम भी नहीं बता पाई है। कैशवैन आने पर कैशियर और गनमैन इंडिया वन एटीएम में रुपये डालने गए थे। इसी मौके का फायदा उठाकर चालक को फायर कर बदमाशों ने धक्का देकर उतारा और वैन लेकर डीएमई पर फरार हो गए। बलेनो कार वैन के पीछे चल रही थी। रास्ते में बदमाशों ने वैन में लगे सीसीटीवी कैमरे कुल्हाड़ी से तोड़ दिए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## पंजाब में फिर लौट रहा खालिस्तानी आतंक?

पंजाब में आतंकी तंत्र के फैलते दायरे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष जुलाई में सुरक्षा एजंसियों ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था।पंजाब में पिछले कुछ समय से आतंकी गतिविधियां जिस तरह से बढ़ रही हैं, वह बड़े खतरे की ओर इशारा करती हैं। बीते दस दिनों के भीतर राज्य में तीन बम धमाकों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। अब तक की जांच-पड़ताल के निष्कर्षों की जो तस्वीर सामने आई है, उससे इस बात के साफ संकेत मिलते हैं कि उग्रवाद का कठिन दौर झेल चुके इस राज्य में खालिस्तान समर्थक आतंकी तंत्र फिर से सिर उठाने लगा है। जलंधर और अमृतसर में मंगलवार रात हुए दो सिलसिलेवार विस्फोटों ने राज्य की सुरक्षा एजंसियों की सतर्कता और खुफिया चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।इन विस्फोटों की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोनों जगह सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की गई। आतंक के इस तंत्र को लेकर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि विभिन्न समूहों से जुड़े ज्यादातर आतंकी किसी आम नागरिक की तरह समाज में घुल-मिलकर रहते हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल होता है। मौका मिलने पर वे अपने आकाओं के निर्देश पर हमला करने के लिए सक्रिय हो जाते हैं।गौरतलब है कि पंजाब के जलंधर में मंगलवार रात करीब आठ बजे सीमा सुरक्षा बल के पंजाब फ्रंटियर के मुख्यालय के बाहर विस्फोट हुआ। इसके बाद दूसरा धमाका रात करीब ग्यारह बजे अमृतसर में सैन्य छावनी के पास हुआ। जलंधर में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली है और पुलिस ने भी इसकी पुष्टि की है। इससे पहले पटियाला के शंभू इलाके में 27 अप्रैल को एक मालगाड़ी की पटरी पर विस्फोट हुआ था।पुलिस ने इस सिलसिले में खालिस्तान समर्थक एक आतंकी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। ये घटनाएं खुफिया तंत्र की विफलता और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामी की ओर इशारा करती हैं। राज्य पुलिस का मानना है कि इन आतंकी वारदातों के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। सीमा पार से खालिस्तान समर्थक आतंकी समूहों को प्रशिक्षण, विस्फोटक सामग्री और हथियार मुहैया कराए जा रहे हैं। मगर सवाल है कि सुरक्षा एजंसियां इस तरह की गतिविधियों पर नियमित नजर रखने और किसी भी वारदात से पहले ही आतंकियों को धर-दबोचने में नाकाम क्यों हो रही हैं?पुलिस के मुताबिक, अमृतसर में विस्फोट स्थल पर आईईडी के टुकड़े मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि यह या तो टाइम बम से किया गया विस्फोट था या फिर रिमोट कंट्रोल से धमाका किया गया। ऐसे में सुरक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। अगर सुरक्षाबलों के परिसर में ही चौकसी के बंदोबस्त इतने कमजोर हैं कि कोई भी वहां विस्फोटक सामग्री रख सकता है, तो फिर अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का स्तर कैसा होगा, इसका अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है।पंजाब में आतंकी तंत्र के फैलते दायरे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष जुलाई में सुरक्षा एजंसियों ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इसके करीब तीन माह बाद ग्रेनेड हमले की साजिश में दस संदिग्धों को पकड़ा गया। इससे स्पष्ट है कि उग्रवाद के खात्मे के बाद शांति और समृद्धि की राह पर लौटे इस राज्य में आतंक का खतरा फिर से बढ़ता जा रहा है। अगर समय रहते स्थिति को नहीं संभाला गया, तो निस्संदेह राज्य में हालात फिर से बिगड़ सकते हैं।

*महाराणा प्रताप की अदम्य वीरता, दृढ़ साहस और कुशल सेनानायक की उज्वल कीर्ति के आलोक में अनेक ऐसे गुण, जो महाराणा के व्यक्तित्व को विभिन्न आयामों में विराटता प्रदान करते हैं, छिप कर रह गये हैं। विदित हो कि महाराणा प्रताप में अच्छे सेनानायक के गुणों के साथ-साथ अच्छे व्यवस्थापक की विशेषताएं भी थी। अपने शासनकाल में उन्होने युद्ध में उजड़े गांवों को पुनः व्यवस्थित किया।*

## अजेय अस्मिता का अंगार- झुकती दुनिया में 'महाराणा प्रताप' होने का अर्थ

**(प्रणय विक्रम सिंह)**

जब स्वाधीनता ने स्वयं को मानवीय स्वरूप में प्रकट करना चाहा, जब समता और समन्वय ने 'योद्धा' के रूप में खुद को ढालने की आरजू की, जब 'वीरता और वैराग्य' ने संयुक्त रूप से प्रस्फुटित होने का संकल्प लिया तब 09 मई 1540 को कुंभलगढ़ के किले में महाराणा प्रताप नामक आलोक का उदय हुआ। पराधीनता के घोर तिमिर में 'भुवन भास्कर' बन उदित होने वाला यह कालजई किरदार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना आज से 500 वर्ष पूर्व था। संभव है कि उनकी जयंती के अवसर पर फिर दुराग्रह और तुष्टीकरण की विष्ठा के आहार पर पल रहे कुछ बुद्धिजीवी मानवता के 'प्रताप' को लघुतर साबित करने का कुप्रयास करेंगे। तो मुल्क के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे प्रखर राष्ट्रवादी अकबर नहीं महाराणा थे महान, कह कर उन छद्म कुपढ़ों का प्रतिकार करेंगे। किंतु यह दोनों बातें इस बहस को जन्म अवश्य देती हैं कि आखिर महाराणा में क्या महानता थी। या महाराणा और अकबर में कौन महान था। वैसे महानता के अपने-अपने मापदंड हो सकते हैं। जैसे मेरा मानना है कि महान बनने के लिये किसी भी व्यक्ति अथवा शासक में मानवता का होना बुनियादी शर्त है। वह जितना अधिक मानवीय मूल्यों और जन पक्षधरता के निकट होगा, महानता से समीपता बढ़ती चली जायेगी। मानवीय मूल्य और जन पक्षधरता वाले निणर्यों की बुनियाद पर मैं महाराणा प्रताप को समकालीन इतिहास का महान शासक मानता हूं। महाराणा की महानता को जानने के लिये इंटरनेट की तरंगों पर मचल रही 21वीं सदी को थोड़ा पीछे मुड़ कर उस कालखंड की तरफ देखना पड़ेगा जब भारत का स्वर्ण काल बीत चुका था। इंद्रप्रस्थ का सिंहासन बन चुका था तख्त-ए-दिल्ली। चंगेज खान के फरजंद (उत्तराधिकारी) लूटने लगे थे इस देव भूमि को। जिन्हें कभी सूर्य और चंद्र के वशंज होने का अभिमान था वो क्षत्रिय, अब कुरनीस करने लगे थे जलालुद्दीन मोहम्मद अकबर के दरबार में। मुगलों के परचम तले भारतवर्ष के बड़े-बड़े राज्य अपना अस्तित्व खो रहे थे। जो कल तक राजा थे, वह आज मनसबदार बन कर खुद को महफूज समझ रहे थे। कहीं से बगावत की कोई आवाज नहीं आ रही थी। 'सत्य' ने 'सत्ता' के सम्मुख समर्पण कर दिया था। कहते हैं कि बहती धारा में कोई पेड़ उग नहीं पाता है। लेकिन कुछ हठीले दरख्त ऐसे भी होते हैं जिन्हे समय का सैलाब भी बहा नहीं पाता है। वह अविचल, अडिग खड़े रहते हैं प्रलयंकारी तूफानों में। धारा का तेज बहाव, समय की तपिश, तूफानों के रक्ताभ थपेड़े उनका बाल भी बांका नहीं कर पाते हैं। उस वक्त, कुछ ऐसे ही मतवाले दरख्तों से लहलहा रही थी वीर मेवाड़ की धरती, जब अपने साम्राज्यवादी मंसूबों की कुत्सित पिपासा को मिटाने के लिये अकबर तेजी से मेवाड़ की ओर आगे बढ़ रहा था। और मेवाड़ मचल रहा था स्वाधीनता के अमर गायक महाराणा प्रताप की तान पर। वो महाराणा, जिसने वीरता के प्रतिमानों को ही बदल दिया। वो, महाराणा जिसने मृत्यु की नाद पर जीवन को थिरकना सिखाया। वो महाराणा, जिसकी रगों में महारानी पद्मनी का तेज, राणा सांगा का पराक्रम, माता पन्ना धाय का त्याग, संस्कार बन कर दौड़ रहा था। भला उसे अकबर नाम का अंधड़ क्या परेशान करता। लालच के पृष्ठ पर अपमान के अक्षरों से लिखे तमाम संधि प्रस्तावों पर स्वाभिमान की स्याही उड़ेलता रहा महाराणा। लिहाजा सज गई हल्दीघाटी। शायद हल्दीघाटी के हिस्से में भी वीरों की तपस्थली होने का गौरव आना था। हल्दीघाटी की जय-पराजय तो अलग विषय है लेकिन अकबर को इस युद्ध के बाद यह ज्ञात हो गया कि आगे का मार्ग आसान नहीं है। उसके अविजित होने का दंभ हिल गया। सम्पूर्ण भारतवर्ष ने महाराणा में एक नई उम्मीद देखनी प्रारम्भ कर दी। अब प्रताप का संघर्ष हर उस व्यक्ति और समाज के लिये प्रेरणा बन चुका था, जो अपने अस्तित्व की रक्षा को अपना धर्म समझता था। हल्दीघाटी मात्र एक युद्धभूमि नहीं थी, वह चेतना की कसौटी थी। वहां दो सेनाएं नहीं भिड़ीं, वहां दो दृष्टियों टकराईंज एक ओर विस्तार की भूख, दूसरी ओर अस्तित्व की रक्षा। जब कोई महाशक्ति किसी देश की सांसें सैन्य/आर्थिक घेराबंदी से गिनने लगती है, जब वियतनाम, बलोचिस्तान और वेनेजुएला जैसी धरती अपने ही संसाधनों के बीच घुटन महसूस करती है, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि हल्दीघाटी कोई स्थान नहीं थी, वह हर युग की एक स्थिति है। संघर्ष का रंग बदला है, आत्मा की परीक्षा वही है। यह विडंबना ही है कि जन सामान्य और इतिहासकार, महज हल्दीघाटी के युद्ध तक ही सीमित कर देते हैं प्रताप को। जबकि सच तो यह है कि महाराणा अपने कालखंड के सबसे बड़े समाज सुधारक थे। अब देखिये न, जातीय जड़ता में जकड़े हुये मध्यकालीन युग में प्रताप ने अपनी सेना में अछूत समझे जाने वाले दलित धांगर बिरादरी के लोगों को न केवल शामिल किया था बल्कि उन्हें सेना की अगली कतार में चलने का गौरव भी प्रदान किया। यह किसी भी वंचित समुदाय को योद्धा बनाने की युगांतकारी पहल थी। राणा प्रताप ने बाल्यकाल से ही भीलों को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा और तात्कालीन समाज में व्याप्त अनेक जातीय शिष्टाचार को दरकिनार कर उनके साथ एक पंगत में बैठ भोजन करते थे राणा। यह स्वामी भक्त भीलों के शौर्य और राणा के समतामूलक विचारों का ही परिणाम है कि आज भी मेवाड़ राजवंश के प्रतीक चिह्न पर एक ओर क्षत्रिय खड़ा है तो दूसरी ओर भील। यही नहीं, अनेक अवरोधों के बावजूद सामाजिक समरसता में एक कदम आगे बढ़ते हुये अफगान पठान हकीम खां सूर के दल को अपने हरावल दस्ते की कमान सौंपी। भील, धांगर समेत अन्य वंचित समुदाय उनके लिए एक ही आग के अंगार थे। जहां योग्यता थी, वहां भेदभाव की दीवार अपने आप गिर जाती थी। आज, जब समाज को फिर से PD रूपी खांचों बांटने की कोशिशें तेज हैं, प्रताप की यह दृष्टि मरहम की तरह उतरती है। महाराणा प्रताप प्रजा के हृदय पर शासन करने वाले शासक थे। उनकी एक आज्ञा हुई और विजयी सेना ने देखा कि उसकी विजय व्यर्थ है। चित्तौड़ भस्म हो गया, खेत उजड़ गये, कुएं भर दिये गये और ग्राम के लोग जंगल एवं पर्वतों में अपने समस्त पशु एवं सामग्री के साथ अदृश्य हो गये। दशकों तक मेवाड़ में अन्न का दाना नहीं उपजा। पूरा मेवाड़ युद्ध का मैदान बना हुआ था। सब तरफ भुखमरी और मार-काट थी, ऐसे में सब साथ छोड़ जाते हैं लेकिन मेवाड़ ने प्रताप का साथ कभी नहीं छोड़ा। मेवाड़ की जनता प्रताप के पीछे चट्टान की तरह खड़ी रही। कभी कोई शिकवा नहीं किया। ऐसी स्वामीभक्ति और प्रतिबद्धता सिर्फ प्रताप जैसे अद्वितीय व्यक्तित्व का स्वामी ही कमा सकता है। निष्ठा का यह स्तर, किसी भी कालखंड के शासक की जन स्वीकार्यता को मापने की कसौटी है।

## राष्ट्र के हालातों को उजागर करती बंगाल की बानगी

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन हो चुकी है। नई सरकार के सामने समस्याओं का अम्बार लगा है। समाधान ढूंढने के साथ-साथ उसे क्रियान्वित करने का चुनौती किसी दावानल से कम नहीं है। पुरानी सरकारों के उपकारों तले पूरी तरह से दब चुके विलासतापूर्ण जीवन जीने वाले अधिकारियों की मानसिकता में जादुई परिवर्तन सम्भव नहीं है। संवैधानिक व्यवस्था के तहत कार्यपालिका के अन्तहीन अधिकार हमेशा से ही विधायिका के नासमझ जिम्मेवारों के लिए परेशानी का कारण बनते रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के सीमित कार्यकाल के सामने दीर्घकालिक अधिकारी हमेशा ही ठहाके लगाते रहे हैं। पलक झपकते ही अवैध वसूली वाले नाके, गुण्डा टैक्स लेने वाली जमातें, अतिक्रमणकारियों के गिरोह, राजनैतिक संरक्षण में अत्याचार करने वाले माफिया भूमिगत भले ही गये हों परन्तु उनकी उपस्थिति पर्दे के पीछे अभी भी बनी हुई है। सक्रियता ने निष्क्रियता का जामा भले ही पहन लिया हो परन्तु ऊपर से राख दिखने वाले ढेर के नीचे चिंगारी नहीं बल्कि सीमापार से भरा गया लावा अभी भी धधक रहा है। रोको, देखो और फिर चलो की नीतियों को अपनाने वाले राष्ट्रविरोधियों ने फिलहाल अवसर की तलाश में मौन धारण कर लिया है। मीरजाफरों की यह फौज केवल पश्चिमी बंगाल तक ही सीमित नहीं है। उसका विस्तार समूचे देश में हो चुका है। महानगरों से लेकर गांवों की आबादी तक में भितरघातियों, घुसपैठियों तथा राष्ट्रद्रोहियों की एक बडी संख्या मौजूद है जिसे क्षेत्रीय नेताओं, स्थानीय अधिकारियों तथा समाजसेवा का ढोंग रचने वाले कथित बुद्धिजीवियों का खुला संरक्षण प्राप्त है। डंडों में लगे झंडों के रंग आज भी अपनी कट्टरता, एकता और क्रूरता का खुलेआम यशगान कर रहे हैं। ऐसे में गंगा के सफाई अभियान को गंगोत्री से ही चलाना होगा तभी मोक्षदायनी का वास्तविक स्वरूप सामने आ सकेगा। गंगासागर के घाटों को सफाई से समूची पतित पावनी के स्वच्छ होने के आधिकारिक आंकडे केवल और केवल छलावा मात्र होता है। वास्तविकता तो यह है कि कार्यपालिका की जडों में मट्ठा पिलाने वाले चन्द अधिकारियों ने समूची जमात को कल्याण, सुरक्षा और सहायता का तिलिस्म दिखाकर संगठन का निर्माण किया और फिर संगठन की शक्ति को हथियार बनाकर स्वार्थ सिद्धि के छुपे लक्ष्य को साधने की किस्तों में कोशिशें शुरू कर दीं। ऐसे लोगों को राष्ट्रवाद की मुख्यधारा से जोडना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। यही वह जमात है जो सीमापार के षडयंत्रों को स्लीपर सेल्स के माध्यम से क्रियान्वित होने में सहयोग करती है। पहलगाम हमले जैसी दुःखद घटनाओं के लिए एक भी अधिकारी को उत्तरदायी नहीं ठहराया गया। उस क्षेत्र की व्यवस्था के लिए सरकारी खजाने से मोटी-मोटी पगार पाने वाले आज भी अपने वातानुकूलित भवनों में सुख भोग रहे हैं। सभी पीडादायक घटनायें आकस्मिक नहीं होतीं। उनकी जानकारियों स्थानीय अधिकारियों से लेकर धरातली कर्मचारियों तक को पूरी तरह से रहती है परन्तु किन्हीं खास कारणों से वे अपने कर्तव्यों की स्वयं ही चिता जलाते रहते हैं। उन्हें अपने आकाओं पर पूरा भरोसा रहता है जो प्रत्येक विसम परिस्थितियों में हमेशा ही बचाते रहे हैं। सत्य का शोर जब ज्यादा तेज होने लगता है तब स्थानान्तरण, निलंबन, जांच के आदेश जैसे दिखावे किये जाते हैं। आरोपियों की मानसिकता परिवर्तित करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं होते, उस घातक कृत्य के लिए दण्डात्मक विधान नहीं अपनाया जाता और न ही उसके कृत्यों पर निगरानी करने वाली श्रंखला को कोई वरिष्ठ कभी प्रभावित किया जाता है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6090

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 6 | | 2 | | | | |
| | 8 | | 4 | | | | 9 | 3 |
| 3 | | | | 8 | 5 | | | 2 |
| 7 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 5 | | | 7 | | | 4 | |
| 6 | | | | | | 7 | | 1 |
| 9 | | | 2 | 4 | | | | 5 |
| 2 | 6 | | | | 8 | | 7 | |
| | | | | 3 | | 1 | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6089

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |

### वर्ग पहेली 6090

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | ■ | | ■ | 10 | | ■ |
| ■ | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | 13 |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | 17 | 18 | ■ |
| 19 | | 20 | | ■ | 21 | | |
| | ■ | | ■ | 22 | | | ■ |
| 23 | | | | ■ | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1977 में यह देश संयुक्त राष्ट्र में भर्ती हुआ (5)
5. पश्चिमी अफ्रीका के इस देश की राजधानी कोनक्री है (2)
7. जिसमें पूंछ लगी हो, पूंछ वाला (4)
8. प्रथा, परिपाटी, नियम (2)
9. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
10. आनंदित, प्रसन्न, शाद, हर्षित (2)
11. दुश्मनी, अदावत, बैर (3)
13. शास्त्रीय संगीत में पांचवा स्वर (1)
14. मोमबत्ती को उर्दू में यह कहते है (2)
16. भगतसिंह के साथ इन्हें भी फांसी पर चढ़ाया गया था (4)
19. महर्षि वाल्मीकि का एक पौराणिक धार्मिक ग्रंथ (4)
21. गप्पी, झूठ बोलने वाला, वाम पार्श्वीय (3)
22. खटराग, झल्लत (3)
23. प्रारब्ध, किस्मत, भाग्य (4)

**ऊपर से नीचे**
1. ये कौरवों के मंत्री थे जो कृष्ण द्वैपायन के पुत्र थे ये राजनीति, धर्मनीति तथा अर्थनीति में बड़े ही निपुण थे (3)
2. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
3. तो, तब, फिर (2)
4. अठारह पुराणों में से एक जिसमें सनकादिक ने नारद को संबोधित करके कथा कही है (6)
5. शिव, पर्वतों का राजा होने के कारण हिमालय का एक नाम (3)
6. सामाजिक नियक जो लोक-व्यवहार के हेतु बनाए गए है, आचार-व्यवहार (2)
12. राजमुकुट, किरीट, अवतंस (2)
14. सज्जनता, सभ्यीकरण (4)
15. मातुल, जो रिश्तें में माता के भाई हों (2)
17. उद्यान, वाटिका, बाग, फिल्म जगत के प्रसिद्ध गीतकार (4)
18. रूस देश में इस मुद्रा का प्रचलन है (3)
20. हजरत मूसा के धर्म का अनुयायी, जलील किस्म का सरमायादार (उर्दू)(3)

### वर्ग पहेली 6089 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | नी | ता | वि | लि | य | म्स | ■ |
| ख | ल | ना | ■ | या | म | ■ | स |
| दा | ■ | बा | ल | क | ■ | ■ | र |
| य | मु | ना | ■ | त | स | दी | क |
| क | ला | ■ | भू | ■ | म | ना | ना |
| ■ | का | शी | ■ | शे | र | पा | ■ |
| अ | ती | त | ■ | खी | ■ | ठ | ग |
| ज | ■ | ल | त्ता | ■ | ता | क | त |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको पहले की गई कोशिशों से लगातार इनकम या फायदा हो सकता है। ग्यारहवें घर में चंद्रदेव कॉन्टैक्ट या नेटवर्क के जरिए फाइनेंशियल लाभ दिलाने में मदद करेंगे। हालांकि, मेष राशि में मंगलदेव बिना सोचे-समझे खर्च करवा सकते हैं। जल्दबाजी में फाइनेंशियल फैसले लेने से बचें। बचत और प्रैक्टिकल प्लानिंग पर ध्यान दें।

### वृष
आज आर्थिक रूप से दिन स्थिर रहेगा, लेकिन इस पर ध्यान देने की जरूरत है। छठे भाव में स्थित मंगलदेव स्वास्थ्य या दैनिक जरूरतों से संबंधित खर्च ला सकते हैं। सातवें भाव में स्थित शुक्रदेव साझेदारियों के माध्यम से वित्तीय लाभ ला सकते हैं। चौथे भाव में स्थित चंद्रदेव घर या सुख-सुविधाओं पर खर्च करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

### मिथुन
आज आपके दूसरे भाव में स्थित चंद्रदेव वित्तीय योजना और जागरूकता का समर्थन करेंगे। आप बचत और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। हालांकि, चौथे भाव में स्थित मंगलदेव घर या संपत्ति से संबंधित खर्च ला सकते हैं। बिना सोचे-समझे वित्तीय फैसले लेने से बचें।

### तुला
आज फाइनेंशियली यह दिन नेटवर्किंग और कॉन्टैक्ट्स से फायदा दिला सकते हैं। ग्यारहवें भाव के एक्टिवेट होने से इनकम बढ़ेगी। आपको प्रॉफिट या इंसेंटिव मिल सकते हैं। हालांकि, मंगलदेव बिना सोचे-समझे फाइनेंशियल फैसले लेने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। लिहाजा, रिस्की इन्वेस्टमेंट करने से बचें।

### वृश्चिक
आज आपका दिन स्थिर रहेगा। दसवें भाव में शुक्रदेव करियर या प्रोफेशनल कोशिशों से फायदा दिला सकते हैं। आपके काम की तारीफ हो सकती है या इनाम मिल सकते हैं। हालांकि, मंगलदेव आपको यात्रा या कुछ नया सीखने से जुड़े हुए बिना सोचे-समझे खर्च करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। आठवें घर में शनिदेव पैसे के मामलों में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

### धनु
आज आपको भौतिक फायदे हो सकते हैं या लगातार इनकम मिल सकती है। हालांकि, बारहवें घर में मंगलदेव खर्च बढ़ा सकते हैं, खासकर गैर-जरूरी या बिना सोचे-समझे किए गए मामलों में। दसवें घर में चंद्रदेव करियर की कोशिशों से फाइनेंशियल फायदा दिला सकते हैं। ग्यारहवें भाव में शनिदेव लंबे समय तक फाइनेंशियल ग्रोथ में मदद करेंगे।

### कर्क
आर्थिक रूप से आज के दिन संतुलन की जरूरत है। पांचवें भाव की सक्रियता आपको सट्टेबाजी वाले निवेशों की ओर आकर्षित कर सकती है। जोखिम लेने से बचें। छठे भाव में स्थित शुक्रदेव काम के माध्यम से स्थिर आय का समर्थन करेंगे। तीसरे भाव में स्थित चंद्रदेव संचार या छोटे प्रयासों के जरिये छोटे लाभ ला सकते हैं।

### सिंह
आज वित्तीय मामलों के लिए यह अहम दिन है। द्वितीय भाव में मंगलदेव आपको धन कमाने और प्रबंधित करने की प्रेरणा देंगे। आप आर्थिक विकास की दिशा में साहसिक कदम उठा सकते हैं। प्रथम भाव में शनिदेव अनुशासन और दीर्घकालिक योजना को प्रोत्साहित करेंगे। त्वरित लाभ के बजाय बचत और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करें।

### कन्या
आज आप बचत और दीर्घकालिक स्थिरता पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। हालांकि, तीसरे भाव में स्थित मंगलदेव अल्पकालिक इच्छाओं पर बिना सोचे-समझे खर्च कर सकते हैं। आपके पहले भाव में स्थित चंद्रदेव भावनात्मक रूप से निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं।

### मकर
आज दिन मिले-जुले नतीजे ला सकता है। आठवें घर के एक्टिव होने से अचानक खर्च या अचानक पैसे के मामले आ सकते हैं। जोखिम भरे निवेश या सट्टेबाजी से बचें। हालांकि, नौवें घर में शुक्रदेव के होने की वजह से किस्मत का साथ मिलेगा। गाइडेंस या यात्रा से जुड़े मामलों के जरिए धन लाभ भी हो सकता है।

### कुंभ
आज दिन में सावधानी बरतने की जरूरत है। आठवें घर में शुक्रदेव उतार-चढ़ाव या छिपी हुई फाइनेंशियल समस्याएं ला सकते हैं। अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकते हैं। पांचवें भाव में चंद्रदेव आपको सट्टेबाजी वाले निवेशों की ओर आकर्षित कर सकते हैं। मगर, जोखिम लेने से बचें। छठे भाव में शनिदेव अनुशासित वित्तीय योजना का समर्थन करेंगे। त्वरित लाभ के बजाय स्थिरता पर ध्यान दें।

### मीन
आज अचानक खर्च बढ़ सकते हैं या अचानक फाइनेंशियल बदलाव हो सकते हैं। हालांकि, ग्यारहवें भाव में शुक्रदेव नेटवर्क या दोस्तों के जरिए फायदा दिलाने में मदद करेंगे। जोखिम भरे इन्वेस्टमेंट से बचें और ध्यान से फाइनेंशियल प्लानिंग पर ध्यान दें। यह आपकी प्रोफेशनल लाइफ के लिए बहुत जरूरी दिन है। दसवें भाव में मंगलदेव आपको हिम्मत और एम्बिशन देता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# पहली गेंद पर सबसे ज्यादा बार सिक्स

## एक साथ तोड़ा कोहली-यशस्वी समेत 4 खिलाड़ी का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने आईपीएल 2026 के 55वें मैच में अपनी टीम को जोरदार शुरुआत दिलाई। इस मैच में मिचेल स्टार्क ने दिल्ली की तरफ से गेंदबाजी की शुरुआत की और प्रियांश ने उनकी पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। इस छक्के के साथ ही प्रियांश अब आईपीएल में किसी मैच में पहली ही गेंद पर सबसे ज्यादा बार छक्के लगाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल समेत 4 बल्लेबाजों का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**प्रियांश ने तोड़ा कोहली-यशस्वी समेत 4 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड-** प्रियांश आर्या ने आईपीएल के किसी मैच में सबसे ज्यादा बार पहली गेंद पर छक्के लगाने वाले बैटर बने। प्रियांश आर्या ने इस लीग में दूसरी बार ये कमाल किया। स्टार्क की पहली ही गेंद पर छक्के लगाने के बाद उन्होंने ये उपलब्धि अपने नाम कर लिया। इससे पहले प्रियांश आर्या ने साल 2025 में मुल्लांपुर में खलील अहमद की गेंद पर पंजाब के लिए ही खेलते हुए पारी की पहली गेंद पर छक्का लगाया था और एक बार फिर से उन्होंने ये कमाल साल 2026 में किया।

प्रियांश ने एक साथ नमन ओझा, विराट कोहली, फिल साल्ट और यशस्वी जायसवाल का रिकॉर्ड तोड़ा। इन चारों बल्लेबाजों ने आईपीएल में किसी मैच की पहली गेंद पर छक्का लगाने का कमाल एक-एक बार किया है, लेकिन प्रियांश ने ऐसा दूसरी बार करते हुए सबको पीछे छोड़ दिया। वहीं प्रियांश ने आईपीएल की दोनों पारियों को मिलाकर पहली गेंद पर छक्का लगाने का कमाल तीसरी बार किया जबकि उनसे आगे यशस्वी जायसवाल हैं जिन्होंने ऐसा 4 बार किया है।

### आईपीएल मैच में पहली गेंद पर छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

ब्रैड हॉज (केकेआर) की गेंद पर नमन ओझा (आरआर), डरबन, 2009
वरुण एरोन (आरआर) की गेंद पर विराट कोहली (आरसीबी), बेंगलुरु, 2019
नुवान तुषारा (एमआई) की गेंद पर फिल साल्ट (केकेआर) कोलकाता, 2024
खलील अहमद (सीएसके) की गेंद पर प्रियांश आर्या (पीबीकेएस), मुल्लांपुर, 2025
मिचेल स्टार्क (डीसी) की गेंद पर यशस्वी जायसवाल (आरआर), जयपुर, 2026
मिचेल स्टार्क (डीसी) की गेंद पर प्रियांश आर्या (पीबीकेएस), धर्मशाला, 2026

# प्रियांश ने 6 छक्के लगा बनाया खास रिकॉर्ड

## वैभव टॉप पर, IPL के एक सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा 6 लगाने वाले टॉप-5 बैटर

**नई दिल्ली।** प्रियांश आर्या ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 55वें मैच में शानदार बल्लेबाजी की और 33 गेंदों पर 56 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 6 छक्के और 2 चौके लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 169.70 का रहा। प्रियांश आर्या ने अपनी पारी के दौरान 6 छक्के लगाने के बाद आईपीएल के एक सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में यशस्वी, हेड और जयसूर्या से ऊपर आ गए। प्रियांश ने तोड़ा यशस्वी, हेड और जयसूर्या का रिकॉर्ड, वैभव हैं नंबर 1 प्रियांश आर्या ने दिल्ली के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 6 छक्के लगाए और अब वो आईपीएल के एक सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए। प्रियांश आर्या ने इस सीजन में पावरप्ले में अब तक कुल 26 छक्के लगाए हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल, ट्रैविस हेड और सनत जयसूर्या को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 22-22 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में वैभव पहले नंबर पर 32 छक्के के साथ मौजूद हैं। वैभव इस सीजन में पावरप्ले में अब तक 32 छक्के लगा चुके हैं।

### पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर

- 32 छक्के : वैभव सूर्यवंशी (2026)
- 29 छक्के : अभिषेक शर्मा (2024)
- 27 छक्के : अभिषेक शर्मा (2026)
- 26 छक्के : प्रियांश आर्या (2026)
- 22 छक्के : यशस्वी जायसवाल (2025)
- 22 छक्के : ट्रैविस हेड (2024)
- 22 छक्के : सनत जयसूर्या (2008)

### तीसरी बार पावरप्ले में बनाए 50 प्लस रन

प्रियांश ने दिल्ली के खिलाफ 56 रन की पारी खेली, लेकिन पावरप्ले के दौरान उन्होंने 27 गेंदों पर 50 रन बनाए। आईपीएल में ये तीसरा मौका था कि जब उन्होंने पावरप्ले के दौरान 50 या उससे ज्यादा रन की पारी खेली। प्रियांश ने एक साथ यशस्वी जायसवाल, इशान किशन, अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह समेत 6 बल्लेबाजों का रिकॉर्ड तोड़ दिया।
पावरप्ले में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस की पारी खेलने वाले भारतीय

- 4 – वैभव सूर्यवंशी
- 2 – केएल राहुल
- 2 – यशस्वी जायसवाल
- 3 – प्रियांश आर्या
- 2 – रिद्धिमान साहा
- 2 – ईशान किशन

## ICC ने 2026-27 सत्र के लिए जारी की मैच अधिकारियों की सूची

# नितिन मेनन एकमात्र भारतीय अंपायर



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने सोमवार (11 मई) के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 2026-27 सत्र के लिए अंपायरों और मैच रेफरियों के एलीट पैनल का ऐलान कर दिया। अंपायरों में नितिन मेनन अकेले भारतीय हैं। आईसीसी ने मैच अधिकारियों की टीम में कोई बदलाव नहीं किया। मेनन 2020 से एलीट पैनल का हिस्सा हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ मैच रेफरी के एलीट पैनल में अकेले भारतीय हैं। वह भी पहले से ही सूची में थे। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने एक रिलीज में कहा, '2026-27 सीजन के लिए आईसीसी एलीट पैनल में बदलाव न करने का फैसला किया है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग को ऊंचे मानक को दिखाता है।' अंपायर के चयन पैनल में आईसीसी के जनरल मैनेजर क्रिकेट वसीम खान (चेयर), इंग्लिश प्रीमियर लीग के पूर्व रेफरी माइक रिले, पूर्व इंटरनेशनल अंपायर और अंपायर कोच पीटर मैनुअल और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और कमेंटेटर संजय मांजरेकर शामिल थे। इसने मौजूदा पैनल में बदलाव न करने का फैसला करने से पहले अंतराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग और रेफरी के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया।

**आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी** (2026-27)
जेफ क्रो (न्यूजीलैंड), रंजन मदुगले (श्रीलंका), एंड्रयू पायक्रॉफ्ट (ज़िम्बाब्वे), रिची रिचर्डसन (वेस्टइंडीज़), जवागल श्रीनाथ (भारत)।

**आईसीसी एलीट पैनल ऑफ अंपायर** (2026-27)
कुमार धर्मसेना (श्रीलंका), क्रिस्टोफर गैफनी (न्यूजीलैंड), एड्रियन होल्डस्टॉक (साउथ अफ्रीका), रिचर्ड इलिंगवर्थ (इंग्लैंड), रिचर्ड केटलबोरो (इंग्लैंड), नितिन मेनन (भारत), अल्लाहुद्दीन पालेकर (साउथ अफ्रीका), अहसान रजा (पाकिस्तान), पॉल रीफेल (ऑस्ट्रेलिया), शरफुद्दौला इब्ने शाहिद (बांग्लादेश), रॉडनी टकर (ऑस्ट्रेलिया), एलेक्स व्हार्फ (इंग्लैंड)।

# दिल्ली ने पंजाब से लिया बदला

## दिल्ली कैपिटल्स ने चेस किया 210 का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का 55वां मुकाबला पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। यह मुकाबला धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में हुआ। इस मैदान पर यह मौजूदा सीजन का पहला मुकाबला भी था। पंजाब के लिए यह सीजन का 11वां मैच था जबकि दिल्ली की टीम अपना 12वां मुकाबला खेलने उतरी थी। मैच का टॉस जीता था दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने और पहले गेंदबाजी का फैसला उन्होंने लिया था।

**प्रियांश और अय्यर ने ठोके पचासे-** उसके बाद पहले खेलते हुए पंजाब किंग्स को प्रियांश आर्या ने अच्छी शुरुआत दिलाई और 33 गेंद पर 56 रन की पारी खेली। उनके साथी ओपनर और इन फॉर्म बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 18 रन ही बना पाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 59 रन की पारी खेली। कूपर कोनोली ने 38 और अंत में सूर्यांश शेडगे ने 8 गेंद पर 21 रन ठोकते हुए स्कोर 20 ओवर में 5 विकेट पर 210 तक पहुंचा दिया।

### एएफसी अंडर 17 एशियन कप: उज्बेकिस्तान से 0-3 से हारकर टूर्नामेंट से

# बाहर हुई भारतीय पुरुष टीम




**जेद्दा।** किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी हॉल स्टेडियम में एएफसी अंडर 17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 के ग्रुप डी के आखिरी मुकाबले में भारत को डिफेंडिंग चैंपियन उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारत का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है। भारत का फीफा अंडर 17 वर्ल्ड कप में सीधे क्वालीफाई करने का सपना भी अधूरा रह गया। पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से बुरी तरह हारने के बाद, भारतीय टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। यही वजह रही कि भारतीय टीम डिफेंडिंग चैंपियन उज्बेकिस्तान के खिलाफ सावधारी से खेलती हुई नजर आई। हालांकि, उज्बेकिस्तान ने लगातार आक्रामक खेल दिखाया और भारत के डिफेंस का बार-बार परखा। पहले हाफ में दबाव के बावजूद भारत के डिफेंस का प्रदर्शन दमदार रहा। बैकलाइन ने अपनी शेप अच्छी बनाए रखी, जबकि गोलकीपर राजरूप सरकार ने उज्बेकिस्तान के कई प्रयासों को विफल किया। हालांकि, मैच के 32वें मिनट में भारतीय गोलकीपर से बड़ी चूक हुई, जिसका फायदा उज्बेकिस्तान को मिला। दरअसल, उज्बेकिस्तान के आक्रामक खेल को रोकने के लिए गोलकीपर राजरूप अपनी लाइन से बाहर निकले, लेकिन पेनल्टी एरिया में वह उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी लाजिज अब्दुरईमोव को गिरा बैठे। इसके बाद उज्बेकिस्तान को पेनल्टी कॉर्नर मिला और अब्दुरईमोव ने गेंद को गोल पोस्ट के अंदर पहुंचाते हुए उज्बेकिस्तान को 1-0 की बढ़त दिला ही। भारतीय टीम ने ब्रेक से पहले गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन टीम को सफलता हाथ नहीं लगी। गुनलेइबा वांगखेइराकपाम ने गोल के सामने एक शानदार क्रॉस दिया, लेकिन कोई भी भारतीय अटैकर इस शॉट को गोल में तब्दील नहीं कर सका। भारत मैच के 56वें मिनट में स्कोर बराबर करने के काफी करीब पहुंचा। डल्लालमुओन गंगटे ने एक शानदार फ्री-किक मारी जो क्रॉसबार को हिलाकर गोलकीपर को चकमा दे गई।

# भारत में नहीं टेलीकास्ट होंगे फीफा वर्ल्ड कप के मैच?

## फीफा कप 2026 के लिए ब्रॉडकास्ट राइट्स को फाइनल नहीं कर सका है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 अगले महीने में 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू होने वाला है. फाइनल मैच 19 जुलाई को खेला जाएगा. फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के शुरू होने में अब सिर्फ 32 दिन बाकी हैं, लेकिन अभी तक ये तय नहीं हो सका है कि भारत में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मैचों का लाइव प्रसारण किस प्लेटफार्म पर होगा.



इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि फीफा अब तक भारत में टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्ट राइट्स तय नहीं कर सका है. भारत के अलावा चीन में भी ये संकट है. जिसकी वजह से दुनिया के दो सबसे ज्यादा आबादी वाले देशों के फैंस को अभी तक ये पता ही नहीं चल पा रहा है कि वो फीफा वर्ल्ड कप के मैच देख पाएंगे भी या नहीं।

### रिलायंस-डिज्नी डील से क्यों हटा पीछे?

हाल ही में भारत में रिलायंस-डिज्नी फीफा के भारी ब्रॉडकास्टर्स राइट को लेने से पीछे हट गया. दरअसल फीफा 2026 और 2030, दोनों टूर्नामेंट के पैकेज के लिए 100 मिलियन डॉलर की उम्मीद कर रहा था. हालांकि, रिलायंस-डिज्नी ने कथित तौर पर सिर्फ 20 मिलियन डॉलर के आसपास का ऑफर दिया, जिसे फीफा ने ठुकरा दिया. जिसकी वजह से फीफा को भारत में टूर्नामेंट के लिए अभी तक कोई ब्रॉडकास्टर नहीं मिल सका है।

### पंजाब बनाम दिल्ली मैच के बाद अंकतालिका

# RCB टॉप पर, टॉप-5 बैटर-बॉलर, राहुल अब अभिषेक से आगे



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले लगातार तीन मैच गंवाए थे और ऐसा लग रहा था कि ये टीम वापसी करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दिल्ली ने पंजाब को 3 विकेट से हरा दिया और 2 अंक हासिल करके अंकतालिका में 8वें से 7वें स्थान पर आ गई। वहीं इस मुकाबले के बाद पंजाब किंग्स को कोई नुकसान नहीं हुआ और ये टीम अभी भी अंकतालिका में चौथे स्थान पर बनी हुई है जबकि आरसीबी टॉप पर कायम है। पंजाब और दिल्ली के बीच हुए मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप की रेस में शामिल टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो क्लासेन अभी भी टॉप पर हैं जबकि केएल राहुल अब दूसरे नंबर पर आ गए तो वहीं अभिषेक शर्मा तीसरे नंबर पर आ गए।

चौथे नंबर पर अब शुभमन गिल हैं जबकि साई सुदर्शन 5वें स्थान पर हैं। पर्पल कैप पर फिलहाल भुवनेश्वर कुमार का कब्जा है जिनके नाम पर 11 मैचों में 21 विकेट दर्ज हैं।

### पंजाब बनाम दिल्ली मैच के बाद अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| आरसीबी | 11 | 7 | 4 | 14 | -1.103 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 | -0.737 |
| गुजरात टाइटंस | 11 | 7 | 4 | 14 | -0.228 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 13 | -0.428 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.185 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.082 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 10 | -0.993 |
| केकेआर | 10 | 4 | 5 | 9 | -0.169 |
| मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.585 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.907 |



# जब मैच अधिकारियों से लड़े मुनाफ-नेहरा

## बीच मैच में मैदान पर पहुंच गए थे आमरे, IPL में इन कोचों पर लग चुका है जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रविवार (10 मई) को मुंबई इंडियंस के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कोच एंडी फ्लावर पर जुर्माना लग गया। फ्लावर पर यह कार्रवाई मैच अधिकारियों से बहस के कारण हुई। आईपीएल में कोच पर कार्रवाई का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले आशीष नेहरा और मुनाफ पटेल जैसे दिग्गजों पर भी जुर्माना लग चुका है। इसका कारण टी20 खासकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोच की भूमिका में बदलाव है। पहले क्रिकेट टीमों के कोच ड्रेसिंग रूम की बालकनी, नोट्स बनाते और खिलाड़ियों से बातचीत करने तक सीमित रहते थे।



- **आशीष नेहरा-** आईपीएल 2025 में वानखेड़े में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच मैच था। बारिश के बाद अगर आगे खेल नहीं होता तो मुंबई इंडियंस (MI) जीत सकती थी। कट-ऑफ टाइम करीब आ रहा था और गुजरात टाइटंस चाहती थी कि ग्राउंडस्टाफ जल्दी से मैदान तैयार करे ताकि कम से कम एक और ओवर हो जाए। गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा की ग्राउंडस्टाफ और मैच अधिकारियों से बहस हुई। उनपर मैच फीस का 25% का जुर्माना लगाया गया और डिमेरिट पॉइंट भी मिले। हालांकि, गुजरात टाइटंस जीत गई थी।
- **मुनाफ पटेल-** आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच सुपर ओवर में चला गया था। इस मैच के दौरान मुनाफ पटेल पर मैच फीस का 25% का जुर्माना लगाया गया और डिमेरिट पॉइंट भी मिले। हालांकि आईपीएल ने यह नहीं बताया कि मुनाफ की गलती क्या थी, लेकिन उन्हें एक मैच अधिकारी से बहस करते हुए देखा गया, जब उन्हें मैसेज देने के लिए एक रिजर्व खिलाड़ी को मैदान में भेजने की इजाजत नहीं दी गई।
- **प्रवीण आमरे-** आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच के दौरान अलग ही ड्रामा देखने को मिला। तब दिल्ली कैपिटल्स के तत्कालिन सहायक कोच प्रवीण आमरे को एक मैच के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। वह मैच के दौरान मैदान पर पहुंच गए थे। ऑन-फील्ड अंपायर नितिन मेनन और निखिल पटवर्धन से बात करते हुए देखा गया। दिल्ली कैपिटल्स 222 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। आखिरी ओवर की तीसरी गेंद के बाद का यह मामला है। ओबेद मैककॉय की हाई फुलटॉस गेंद को रोवमैन पॉवेल ने छक्के जड़ा। इसे नोबॉल नहीं दिया गया। दिल्ली कैपिटल्स ने इसका विरोध किया। पॉवेल और नॉन-स्ट्राइकर कुलदीप यादव ने अंपायरों से इसके बारे में पूछा। तब दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने बल्लेबाजों को वापस आने का इशारा कर दिया।

## न्यूज बाइट्स

### जंगल के रास्ते स्कूल जाने को मजबूर छात्राएं

**अंबा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** बिहार सरकार एक ओर "पढ़ेगा बिहार, बढ़ेगा बिहार" और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के दावे कर रही है, वहीं औरंगाबाद जिले के देव और कुटुंबा प्रखंड के सीमावर्ती गांवों में शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत चिंताजनक तस्वीर पेश कर रही है। यहां स्कूली बच्चों, खासकर छात्राओं, के लिए हाई स्कूल तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। मामला देव प्रखंड की बनुआ और बरंडा रामपुर पंचायत का है, जहां कई गांवों के बच्चों को नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरंडा भेजा जाता है। ग्रामीणों के अनुसार यह विद्यालय कई गांवों से करीब छह किलोमीटर दूर स्थित है और वहां तक पहुंचने का रास्ता घने जंगल एवं सुनसान इलाके से होकर गुजरता है। ऐसे में अभिभावकों के मन में हमेशा सुरक्षा को लेकर डर बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि छात्राओं को प्रतिदिन जंगल के रास्ते स्कूल भेजना सुरक्षित नहीं है। रास्ते में जंगली जानवरों का भय और सुनसान वातावरण अभिभावकों की चिंता बढ़ा रहा है। यही कारण है कि कई परिवार अपनी बेटियों की आगे की पढ़ाई को लेकर दुविधा में हैं।

शव रेलवे अंडरब्रिज के नीचे फेंका, 25 किमी दूर जाकर मृतक का मोबाइल फेंका, खुद का फोन जलाया

# छेड़खानी का बदला : एक नाबालिग समेत चार दोस्तों ने मिलकर किया युवक की हत्या

**निज संवाददाता** | नवीनगर (औरंगाबाद)

जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। चाची से कथित छेड़खानी का बदला लेने के लिए एक नाबालिग समेत चार दोस्तों ने मिलकर युवक की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को रेलवे अंडरब्रिज के नीचे खेत में फेंक दिया और सबूत मिटाने के लिए मोबाइल, घड़ी और जूते अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिए। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें दो नाबालिग शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल से करीब 25 किलोमीटर दूर बटाने नदी से मृतक के जले हुए मोबाइल का अवशेष भी बरामद किया है। पीयूष 27 अप्रैल को घर से निकला था। परिजनों के अनुसार वह दोस्त की बहन की शादी में जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिवार ने नबीनगर थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में मामले को हत्या की धाराओं में परिवर्तित किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि गांव के एक किशोर की चाची के साथ






पीयूष ने कथित तौर पर बदसलूकी की थी। 27 अप्रैल को महिला ने इस घटना की जानकारी अपने भतीजे को दी। इसके बाद किशोर और उसके दोस्तों ने मिलकर हत्या की साजिश रची। योजना के तहत 28 अप्रैल को वॉट्सऐप चैट के जरिए पीयूष को नबीनगर स्टेशन के पास नहर पुल पर पार्टी करने के बहाने बुलाया गया। वहां से सभी आरोपी दो बाइक पर सवार होकर दिग्धी पोखराही रेलवे अंडरब्रिज के पास पहुंचे।

### गांजा और शराब के बाद की हत्या

पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर पहले सभी ने गांजा पिया। पीयूष पहले से शराब के नशे में था। नशे की हालत बिगड़ने के बाद चारों आरोपियों ने उसकी पिटाई की और फिर गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को अंडरब्रिज के नीचे खेत में फेंक दिया। इसके बाद सबूत मिटाने के उद्देश्य से मृतक का मोबाइल फोन जलाकर नदी में फेंक दिया गया। उसकी घड़ी और जूते भी अलग-अलग स्थानों पर फेंके गए। जिस नाबालिग ने पीयूष को बुलाया था, उसने अपना मोबाइल फोन तोड़कर जला दिया, ताकि पुलिस को कोई डिजिटल साक्ष्य न मिल सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार चार आरोपियों में दो नाबालिग नबीनगर के रहने वाले हैं, जबकि अन्य दो आरोपी दाउदनगर और पौथू थाना क्षेत्र के निवासी हैं। सभी आरोपी आपस में दोस्त हैं और औरंगाबाद में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करते थे। पुलिस पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### दो मई को मिला था शव

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 2 मई को दिग्धी पोखराही स्थित रेलवे अंडरब्रिज के पास एक खेत से युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में बरामद किया गया था। जींस और जूतों के आधार पर उसकी पहचान विजय सिंह के पुत्र पीयूष कुमार के रूप में हुई थी। स्थानीय थाना पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके का निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए।

# फार्मर रजिस्ट्री, किसान की डिजिटल पहचान अभियान का हुआ शुभारंभ




**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा "फार्मर रजिस्ट्री – किसान की डिजिटल पहचान" विशेष अभियान की शुरुआत की गई। मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अभिलाषा शर्मा ने कहा कि यह प्रचार रथ जिले के विभिन्न पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी निर्माण के प्रति जागरूक करेगा।

राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में 12 मई 2026 से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक किसान की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। प्रशासन का मानना है कि इस पहल से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मिल सकेगा।

जिला प्रशासन के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कृषि उत्पादों की बिक्री, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) एवं कृषि अनुदान योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। साथ ही प्राकृतिक आपदा या फसल क्षति की स्थिति में वास्तविक नुकसान का आकलन एवं मुआवजा प्राप्त करने की प्रक्रिया भी आसान हो सकेगी। प्रशासन ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं भूमि संबंधित दस्तावेज अथवा जमाबंदी आवश्यक होंगे। जिले के सभी सीएससी एवं वसुधा केंद्रों पर यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है। किसान अपने पंचायत के किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक, राजस्व कर्मचारी अथवा निकटतम सीएससी केंद्र से संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए सरकार द्वारा पोर्टल भी उपलब्ध कराया गया है। इस अभियान के दौरान सहायता एवं जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 7542984312 एवं 9939726885 जारी किए गए हैं। कार्यक्रम में अनन्या सिंह, संदीप राज सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों की डिजिटल पहचान की दिशा में बड़ा अभियान

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 30 जून 2026 तक "फार्मर रजिस्ट्री – किसान की डिजिटल पहचान" विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पात्र किसानों का फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी निर्माण कराया जाएगा, ताकि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से मिल सके। अभियान की प्रगति एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की



अध्यक्षता अभिलाषा शर्मा ने की। बैठक में सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय एवं नोडल पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि मिशन मोड में कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित न रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायत सरकार भवनों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, राजस्व कर्मचारी एवं आवास सहायक उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त डोर-टू-डोर अभियान चलाकर उन किसानों का भी पंजीकरण किया जाएगा, जो अब तक रजिस्ट्री प्रक्रिया से नहीं जुड़ सके हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि अनुदान एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक पारदर्शी एवं आसान तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# 19 मई से शुरू होगा "सहयोग शिविर" पंचायत स्तर पर सुनी जाएंगी लोगों की समस्याएं

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" आयोजित करने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसी को लेकर मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अभिलाषा शर्मा ने की, जिसमें आगामी शिविरों की तैयारियों, प्रचार-प्रसार, आवेदन प्राप्ति एवं निष्पादन की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि मुख्य सचिव, बिहार, पटना के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" आयोजित



किया जाएगा, ताकि आम लोगों की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर ही सुना और उनका समाधान किया जा सके। औरंगाबाद जिले में इस पहल की शुरुआत 19 मई 2026 से की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिविर से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पहले से आवेदन प्राप्त करने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आवेदनों का पूर्व परीक्षण कर निष्पादन प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाया जा सके। इसके लिए पंचायत सचिव, विकास मित्र, टोला सेवक, आवास सहायक समेत अन्य क्षेत्रीय कर्मियों को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। साथ ही जीविका दीदियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से घर-घर प्रचार-प्रसार कराने पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिकाधिक लोग शिविर का लाभ उठा सकें। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शिविर के लिए वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि पंचायत सरकार भवन अथवा उसके समीप उपयुक्त सार्वजनिक स्थल पर शिविर आयोजित किए जाएं तथा पंचायतवार निर्धारित रोस्टर का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो। बैठक में स्पष्ट किया गया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाए। विशेष रूप से राजस्व एवं न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए गए हैं। शिविर के दिन लंबित एवं निष्पादित मामलों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी तथा आवेदकों को लिखित जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा टेंपो एवं ई-रिक्शा के माध्यम से माइकिंग कर लोगों को शिविर के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन शिविर से पूर्व पंचायत सरकार भवन में जमा करें, ताकि शिविर के दिन ही उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# सड़क हादसों को लेकर ओबरा विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

- हाईवे पर स्पीड कैमरा, सीसीटीवी और ऑटोमैटिक चालान सिस्टम लगाने की मांग की गई।
- ओवरलोडेड और नियम तोड़ने वाले वाहनों पर विशेष अभियान चलाने की अपील की गई।

**निज संवाददाता** | ओबरा (औरंगाबाद)



प्रकाश चंद्र ने राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और बढ़ती मौतों पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर हाईवे पर तत्काल सख्त एवं तकनीकी सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर आए दिन हो रही भीषण सड़क दुर्घटनाओं से आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। लगातार हो रही मौतों के कारण लोग इस सड़क को अब "मौत की सड़क" कहने लगे हैं। डॉ. प्रकाश चंद्र ने दुर्घटनाओं के पीछे तेज रफ्तार वाहनों, अनियंत्रित ओवरटेकिंग, सड़क किनारे गिरे बालू और गिट्टी के ढेर, ट्रैफिक नियंत्रण की कमी तथा सुरक्षा संकेतकों के अभाव को मुख्य कारण बताया है। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरा होने तक अंतरिम रूप से विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, ताकि हादसों पर नियंत्रण पाया जा सके।

विधायक ने एनएच-139 पर स्पीड कैमरा, सीसीटीवी कैमरा और ऑटोमैटिक चालान प्रणाली लगाने की मांग की है। इसके साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड और ब्लिंकर लाइट लगाने, नियमित ट्रैफिक पेट्रोलिंग कराने तथा ओवरलोडेड एवं नियम तोड़ने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की भी मांग की गई है। उन्होंने सड़क किनारे गिरे बालू, गिट्टी एवं अन्य अवरोधों को तत्काल हटाने तथा संबंधित एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात भी कही है।

विधायक ने कहा कि यह मामला सीधे आम जनता की सुरक्षा और जीवन से जुड़ा हुआ है। इसलिए सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए जल्द प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि सड़क हादसों में हो रही मौतों पर अंकुश लगाया जा सके।

# सड़क हादसा: बाइक की टक्कर से बुजुर्ग समेत दो गंभीर, गयाजी रेफर

**निज संवाददाता** | गोह (औरंगाबाद)

औरंगाबाद जिले के गोह थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक और एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एनएच-120 गयाजी-दाउदनगर मुख्य मार्ग पर बाजार बर्मा गांव के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, हसपुरा थाना क्षेत्र के बघोई गांव निवासी 25 वर्षीय हिमांशु कुमार, पिता ननकू सिंह, पटना से दवा लेकर अपने घर लौट रहा था। बताया जाता है कि सुबह करीब 11 बजे बाजार बर्मा गांव के समीप उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई।

बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क किनारे पैदल चल रहे बाजार बर्मा गांव निवासी जयराम सिंह



को जोरदार टक्कर लग गई। दुर्घटना में बाइक सवार हिमांशु कुमार और बुजुर्ग जयराम सिंह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल गोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए गयाजी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलने के बाद गोह थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। लिखित आवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया इंटरनेशनल नर्स डे

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में मंगलवार को इंटरनेशनल नर्स डे हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और नर्सिंग सेवा से जुड़े कर्मियों के योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा ने जीएनएम एवं एएनएम कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से केक काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने सभी नर्सों को इंटरनेशनल नर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मरीजों की सेवा में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

### नाबालिग के अपहरण एवं दुष्कर्म मामले में आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** पुलिस द्वारा वर्ष 2016 में दर्ज नाबालिग लड़की के अपहरण एवं दुष्कर्म मामले में प्रभावी अनुसंधान और अभियोजन के बाद माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए कठोर सजा सुनाई है। पीड़िता के परिजनों द्वारा नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण एवं दुष्कर्म करने के आरोप में बंदेया थाना कांड संख्या-02/16, दिनांक 22 जनवरी 2016 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान, ह्यूमन इंटेलिजेंस तथा एफएसएल टीम की सहायता से साक्ष्य संकलित किए।

## श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ शुरू, निकली भव्य कलश यात्रा

**निज संवाददाता** | कुटुंबा (औरंगाबाद)

कुटुंबा प्रखंड के ढोंगरा गांव में मंगलवार को नवनिर्मित मंदिर में श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ। आयोजन के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा यज्ञशाला से वैदिक रीति-रिवाज और विधिवत पूजन के बाद शुरू हुई। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। लाल और पीले वस्त्रों में सजे श्रद्धालु सिर पर



कलश लेकर गांव की गलियों और मुख्य मार्गों से गुजरते हुए भक्ति रस में डूबे नजर आए।

यात्रा के दौरान "जय श्री राम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु पैदल चलकर अंबा स्थित बटाने नदी पहुंचे। यहां काशी से पधारे प्रख्यात विद्वान यज्ञाचार्य मथुरा प्रसाद शुक्ला के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और जलभरी की रस्म संपन्न कराई गई।

